CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

लखनऊ, बुधवार 19 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 14 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सबकी भागीदारी से ही प्रभावी जल प्रबंधन: मुर्मू

पेज 2



आईसीसी ने लगाया बाबर आजम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

खेल टाइम्स



कठोर निर्णयों की प्रेरणा और भारत की लौह आवाज इंदिरा गांधी

सम्पादकीय



सऊदी में ही दफनाए जाएंगे 45 भारतीयों के शव

पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली की तीन अदालतों व दो स्कूलों को बम की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की 3 जिला अदालतों और 2 स्कूलों को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। साकेत कोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट और द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने सभी अदालतों को खाली करवा लिया गया और जांच शुरू की गई। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि धमकी भरा मेल जैश-ए-मोहम्मद नाम की मेल आईडी से भेजा गया था। इसके बाद तीनों कोर्ट कैंपस में बम स्कवाड जांच कर रहा है। इससे पहले सीआरपीएफ के दो स्कूलों को भी सुबह बम की धमकी मिली। एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को फोन करके दावा किया कि कैंपस में विस्फोटक रखे गए हैं। सुबह करीब 9 बजे प्रशांत विहार और द्वारका के स्कूलों को कॉल मिलने के बाद, टीमें दोनों जगहों पर पहुंच गईं और एहतियात के तौर पर स्कूल खाली करा लिया।

### रैली में चुनाव आयोग के राजनीतिकरण का करेंगे पर्दाफाश : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मतदाता सूची एसआईआर को चुनाव आयोग की बदनियत करार देते हुए कहा है कि उसकी इस प्रक्रिया को लेकर पूरे देश में रोष है और पार्टी इसके विरोध में दिसम्बर के पहले सप्ताह में यहां विशाल रैली करेगी, जिसमें चुनाव आयोग के राजनीतिकरण करने का पर्दाफाश किया जाएगा। कांग्रेस आलाकमान के साथ एसआईआर प्रक्रिया से गुजर रहे 12 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश के नेताओं की मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित पार्टी के कई बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया।

### दुनियाभर में चैटजीपीटी और एक्स डाउन

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और एआई चैटबॉट चैटजीपीटी की सर्विसेज देशभर में डाउन हैं। ये सर्विसेज मंगलवार करीब 5:15 बजे से डाउन हुई हैं। भारत समेत दुनियाभर में यूजर्स को लॉगिन, साइनअप, पोस्ट करने और देखने के अलावा प्रीमियम सर्विसेज सहित प्रमुख सुविधाओं का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

### दिल्ली धमाके से पहले वीडियो में शहीद होने की वकालत कर रहा था उमर

# सुसाइड बॉम्बिंग शहीद होने का मिशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किला के पास 10 नवम्बर को आत्मघाती हमला करने वाले आतंकी डा. उमर का नया वीडियो सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह वीडियो आतंकी ने ब्लास्ट से पहले बनाया था। इसमें वह आत्मघाती हमले को लेकर बात रख रहा है। इससे माना जा रहा है कि वह फिदायीन हमला पहले से प्लान कर रहा था।

वीडियो में उमर टूटी-फूटी अंग्रेजी में बात कर रहा है। उसने कहा कि एक बात जो नहीं समझी गई कि यह शहीद होने के लिए ऑपरेशन (मार्टरडम ऑपरेशन) है, न कि सुसाइड हमला। इसको लेकर कई विरोधाभास हैं। दरअसल मार्टरडम ऑपरेशन के लिए माना जाता है कि कोई व्यक्ति निश्चित रूप से किसी जगह पर निश्चित समय पर जान देता है। दरअसल, डा. उमर ने ही दिल्ली के लालकिले के पास 10 नवम्बर को हुंडई आई-20 कार से आत्मघाती धमाका किया था। इस धमाके से 13 लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल हुए थे। मामले में अब तक 8 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, इसमें से 6 डाक्टर हैं। जांच एजेंसियां इस मॉड्यूल के बाकी सदस्यों और तकनीकी सपोर्ट नेटवर्क की पहचान में जुटी है। इधर, हमले की जांच में सोमवार रात बड़ा खुलासा हुआ -शेष पृष्ठ दो पर



**वीडियो में बोला था आतंकी डा. उमर, दिल्ली धमाके से पहले बनाया वीडियो, श्रीनगर से गिरफ्तार जसीर को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा**

**आतंकी ड्रोन और रॉकेट से हमला करना चाहते थे, ब्लास्ट वाली कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड, अब तक 8 लोग गिरफ्तार, इनमें पांच डाक्टर**

### ईडी ने अल-फलाह विश्वविद्यालय के कई शहरों में मारे छापे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विस्फोट मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय और दिल्ली के ओखला स्थित कार्यालय समेत 25 से अधिक परिसरों पर छापे मारे हैं। यह छापेमारी दिल्ली में लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण की विस्तारित जांच का एक हिस्सा है। इस विस्फोट में 13 लोगों की जानें गई थीं।

ईडी टीमों ने मंगलवार सुबह 5:15 बजे शुरू हुए एक समन्वित अभियान में अल-फलाह विश्वविद्यालय के ओखला कार्यालय सहित दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जांच का उद्देश्य उस वित्तीय नेटवर्क का पता लगाना है, जिसने विस्फोट करने वालों की मदद की थी। यह मामला तब शुरू हुआ, जब अल-फलाह विश्वविद्यालय से जुड़े एक डा. डा. उमर नबी की पहचान उस आई-20 कार के चालक के रूप में हुई, जिसमें विस्फोट हुआ था। विश्वविद्यालय ने हालांकि शुरुआत में डा. नबी से खुद को अलग रखा, लेकिन बाद में दिल्ली अपराध शाखा -शेष पृष्ठ दो पर

- **एजेंसी ने आतंकवाद के वित्तपोषण की जांच की**

# अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत लाया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। अनमोल पर एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी और पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर का आरोप है। अनमोल का नाम एक्टर सलमान खान के घर पर फायरिंग केस में भी सामने आया था। 12 अक्टूबर 2024 को रात साढ़े 9 बजे मुंबई के बांद्रा के खेर वाड़ी सिग्नल पर महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी।

मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। इस मामले में उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हरीश कुमार, कैथल (हरियाणा) के गुरमैल बलजीत सिंह, बहराइच (उत्तर प्रदेश) के धर्मराज कश्यप और पुणे (महाराष्ट्र) के रहने वाले प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ में जालंधर के रहने वाले जीशान अख्तर का नाम सामने आया था। जब शूटर्स ने सिद्दीकी को गोलियां मारी तो वह मौके पर मौजूद था। जीशान का प्लान था कि अगर बाबा सिद्दीकी शूटर्स की गोलियों से बच गया, तो वह उसे गोलियां मारेगा। उस दौरान वह लॉरेंस के भाई अनमोल से फोन पर टच में था। सिद्दीकी के मरने के बाद उसने अनमोल को मौके के फोटो और वीडियो भेजे और कन्फर्म किया कि सिद्दीकी मर गया है। इसके बाद वह फरार हो गया था। हाल ही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा था।

- **लॉरेंस का भाई बाबा सिद्दीकी व मूसेवाला मर्डर में वांटेड**
- **सलमान के घर फायरिंग का आरोप**

# सुप्रीम कोर्ट ने अपना छह महीने पुराना जजमेंट पलटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपना 6 महीने पहले दिया जजमेंट 2:1 के बहुमत से पलट दिया। अब से केंद्र सरकार उन सभी प्रोजेक्ट्स को क्लियरेंस दे सकेगी, जिन्होंने पहले ग्रीन नार्म्स (पर्यावरण से जुड़े नियम) का पालन नहीं किया था।

दरअसल, 16 मई 2025 को जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा था कि कोई भी माइनिंग और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट बिना एनवायरन्मेंटल क्लियरेंस (ईसी) लिए शुरू नहीं हो सकता। कोर्ट ने पाया था कि कई माइनिंग और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पहले ही शुरू कर दिए गए थे, लेकिन एनवायरन्मेंटल क्लियरेंस बाद में लिया गया था। इसलिए पहले के फैसले में केंद्र सरकार को पोस्ट-फैक्टो (काम शुरू होने के बाद) मिलने वाली पर्यावरण मंजूरी देने से रोक दिया गया था। ये क्लियरेंस मिनिस्ट्री ऑफ एनवायर्नमेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज या स्टेट एनवायर्नमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी से मिलता है। यह प्रोजेक्ट के साइज और प्रभाव पर निर्भर करता है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि पहले के दो बड़े फैसलों में बताया गया था कि खास मामलों में पोस्ट-फैक्टो (ईसी) दी जा सकती है। एलेम्बिक फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (2020) केस में कोर्ट ने कहा था कि सामान्य तौर पर ऐसी मंजूरी नहीं मिलनी चाहिए, लेकिन फिर भी कंपनियों को जुर्माना लगाकर मंजूरी वैध कर दी गई थी। डी. स्वामी बनाम कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मामले में, यह माना गया था कि भी कोर्ट ने माना था कि कुछ मामलों में मंजूरी दी जा सकती है। वनशक्ति वाला फैसला इन दोनों पुराने फैसलों को देखे बिना सुना दिया गया, जबकि इन्हें ध्यान में रखना जरूरी था। 2021 और 2024 के सरकारी नियमों में ये साफ लिखा है कि पोस्ट एंड फैक्टो ईसी सिर्फ उन्हीं कामों को दी जा सकती है, जो पहले से कानूनन अनुमति वाले हों और वह भी जुर्माना भरने के बाद।

**कहा था: पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन करने वाले प्रोजेक्ट्स पहले मंजूरी लेंगे, अब जरूरी नहीं माना**



### केंद्र, ईडी, CBI व अनिल अंबानी से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, ईडी, सीबीआई और अनिल अंबानी से एक जनहित याचिका पर जवाब मांगा है। इस याचिका में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और इस समूह की अन्य संस्थाओं की ओर से कथित तौर पर बैंकों के ऋण के दुरुपयोग और बड़े पैमाने पर हुई बैंक धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। केन्द्र सरकार के पूर्व सचिव ईएएस सरमा की ओर से दायर इस याचिका में भारत के 'सबसे बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी' में से एक में धन के व्यवस्थित दुरुपयोग, खातों में हेराफेरी और संस्थागत मिलीभगत का आरोप लगाया गया है।

# आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाए दुनिया: भारत

## एससीओ के मंच पर विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक

**मास्को।** भारत ने मंगलवार को कहा कि दुनिया को आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) दिखानी चाहिए। इसके अलावा, भारत ने यह भी कहा कि इसको उचित नहीं ठहाराया जा सकता और इसे छिपाया नहीं जा सकता। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है और हम यह करते रहेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत का मानना है कि एससीओ को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होना चाहिए। एक विस्तृत एजेंडा तैयार किया जाना चाहिए और कार्यप्रणाली में सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन उद्देश्यों के लिए सकारात्मक और पूरा योगदान देंगे। एससीओ का गठन 2001 में शंघाई में किया गया था। इसकी स्थापना एक शिखर सम्मेलन के दौरान रूस, चीन, किर्गिजस्तान, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों ने की थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थायी सदस्य बने। जुलाई 2023 में भारत की मेजबानी में आयोजित इस समूह के एक ऑनलाइन सम्मेलन में ईरान इसका स्थायी सदस्य बना। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ को आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए बनाया गया था। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा, यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाए। इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता।



- **इसको उचित नहीं ठहराया जा सकता और इसे छिपाया नहीं जा सकता**



## संक्षिप्त समाचार

### सोनभद्र खनन हादसा रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म सात शव बरामद

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में ओबरा थाना क्षेत्र के बील्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में पहाड़ी धंसने से मलबे में दबे सात मजदूरों के शव बरामद करने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी बी एन सिंह ने मंगलवार को बताया की खनन हादसे के बाद चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में कुल सात मजदूरों के शव बरामद किए गए है। मृतकों में राजू सिंह गोड़ (28), रविन्द्र गोड़ (25), इन्द्रजीत यादव (34), संतोष यादव (32) रामखेलावन खरवार (35) गुलाब खरवार (32) तथा कृपा शंकर (30) के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए है। जिलाधिकारी ने बताया की खनन हादसे की सुचना मिलते ही आसपास की कंपनियों व एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। शनिवार की रात से मंगलवार के दोपहर तक शवों को खोजने का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया था।

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में अब एसआईटी करेगी जांच

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वारणसी पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दिया है, जो सात दिन में रिपोर्ट सौंपेगा। पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए अपर पुलिस उपायुक्त सरवणन टी.के नेतृत्व में टीम काम करेगी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कोतवाली और थाना प्रभारी कोतवाली मुख्य विवेचक होंगे। पुलिस आयुक्त अग्रवाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

# सबकी भागीदारी से ही प्रभावी जल प्रबंधन संभव: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संचयन के बेहतर प्रबंधन पर बल देते हुए कहा है कि जलवायु परिवर्तन से जल चक्र प्रभावित हो रहा है, जो पूरी मानवजाति के लिए घातक है, इसलिए सभी को मिलकर इसमें सुधार के लिए अपना योगदान देना होगा।

श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां विज्ञानभवन में आयोजित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2024 के वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे यहां जल का 80 फीसदी इस्तेमाल कृषि क्षेत्र के लिए होता है इसलिए जल के सक्षम उपयोग पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए भूजल की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन उससे ज्यादा भूजल संचयन के लिए सबकी भागीदारी और इस दिशा में नए कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने जल संरक्षण को जरूरी बताया और कहा कि केंद्र और राज्य



छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार वितरण समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

सरकार के साथ ही जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत तथा नगर निकाय के स्तर पर इस दिशा में प्राथमिकता के साथ काम करने की आवश्यकता है। उनका कहना था कि अनेक शिक्षण संस्थान, लोगों ने मिलकर और तथा गैर सरकारी संस्थानों ने इस दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। किसानों को जल संचयन और इसके संरक्षण के लिए कम से कम पानी का उपयोग कर अधिक से अधिक उत्पादन के नए नए तरीके अपनाने होंगे। उनका कहना था कि जल संरक्षण में व्यक्ति, परिवार, समाज तथा सरकार सबको मिलकर अपनी भागीदारी निभानी और सक्षम जल प्रबंधन को संभव बनाना है। राष्ट्रपति ने कहा कि जल का कुशल उपयोग एक वैश्विक अनिवार्यता है। हमारे देश के लिए जल का कुशल उपयोग और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि जनसंख्या की तुलना में हमारे जल संसाधन सीमित हैं। प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने रेखांकित किया कि जलवायु परिवर्तन जल चक्र को प्रभावित कर रहा है और ऐसे में सरकार और जनता को मिलकर पानी की उपलब्धता और जल सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

### औद्योगिक इकाइयों ने शून्य द्रव निर्वहन का लक्ष्य हासिल किया

राष्ट्रपति का कहना था कि जल उपचार और पुनर्चक्रण के साथ-साथ, कई औद्योगिक इकाइयों ने शून्य द्रव निर्वहन का लक्ष्य हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि मिलकर के सभी के ऐसे प्रयास जल प्रबंधन एवं संरक्षण के लिए उपयोगी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पानी का उपयोग करते समय सभी को यह याद रखना चाहिए कि हम बहुत मूल्यवान संपत्ति का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि आदिवासी समुदाय पानी सहित सभी प्राकृतिक संसाधनों का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने जोर दिया कि जल संसाधनों का सबसे कुशल उपयोग हमारे सभी नागरिकों की जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। सभी को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से जल संरक्षण के प्रति निरन्तर सजग रहने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश की जन चेतना में जल जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है।

# यूपी के 2.15 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में आएगी सम्मान निधि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दो करोड़ 15 लाख से अधिक किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि आएगी। शासन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक उत्तर प्रदेश के दो करोड़ 15 लाख 323 किसान लाभान्वित होंगे।

खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4314-26 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। बुधवार को मोदी कोयम्बटूर से किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त भेजेंगे। किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की अब तक (20वीं किस्त) 90,354.32 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी जा चुकी



पीएम मोदी कोयम्बटूर से डीबीटी के जरिये भेजेंगे

है। पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2,15,323 किसान लाभान्वित होंगे। धनराशि डीबीटी से सीधे खाते में भेजी जाती है। पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है।

# सरकार व बीजेपी के मंत्री और सांसद हर महीने करेंगे बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल रहे , इसको लेकर बीज. पी ने बड़े कदम उठाए हैं। अब सभी जिले के प्रभारी मंत्री को हर महीने जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक करनी होगी। मीटिंग को मंत्री दरकिनरार नहीं कर सकते ।

बीजेपी की तरफ से इसे अनिवार्य कर दिया गया है। इस मीटिंग में सांसद, विधायक, एमएलसी, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला/महानगर अध्यक्ष के साथ-साथ डीएम, एसएसपी/पुलिस कमिश्नर भी शामिल होंगे। बैठक के पहले प्रभारी मंत्री को संगठन की कोर कमेटी के साथ अलग से बैठना होगा। कोर कमेटी में सभी महत्वपूर्ण कार्यकर्ता, जन प्रति. निधि और सहयोगी दलों के नेता मौजूद रहेंगे। इसके अलावा आरएसएस के दो प्रमुख

यूपी को लेकर बीजेपी ने लिया बड़ा फैसला

प्रचारकों और समाजिक क्षेत्र के दो प्रमुख प्रचारक और उसी क्षेत्र से दो वरिष्ठ सदस्यों से भी मंत्री को अलग से मिलकर फीडबैक लेना जरूरी होगा। ये मीटिंग प्रशासनिक बैठक स्थल से दूर होगा ताकि मुद्दों पर खुलकर बात हो सके। इस बैठक में जमीनी स्तर की समस्याओं का तुरंत समाधान करना, विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उसके गति को तेज करने पर काम करना, सहयोगी दलों को पूरा सम्मान देना और संगठन की नाराजगी को समय रहते दूर करना मुख्य उद्देश्य होगा। जानकारी के मुता. बिक सीएम ऑफिस और प्रदेश भाजपा मुख्यालय से सभी मंत्रियों को हफ्ते में तीन दिन विभागीय काम, बाकी दिन दौरा और संगठन का और राजनैतिक काम करने के साफ निर्देश दे दिए गए हैं।

## सीएम योगी ने किया आधुनिक फॉरेंसिक लैब का लोकार्पण

# अब अपराधी पुलिस से नहीं बच पाएगा

गोरखपुर, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के बाद का नया उत्तर प्रदेश अपराध को कतई स्वीकार नहीं करता है और यदि किसी ने यहां अपराध करने की जुर्रत की तो उसे हर हाल में उसकी कीमत भी चुकानी होगी।

योगी ने मंगलवार को बी से ए क्लास में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला आरएफएसएल गोरखपुर के नवीन उच्चीकृत भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करने के बाद कहा कि वह दौर खत्म हो गया, जब पीड़ित तड़पता, भटकता था और अपराधी मौज-मस्ती करते थे और अब प्रदेश सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत साक्ष्य संकलन और फॉरेंसिक साइंस लैब्स (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) के जरिए इसके



अब गोरखपुर में ही हो सकेगी डीएनए जांच

प्रमाणन की ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है कि कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित जांच और आधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब्स के जरिए ऐसी निर्भ्रांत व्यवस्था विकसित हुई है कि अपराधी अब बच नहीं सकते। सटीक, त्वरित और पारदर्शी जांच के कारण पीड़ित को सहज, सुगम और समयबद्ध न्याय उपलब्ध हो रहा है। आरएफएसएल गोरखपुर के नवीन उच्चीकृत भवन छह मंजिला हाईटेक नवीन भवन के निर्माण पर 72.78 करोड़ रुपये की लागत आई है। उन्होंने फॉरेंसिक जांच की अत्याधुनिक सौगात के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सिर्फ चार फॉरेंसिक साइंस लैब थे। सरकार बनने के बाद उन्होंने यह तय किया कि हर कमिश्नरी में एक फॉरेंसिक साइंस लैब होनी चाहिए। इससे आठ वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

### पुलिस से जुड़े मामलों में करें सख्त कार्रवाई: सीएम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर में अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। योगी ने मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

### योगी ने भरा एसआईआर प्रक्रिया का फॉर्म

**लखनऊ/गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का फार्म भरा। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलाई जा रही है। श्री योगी को आज सुबह बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया का फॉर्म उपलब्ध कराया। योगी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं सत्यापित मतदाता। आज विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत गोरखपुर में अपना गणना प्रपत्र स्वयं भरकर उपलब्ध कराया। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि आप सभी एसआईआर फॉर्म अवश्य भरें। आपका यह छोटा सा प्रयास भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में झूलेलाल मंदिर के पास स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र के बूथ संख्या 223 के मतदाता हैं।



सेंसेक्स 84673.02
निफ्टी 25910.05



सोना रु. 123810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 162000
प्रति किलो




# शेयर बाजारों में गिरावट, निफ्टी 0.40 प्रतिशत टूटा

मुंबई, वार्ता

एशियाई शेयर बाजारों में तेज गिरावट के बीच मंगलवार को स्थानीय बाजार में सटोरिया बिकवाली का दबाव बढ़ गया, जिससे प्रमुख सूचक. ांकों में बीएसई30 सेंसेक्स और निफ्टी-50 में क्रमश: 0.33 प्रतिशत और 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

खास कर आईटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली का दबाव बढ़ने से सेंसेक्स 277.93 अंक गिरकर 84,673.02 और निफ्टी-50 भी 103.40 अंक गिर कर 25,910.05 पर बंद हुआ। स्माल कैप तथा मिड कैप शेयरों में बिकवाली का जोर कुछ और बढ़ा हुआ था। स्थानीय बाजार सुबह तेजी के साथ खुले थे, लेकिन एशियारी बाजारों में तेज गिरावट की रिपोर्टों को देखते हुए सटोरियों ने बिकवाली का दबाव बनाना शुरू कर दिया, जो बाजार बंद होने तक



बना रहा। सेंसेक्स कल के बंद के स्तर 84,950.95 से ऊपर 85,042.37 पर खुला और दिन में ऊपर में 85,042.41 तथा नीचे में 84,558.36 तक गया था। इसी तरह निफ्टी-50 भी तेजी के साथ 26,021.80 पर खुल कर कुछ समय के लिए ऊपर में 26,029.85 तक चला गया था। दिन में यह टूट कर एक समय 25,876.50 तक चला गया था। सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयर हानि में बंद हुए। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 2.23 प्रतिशत की गिरावट रही। इन्फोसिस 1.46 प्रतिशत, बजाार फाइनेंस 1.6 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.25 प्रतिशत घट कर बंद हुए। टीसीएस, एचसीएल टेक, एल एंड टी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान लीवर जैसे शेयरों में भी घाटा हुआ। लाभ में रहे शेयरों में भारतीय एयरटेल 1.78 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.27 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 0.54 प्रतिशत का लाभ हुआ। टाइटन, पावर ग्रिड, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी लाभ में बंद हुए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निफ्टी बैंक में 0.11 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.36 प्रतिशत, एफएमसीजी में 0.56 प्रतिशत, निफ्टी आटो में 0.38 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। व्यापक आधार वाला निफ्टी 100 0.45 प्रतिशत नीचे आ गया, जबकि निफ्टी मिड कैप और स्माल कैप में क्रमश: 0. 59 प्रतिशत और 1.05 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में खास कर प्रौद्योगिकी शेयरों में बिकवाली के दबाव में जापान का निक्की तीन प्रतिशत टूट गया।

# सोना-चांदी की कीमतों में आई बंपर गिरावट!

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। त्योहारों के बाद अक्सर कीमतों में उतार-चढ़ाव दिखता है, लेकिन इस बार गिरावट इतनी भारी रही कि निवेशक और खरीदार दोनों हैरान रह गए। गोल्ड की तीनों कैटेगरी 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट में तेज गिरावट दर्ज की गई, जबकि चांदी भी एक ही दिन में 5000 रुपये तक नीचे आ गई।

आज 24 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने का भाव 1,23,810 रुपये रहा, जबकि कल इसकी कीमत 1,25,550 रुपये थी। 24 कैरेट गोल्ड की कीमतों में इतनी बड़ी गिरावट पिछले कई हफ्तों में पहली बार देखी गई है। चांदी के दामों में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। आज की कीमत 1,62,000 रुपये प्रति 1 किलो रही, जबकि कल की कीमत 1,67,000 रुपये थी। इस प्रकार चांदी में 5000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। चांदी की कीमतों में आई यह गिरावट निवेशकों के लिए बड़ा संकेत है कि बाजार में कमजोरी बढ़ रही है। एक्सपर्ट्स की मानें तो वैश्विक मार्केट में कमजोरी, डॉलर की मजबूती और ब्याज दरों से जुड़े संकेतों के कारण कीमती धातुओं के दाम दबाव में हैं। आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव संभव है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं।

# चावल, गेहूं मजबूत, दाल और तेलों में रहा मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजार में मंगलवार को सामान्य कारोबार के बीच गेहूं और चावल में हल्की तेजी दिखी। दाल दलहनों और खाद्य तेलों में मिला-जुला रुख रहा। गेहूं-चावल में 15 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी दिखी, जबकि गेहूं और आटा (गेहूं) दो-एक रुपये की तेजी में थे।दालों में चना और तूअर में क्रमश: पांच रुपये और 26 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही, जबकि उड़द और मूंग के भाव नौ रुपये से लेकर 14 रुपये तक चढ़े हुए थे।

चीन द्वारा अमेरिका से सोयाबीन की खरीद शुरू होने के समाचारों के बीच वैश्विक बाजारों में सोयाबीन तेल और पाम आयल की कीमतें तेजी पर हैं। इसके बावजूद स्थानीय बाजार में वनस्पति, सोया और पॉम तेल में आज नरमी दिखी। इसके विपरीत मूंगफली और सरसों तेल में 22 रुपये तथा 35



रुपये चढ़े हुए थे। चीनी और गुड़ थोड़े घट.बढ़ के साथ करीब.करीब कल के स्तर पर थे।

वैश्विक बाजारों में पॉम आयल और सोयाबीन में तेजी बनी हुई थी। मलेशिया में पॉम आयाल के निकटतम वायदा भाव 58 रिंगिट यानी 1.40 प्रतिशत की तेजी के 4209 रिंगिट प्रति टन और अमेरिकी जिस बाजार में सोया तेल दिसंबर वायदा 0. 70 डालर यानी 1.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 51.85 डालर के भाव पर चल रहा था।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...


**सुसाइड बॉम्बिंग....** है। एनआईए ने बताया कि व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल पहले हमास की तरह ड्रोन और रॉकेट से हमला करना चाहता था। यह प्लानिंग हमास द्वारा 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर किए गए हमले की तर्ज पर बनाई गई थी। एनआईए को यह जानकारी आत्मघाती हमलावर डा. उमर-उन-नबी के एक और साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश की गिरफ्तारी के बाद मिली। दानिश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काजीगुंड का रहने वाला है। एनआईए ने उसे चार दिन पहले श्रीनगर से हिरासत में लिया था और औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया। एजेंसी ने बताया कि दानिश भीड़भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना पर काम कर रहा था, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाया जा सके। आतंकी डा. उमर का श्रीनगर से गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा गया। जम्मू-कश्मीर के पंपोर का रहने वाला आमिर राशिद अली वही शख्स है, जो डा. आतंकी उमर से आखिरी बार संपर्क में था। धमाके में इस्तेमाल कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड थी और वह इसे खरीदने के लिए दिल्ली आया था। आमिर को 16 नवम्बर को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली ब्लास्ट मामले में पुलिस ने आतंकी डा. उमर के दो भाईयों, मां और पिता को भी हिरासत में लिया था। उनसे पूछताछ जारी है। उमर के भाई जहूर ने पूछताछ में माना कि उसी ने उमर का फोन पानी में फेंका था, ऐसा उमर के कहने पर ही किया था। जहूर इलाही के मुताबिक 26 से 29 अक्टूबर तक उमर कश्मीर में ही था। उसने जहूर को अपना मोबाइल थमाते हुए कहा था कि अगर मेरे बारे में कोई भी खबर आए, तो इस मोबाइल को नष्ट करके पानी में फेंक देना। श्रीनगर एसपी जीवी संदीप चक्रवर्ती ने बताया कि जहूर ने उस जगह की भी जानकारी दी, जहां मोबाइल फेंका गया था। इसके बाद मोबाइल को निकाला गया, उसे बुरी तरह से तोड़ा गया था। बाद में एक्सपर्ट्स ने मोबाइल से डेटा रिकवर किया।

**ईडी ने...** और हरियाणा पुलिस की जांच में संस्थान के भीतर बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। इसके बाद ईडी ने हस्तक्षेप किया और धन शोधन की जांच शुरू की। इस छापेमारी ने वित्तीय धोखाधड़ी के एक जटिल जाल का पर्दाफाश किया है। अधिका. रियों ने पुष्टि की है कि अल फलाह समूह से जुड़ी कम से कम नौ फर्जी कंपनियां एक ही पते पर पंजीकृत हैं और सभी जांच के घेरे में हैं। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अल फलाह ट्रस्ट और उससे जुड़ी संस्थाओं की भूमिका पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हम वित्त और प्रशासन की देखरेख करने वाले प्रमुख अधिकारियों की जांच कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने संस्थान के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से मान्यता प्राप्त होने के दावों में पहली नजर में विसंगतियां पाई हैं। इन पहलुओं की अब संबंधित नियामक प्राधिकरणों से पुष्टि की जा रही है। पुलिस प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई ईडी की जांच अब आतंकवाद से जुड़ी जांच से बढ़कर एक जटिल वित्तीय धोखाधड़ी और धनशोधन के मामले में बदल गई है, जिससे संस्थान के वित्तीय अपराधों और विस्फोट के आरोपियों की गतिविधियों के बीच गहरी सांठगांठ का संकेत मिलता है।

# महादेवा महोत्सव 2025 का आयोजन 17 नवम्बर से: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सात दिवसीय महादेवा महोत्सव 2025 का आयोजन 17 नवम्बर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाराबंकी जनपद के सूरतगंज ब्लॉक स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेव में 17 से 23 नवम्बर 2025 तक सात दिवसीय महादेवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

आस्था, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विविधता का यह महोत्सव वर्षों से प्रदेश और देशभर के श्रद्धालुओं का केंद्र रहा है। इस वर्ष भी 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना व्यक्त की गई है। आगंतुकों में स्थानीय भक्तों के साथ-साथ बहराइच, गोंडा,



लखनऊ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या विशेष रूप से अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि महोत्सव के कारण बाराबंकी जिला धार्मिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

महोत्सव से स्थानीय व्यापार, होटल और होम-स्टे, परिवहन, भोजनालय, हस्तशिल्प तथा बाजारों को उल्लेखनीय आर्थिक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सुदृढ़ सड़क नेटवर्क, बेहतर कनेक्टिविटी और सुरक्षित वातावरण ने ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित किया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने हेतु बाराबंकी जिले में 32 होमस्टे संचालित हैं, जिनमें से नौ होमस्टे लोधेश्वर मंदिर के आसपास कार्यरत हैं। ये आगंत. ुकों को स्थानीय संस्कृति, ग्रामीण जीवनशैली, पारंपरिक भोजन और आतिथ्य का अनुभव प्रदान करते हैं। मंदिर क्षेत्र में स्थित 'लोधेश्वर फार्म स्टे' पर मधुमक्खी पालन, प्रोसेसिग और पैकेजिग को देखने का भी अवसर मिलता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि महोत्सव में प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, बस पलटने से तीन की मौत, 25 घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ/कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में मंगलवार सुबह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें दिल्ली से बिहार के सिवान जा रही यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

इस दर्दनाक घटना को लेकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट की और सभी घायलों एवं उनके परिजनों को हर संभव मदद हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। घटना कानपुर जिले के बिल्हौर क्षेत्र के अरौल थाना इलाके में एक्सप्रेसवे के मोड़ के पास तड़के लगभग चार बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दृश्यता कम थी। आशंका जताई जा रही है कि मोड़ पर बस चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिसके चलते बस सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि बस के आगे और किनारे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी यात्रियों को बाहर निकालने के साथ ही घायलों को अस्पताल से भेजवाया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) दिनेश त्रिपाठी हैलट अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने घायलों से मुलाकात की और चिकित्सकों से उपचार की विस्तृत जानकारी ली। डीसीपी ने



अधिकारियों को सभी घायलों को तत्काल और सर्वोत्तम चिकित्सा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। घटना पर उपमुख्यमंत्री पाठक ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने आने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि छह घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी बिल्हौर से डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि चार यात्री वहीं भर्ती हैं। करीब 15 गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। तीन मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और उनकी शिनाख्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगरा एक्सप्रेसवे पर बस पलटने से तीन यात्रियों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना अत्यंत दुखद है। ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति और सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। उपमुख्यमंत्री ने सभी घायलों और उनके परिजनों को हर संभव मदद देने के निर्देश भी दिए हैं।

# हार्ट अटैक इंजेक्शन पर यूपी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय: हरेंद्र देव सिंह

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डा. हरेंद्र देव सिंह ने मंगलवार को कहा कि हृदय रोगियों की बढ़ती चुनौतियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए हार्ट अटैक के समय जीवन बचाने वाले महंगे इंजेक्शन को प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

डा. सिंह ने कहा कि यह वही इंजेक्शन है जिसकी कीमत बाजार में 40 से 50 हजार रुपये तक पहुंचती है और गरीब-मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए इस इंजेक्शन को खरीद पाना बड़ा मुश्किल होता था। उन्होंने प्रदेश सरकार के इस निर्णय को ऐतिहासिक कदम बताया है। वरिष्ठ कार्य कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि अक्टूबर में उठी थी गूंज प्सरकार कीमत कम कर दे, हजारों जानें बच सकती हैं। इस निर्णय के पीछे एक महत्वपूर्ण भूमिका जनपद के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डा. हरेंद्र देव सिंह की रही, जिन्होंने अक्टूबर में खुले मंच से मांग उठाई थी कि यदि सरकार हार्ट अटैक में लगने वाले इंजेक्शन की कीमत कम करवा दे या इसे फ्री कर दे, तो सिर्फ इस जादू में ही हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय लोगों और आम नागरिकों दोनों ने उनकी बात को गंभीरता से लिया। सोशल मीडिया पर यह मुद्दा तेजी से चर्चा में आया, और यही आवाज आगे जाकर राज्य शासन तक पहुंची। डा. सिंह ने कहा कि चिकित्सीय रिपोर्टों, अस्पतालों की मांग और जनभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी ने नवम्बर में विस्तृत समीक्षा बैठक के बाद इस इंजेक्शन को प्रदेश में मुफ्त उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यह कदम मुख्यमंत्री ने प्जीवन रक्षा सर्वोपरिप सिद्धांत के अंतर्गत लिया गया है। यह इंजेक्शन अब से सभी मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, और चयनित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तत्काल आवश्यकता पर मरीजों को बिना किसी शुल्क के दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सर्दियों के महीनों में हार्ट अटैक के मामलों में 20-30 प्रतिशत तक वृद्धि देखने को मिलती है। कई बार मरीज इस इंजेक्शन की महंगी कीमत के कारण इलाज से वंचित रह जाते थे। ऐसे में यह फैसला केवल 'किसी इंजेक्शन को फ्री करने' का मामला नहीं, बल्कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाला कदम, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक राहत, समय पर इलाज के कारण हजारों जीवन सुरक्षित के रूप में देखा जा रहा है।

# मोदी की प्रेरणा से नन्हे कवियों को मिलेगा बड़ा मंच

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी नगर निगम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से "काशी सांसद बाल कवि सम्मेलन-2025" का भव्य आयोजन करने जा रहा है। निगम गौरवशाली इतिहास, साहित्य और संस्कृति के लिए विश्वविख्यात काशी अब नन्हे साहित्यकारों को भी बड़ा मंच देने जा रहा है।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों की काव्य प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। यह आयोजन दो आयु वर्गों में होगा। ग्रुप-1 : कक्षा छह से आठ तक ग्रुप-2 : कक्षा नौ से 12 तक के बच्चे शामिल होंगे। तीन चरणों में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर 26 से 28 नवम्बर 2025, ब्लॉक एवं जोनल स्तर पर एक से तीन दिसम्बर 2025 जिला स्तरीय ग्रैंड फिनाले पांच और छह दिसम्बर को होगा। ग्रैंड फिनाले में प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये नकद होगा। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता की विशेष थीम हैं, अविनाशी काशी, संवर्ती काशी, देशभक्ति, मां गंगा और महादेव। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने सभी विद्यालयों, अभिभावकों और साहित्य प्रेमियों से अपील की है कि नगर निगम द्वारा पहली बार आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक बच्चों का पंजीकरण कराएं। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कहा कि इस आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरेगी।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के 105वें स्थापना दिवस पर नौ विशिष्ट पूर्व छात्रों का होगा सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ विश्वविद्यालय आगामी 25 नवम्बर को अपना 105वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर विश्वविद्यालय उन नौ प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को सम्मानित करेगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां अर्जित कर संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयां तक पहुंचाया है।

एलुमनाई फाउंडेशन की चयन समिति ने इन नामों को व्यापक विचार-विमर्श के बाद अंतिम रूप दिया है। यह सम्मान समारोह लखनऊ विश्वविद्यालय की गौरवशाली विरासत और उसके पूर्व छात्रों द्वारा देश-प्रदेश में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की औपचारिक सराहना का प्रतीक होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह पहल वर्तमान छात्रों को भी प्रेरणा देगी, ताकि वे भी अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर सकें। एलुमनाई फाउंडेशन के महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने बताया कि सम्मानित होने वाले पूर्व छात्रों में उत्तरप्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के नाम शामिल है। राज्य की वित्तीय नीतियों को सुदृढ़ बनाने, बजट अनुशासन और आर्थिक पारदर्शिता को बढ़ावा देने में सुरेश खन्ना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने बताया कि साहित्य में प्रो. सूर्य प्रकाश दीक्षित को सम्मानित किया जाएगा। प्रो दीक्षित का हिंदी साहित्य, आलोचना और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान राष्ट्रीय स्तर पर अत्यंत प्रभावी माना जाता है। वे समकालीन साहित्यिक विमर्श में एक प्रमुख आवाज हैं। उन्होंने बताया कि सम्मानित होने वालों में प्रो. जी- जी- सनवाल, परफॉर्मिंग आर्ट्स में डा. अनिल रस्तोगी, जस्टिस मनीष कुमार, प्रभु नारायण श्रीवास्तव, सीबीडीटी के सदस्य प्रबोध सेठ, पत्रकार अखिलेश सिंह, आईपीएस लक्ष्मी सिंह के नाम शामिल है। प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को राष्ट्रीय धरोहर मानता है।

## प्रयागराज में अवैध ढाबों पर चला बुलडोजर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अवैध निर्माण के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) का एक्शन लगातार जारी है। पीडीए ने मंगलवार सुबह सील किए गए चार ढाबों को बुलडोजर से ध्वस्त किया, इन ढाबों का अवैध रूप से बगैर अनुमति के संचालन किया जा रहा था। प्रयागराज के क्षेत्रीय अधिकारी के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने की आज यह बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि 16 नवम्बर को सिविल लाइंस क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहा था। आज इन ढाबों के खिलाफ कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि पीडीए ने सिविल लाइंस के एजी ऑफिस चौराहे पर स्थित चार ढाबों को रविवार को सील कर दिया था, ए सभी ढाबे अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। इन ढाबों के नाम द- विटेज ढाबा, हरीश भोजनालय, शिव शंकर शाकाहारी भोजनालय और शिवम ढाबा शुद्ध शाकाहारी भोजनालय है जिनको सील किया गया था। सभी व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कैंट थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीडीए की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है। जल्द ही आगे की विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# वाहन जांच के दौरान फर्जी उपनिरीक्षक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना खुटार क्षेत्र में सोमवार रात वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक फर्जी उपनिरीक्षक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बताया कि वह नकली दरोगा इसलिए बन गया कि दरोगा बनने के बाद उसकी शादी अच्छे परिवार की लड़की से हो जाएगी।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दिक्षा भवरे ने मंगलवार को बताया कि थाना खुटार क्षेत्र में सोमवार रात वाहनों की जांच की जा रही थी तभी एक कार में कार चालक की पुलिस ने उपनिरीक्षक के बैच लगी वर्दी सीट पर टंगी देखी इसके बाद आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह लखीमपुर खीरी में तैनात है तत्काल पुलिस ने मामले की जानकारी लखीमपुर खीरी पुलिस के उच्चाधिकारियों को। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया और पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गौरव शर्मा ने बताया कि वह मथुरा का रहने वाला है और खुटार में किराए पर रह रहा है। उसकी शादी नहीं हो रही थी इसीलिए उसने उपनिरीक्षक की वर्दी बनवाई और फर्जी उपनिरीक्षक बन गया जिसके कारण उसने सोचा कि लोग समझेंगे कि सरकारी नौकरी है इससे उसकी शादी बहुत ही अच्छे परिवार की लड़की से हो जाएगी आरोपी ने बताया की वर्दी पहनकर वह लोगों पर रौब दिखाता था और लोग उससे डरते थे। अपर पुलिस अधीक्षक भवरे ने बताया कि आरोपी ने यह भी बताया कि जब भी उसे आवश्यकता पड़ती वह वर्दी पहन लेता था जिससे चलते टोल टैक्स भी नहीं देना पड़ता था फिलहाल पुलिस ने आरोपी शर्मा के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है।

# भारत में 5.5 करोड़ से अधिक लोग सीओपीडी से पीड़ित: प्रो. वेद प्रकाश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. (डा.) वेद प्रकाश ने कहा कि सीओपीडी विश्व में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। वर्ष 2025 में दुनिया भर में 50 करोड़ से अधिक लोग इससे प्रभावित रहेंगे जबकि 2023 में यह संख्या 48 करोड़ के आसपास थी।

उन्होंने बताया कि भारत में 5.5 करोड़ से अधिक लोग सीओपीडी से पीड़ित हैं। प्रो. (डा.) वेद प्रकाश ने मंगलवार को विश्व सीओपीडी दिवस-2025 की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि इस वर्ष के थीम का उद्देश्य सांस फूलने जैसे प्रारम्भिक संकेतों की अनदेखी न करने और समय पर जांच कराकर उचित उपचार अपनाने पर बल देना है। उन्होंने कहा कि धूम्रपान, बढ़ता प्रदूषण, घरेलू बायोमास ईंधन का उपयोग, औद्योगिक धूल-धुआं और बार-बार होने वाले श्वसन संक्रमण इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि पीएम2-5, पीएम10, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड जैसे प्रदूषकों के लगातार संपर्क से फेफड़ों में सूजन और क्षति बढ़ती है, जिससे खांसी, बलगम, सांस लेने में कठिनाई, सीने में जकड़न और थकान जैसे लक्षण उभरते हैं। खराब वायु गुणवत्ता सीओपीडी रोगियों में सांस फूलना बढ़ाने के साथ अस्पताल में भर्ती होने का खतरा कई गुना बढ़ा देती है। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के प्रो. आर एस कुशवाहा ने कहा कि पल्मोनरी विभाग में सीओपीडी की स्टेजिंग, फेफड़ों की कार्यक्षमता जांच (स्पाइरोमेट्री), 6-मिनट वॉक टेस्ट, उच्च स्तरीय ऑक्सीजन थेरेपी, नॉन-इंवेसिव वेंटिलेशन, आईसीयू सुविधाएं और पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन उपलब्ध हैं, जो मरीजों को बेहतर जीवन गुणवत्ता प्रदान करने में मदद करती हैं। गंभीर रोगियों के लिए समय पर क्रिटिकल केयर पहुंच जीवन रक्षक सिद्ध होती है। इस दौरान विशेषज्ञों ने सीओपीडी के उपचार में ब्रॉन्कोडाइलेटर, इन्हेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉइड, ऑक्सीजन थेरेपी, पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन और सर्जरी को महत्वपूर्ण बताया। धूम्रपान छोड़ना सबसे प्रभावी रोकथाम है। बार-बार होने वाले श्वसन संक्रमण से बचाव, पोषण में सुधार, टीकाकरण और स्वच्छ वायु संपर्क इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं। इस मौके पर प्रो. (डा.) आनंद कुमार सिंह, डा. संदीप गुप्ता, डा. सचिन कुमार, डा. मोहम्मद आरिफ और डा. अनुराग राणा सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

# जनजातीय समाज के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही सरकार: संजीव गोंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड ने कहा है कि जनजातीय समाज के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। श्री गोंड मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित जनजातीय भागीदारी उत्सव के समापन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने प्रदर्शनी और सांस्कृतिक मंच का भ्रमण कर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश के सांस्कृतिक दल ने उन्हें पारंपरिक 'खादा' और 'टांगो' पहनाकर पूर्वोत्तर की सम्मान-परंपरा का अनूठा परिचय प्रस्तुत किया। श्री गोंड ने कलाकारों की समर्पित कला-संरक्षण भावना की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समाज के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। ऐसे आयोजन विविधता में एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश देते हैं। देशभर से आए जनजातीय कलाकारों की उपस्थिति ने पूरे परिसर को विविध सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। उत्सव में भारी भीड़ उमड़ी, जिसने जनजातीय कला और परंपराओं के प्रति बढ़ती जन-रुचि को स्पष्ट रूप से दर्शाया। उत्सव में उत्तराखंड के कलाकारों ने अपनी पहाड़ी संस्कृति पर आधारित पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें पर्वतीय जीवन, लोक-त्योहारों और प्रकृति से जुड़ी अनुभूतियों की झलक देखने को मिली। वहीं, चित्रकूट के कलाकारों ने बुंदेलखंड की परंपरा पर आधारित 'बुआ को नेग मांगने' वाले गीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को स्थानीय लोक-संस्कृति का जीवंत अनुभव कराया। कार्यक्रम के दौरान शिल्पकारों, जनजाति विकास विभाग, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान तथा टीआरआई से जुड़े अधिकारियों और लोक कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक जनजाति विकास श्री शिव प्रसाद, टीआरआई के संयुक्त निदेशक श्री आनंद कुमार सिंह, संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी और उपनिदेशक डा. प्रियंका वर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## एक बदमाश गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में सोमवार देर रात नाजिया पुर के जंगल में मोटरसाइकिल सवार बदमाशों से मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया घायल बदमाश का नाम वेद प्रकाश शर्मा (22) है जो दिलीप पुर के मिसिड्डी पुर का रहने वाला है।

# धोखाधड़ी में बैंक मैनेजर सहित चार लोगों पर मामला दर्ज

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की गोपीगंज कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में आईसीआईसीआई बैंक के मैनेजर, दुबई के दो व्यक्तियों समेत चार लोगों के खिलाफ सोमवार देर शाम मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि गोपीगंज थाना क्षेत्र के नईबस्ती निवासी सिकंदर अली ने पुलिस में तहरीर देकर शिकायत की कि वह एफएफ केमिकल एंड मेटल्स के प्रोपराइटर हैं। भदोही के चकइनायत स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा में उनकी फर्म का खाता है। उन्हें दुबई की सिनेमैट ट्रेडिंग एंड रिसाइक्लिंग कम्पनी से एल्युमिनियम स्क्रैप आयात करना था। जिसके लिए वर्षा एक्सपोर्ट कम्पनी के मालिक हर्षित पारेख ने आयात में मदद के लिए सिकंदर को सिनेमैट कम्पनी के एजेंट जावेद का नम्बर दिया। सिकंदर ने जावेद से संपर्क किया तो उसने कहा कि कंपनी को बैंक में 55 लाख 74 हजार रुपये का लेटर ऑफ क्रेडिट देना होगा। सिकंदर ने लेटर ऑफ क्रेडिट अपने आईसीआईसीआई बैंक की शाखा में दे दिया। सिकंदर ने बताया कि वह 25 अक्टूबर को स्क्रैप देखने दुबई गए थे। जहां न दफ्तर मिला और न ही जावेद वहां जाने पर पता लगा कि जावेद और उसके साथी ठग हैं। सिकंदर की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बैंक प्रबंधक, वर्षा कंपनी के मालिक हर्षित पारेख व दुबई के दो लोगों सहित चार पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। आरोप है कि बैंक प्रबंधक की मिली भगत से धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया गया।

## मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों जिले में चोरी और लूटपाट की घटना को अजाम देने के लिए बिहार के एक गैंग के लिए काम करते हैं। पुलिस ने इनके पास से अवैध देशी तमंचा, कारतूस, बिना नम्बर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। दोनों घायल बदमाशों में एक बिहार का है और एक उत्तर प्रदेश का बताया गया है। आजमगढ़ सिटी पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार त्रिभुवन सिंह उर्फ गोलू के विरुद्ध चोरी, लूट, धोखाधड़ी, सशस्त्र अधिनियम समेत नौ मुकदमे विभिन्न जिलों में दर्ज हैं। वहीं पंकज पासवान के विरुद्ध वाराणसी, चंदौली और अन्य जिलों में चोरी, लूट, फर्जीवाड़ा, गैंगस्टर और सशस्त्र अधिनियम के 19 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों लंबे समय से सक्रिय आपराधिक गिरोह से जुड़े थे। श्री सिंह के अनुसार सोमवार देर रात थानाध्यक्ष अनुराग कुमार मय टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे, मुखबिर से सूचना मिली कि दो शातिर अपराधी अवैध असलहे के साथ किशुनदासपुर से सेहदा की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने भोर्रा-मकबूलपुर अंडरपास पुलिया के पास जांच शुरू की। थोड़ी देर बाद मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के अपराधी मोटरसाइकिल से आते दिखाई दिए। पुलिस को देख दोनों ने भागने का प्रयास किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द वत्रा 'सुमन'**
0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**लखनऊ।** सुल्तानपुर रोड पर सोमवार देर रात हुए दर्दनाक हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई। दोनों किसी तिलक/शादी समारोह में शामिल होकर गंगागंज की ओर से नगराम लौट रहे थे। बताया गया कि जानकीपुरम मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक के दो टुकड़े हो गए और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान जितेंद्र यादव और अश्विनी यादव के रूप में हुई है। इनमें अश्विनी यादव नगराम क्षेत्र से सभासद बताए जाते हैं। दुर्घटना के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# उभरते चुंबकीय भंडारण उपकरणों एवं सेंसर पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में "उभरते चुंबकीय भंडारण उपकरणों एवं सेंसर" विषय पर मंगलवार को दो दिवसीय भारत-इटली संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के स्कूल ऑफ मटेरियल्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसएमएसटी) ने आज देव एवं वर्धन गोस्वामी व्याख्यान संकुल में इस संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में भारत और इटली के ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों तथा विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की तथा चुंबकीय सामग्रियों और उन्नत सेंसर प्रौद्योगिकियों में हो रहे नवीनतम शोध एवं विकास पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। कार्यशाला के संयोजक डा. श्रवण कुमार मिश्रा ने अतिथियों, वक्ताओं तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए उभरते तकनीकी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान में वैज्ञानिक एवं तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए निदेशक प्रो. अमित पात्रा के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला का अवलोकन प्रस्तुत करते हुए एसएमएसटी के प्रमुख प्रो. चंदन उपाध्याय ने कहा कि यह आयोजन आधुनिक प्रवृत्तियों, नवाचारी प(तियों तथा चुंबकीय सामग्रियों, अगली पीढ़ी की मेमोरी उपकरणों और उन्नत सेंसर तकनीकों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर गहन चिंतन-मनन के लिए एक समर्पित मंच उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि भारत और इटली के बीच यह सहयोग इन उभरते क्षेत्रों में संयुक्त शोध एवं ज्ञान के आदान-प्रदान को नई गति प्रदान करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. निलय कुणाल मुखोपाध्याय, डीन (फैकल्टी अफेयर्स), आईआईटी (बीएचयू) ने कहा कि यह कार्यशाला चुंबकीय प्रौद्योगिकियों में हालिया प्रगति को समझने के लिए विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और युवा विद्वानों को एक मंच पर लाती है। स्पिनट्रॉनिक्स में किए गए अग्रणी योगदान वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त कर चुके हैं और ए डेटा भंडारण, सेंसर निर्माण, कंप्यूटिंग, स्वास्थ्य सेवाओं तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे अंतर्विषयक क्षेत्रों से जड़े उभरते रुझानों के अनुरूप हैं। इटली से आए तीन प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने सत्र को संबोधित किया। डा. मिकेला क्यूफरलिंग ने अगली पीढ़ी के सेंसर तकनीकों में चुंबकीय नैनोस्ट्रक्चर की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। डा. ए- मैग्नी ने उभरती चुंबकीय घटनाओं से प्रेरित उन्नत मेमोरी आर्किटेक्चर पर अपने विचार साझा किए, जबकि डा. विट्टोरियो बासो ने मैग्नेटो-मैकेनिकल सिस्टम के अत्याधुनिक विकास तथा उनके औद्योगिक उपयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

## किसान का शव सड़क किनारे मिला

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में मंगलवार को एक किसान का शव सड़क किनारे पड़ा मिला है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के मीरनगर गांव की है। गांव निवासी राजमल (45) की हत्या हुई है। शव गांव से करीब 200 मीटर की दूरी पर बड्डूपुर मार्ग पर सड़क किनारे मिला। गले और हाथ पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। घरवालों ने बताया कि राजमल किसानी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। घर में पत्नी सियापति, एक बेटा और एक बेटी है। वह सोमवार की देर रात शौच के लिए घर से निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की गई। शव मिलने की खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई।

# चकबंदी प्रक्रिया रोकने की मांग

## अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन शंकर के जिला अध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह के नेतृत्व में चकबंदी बंदोबस्त अधिकारी सुशील कुमार शाही को नौगांवा सादात के ग्राम ढक्का में चल रही चकबंदी प्रक्रिया बंद करने को ज्ञापन सौंपा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि चकबंदी ना होकर लूटबंदी हो गई है। चकबंदी अधिकारियों ने भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को पार कर दिया है। गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों की मिलीभगत से चकबंदी अधिकारियों ने अधिकांश किसानों की भूमि मनमाने तरीके से इधर-उधर कर दी है। जिससे छोटे और मध्यम वर्ग के किसान भारी परेशानी में आ गये हैं। किसानों का कहना है कि 1 से 2 बीघा वाले किसानों की जमीन सड़क मार्ग से हटाकर दूर कर दी गई है। जबकि कुछ चुनिंदा 10 से 15 लोगों को ही लाभ पहुंचाया गया है। ट्यूबवेल स्वामीयो की मूल जोत से चक हटाकर उड़ान चक बना दिए गये है। किसानों की समस्याओं को निरस्त कर न्यायोचित कार्रवाई की जाये। यदि चकबंदी प्रक्रिया को निरस्त नहीं किया गया तो संगठन मजबूर होकर आमरण अनशन भूख हड़ताल करने को विवश होगा जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से चकबंदी अधिकारियों व प्रशासन की होगी कार्यक्रम में आज जिला अध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंहचौधरी धर्मवीर सिंह विक्रम पवार जगत सिंह चौहान अशोक देवी दरोगा अमीपाल सिंह अमित सिंह मनोज कुमार नेपाल सिंह सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सोंपते भाकियू शंकर के पदाधिकारी।

# नेताओं का काफिला फंसा जाम में, तो जागा प्रशासन

## बुलडोजर से शेरपुर चुंगी से हटवाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शेरपुर चुंगी मार्ग पर अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम पर आखिरकार प्रशासन की नींद तब खुली, जब सोमवार की शाम भाजपा की एकता यात्रा से लौट रहे जनप्रति. निधियों का काफिला इसी जाम में बुरी तरह फंस गया। विधायक, विधान परिषद सदस्य और भाजपा पदाधिकारियों की गाड़ियाँ काफी देर तक जाम में रेंगती रहीं। सुरक्षा कर्मियों को उतरकर रास्ता साफ करवाना पड़ा।

रोजाना जाम झेलने वाले नागरिक यह दृश्य चुपचाप देखते रहे, लेकिन वास्तविक कार्रवाई उसी समय नहीं हुई। मंगलवार शाम थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम पहुंची और शेरपुर चुंगी से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया। सड़क किनारे लगी रेहड़ियों, ठेलों और अव्यवस्थित पार्किंग को हटाते हुए मार्ग को चौड़ा किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कई बार चेतावनी के बावजूद न हटने वाले व्यापारियों और कब्जाधारियों को कड़ी हिदायत दी। स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का स्वागत तो किया, लेकिन साथ ही तंज भी कसा हम तो रोज जाम में फंसते हैं, पर कार्रवाई तब होती है जब जनप्रतिनिधियों का काफिला अटक जाए। राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित न रहे, बल्कि शेरपुर चुंगी को स्थायी रूप से अतिक्रमण मुक्त कर नियमित निगरानी की जाए, ताकि रोज-रोज होने वाली जाम की परेशानी से छुटकारा मिल सके।थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया शेरपुर चुंगी पर लगातार जाम की शिकायतें मिल रही थीं। मंगलवार को विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया गया है। आगे भी इस मार्ग पर नियमित निगरानी रखी जाएगी ताकि यातायात सुचारू रहे और किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। अभियान के बाद मार्ग कुछ समय के लिए सुगम हो गया। स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे नियमित रूप से जारी रखने की मांग की, ताकि शेरपुर चुंगी का जाम स्थायी रूप से समाप्त हो सके।



## नेतृत्व क्षमता पर शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना, जेंडर इक्वलिटी को बढ़ावा देना और बालिका शिक्षा कार्यक्रम को प्रभावी बनाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द ने किया। उन्होंने मौजूद शिक्षकों से बालिका शिक्षा के प्रति संवेदनशील होते हुए विद्यालय स्तर पर बेहतरीन माहौल तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बालिक. ाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना हर शिक्षक की जिम्मेदारी है।कार्यशाला में सोनल गुप्ता, मीनाक्षी, प्रज्ञा शर्मा, अमोल, संगीता आर्य, कंचन अग्रवाल, अल्पना यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला के समापन पर शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से बालिका शिक्षा को नई दिशा मिलेगी और विद्यालयों में सकारात्मक माहौल बनाने में मदद मिलेगी।

# अतिक्रमण न हटा, तो होगा आंदोलन

## भाकियू ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से नगर के रहरा अड्डे पर व्याप्त गंभीर समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गई है।

यूनियन ने बताया कि रहरा अड्डे पर आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं। जिसका मुख्य कारण भारी अतिक्रमण और सड़क पर पसरी हुई गंदगी है। सड़क पर आवागमन के लिए जगह न होने के कारण नागरिकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। यूनियन ने पालिकाध्यक्ष से इन समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने का आग्रह किया है। किसान यूनियन भानू ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यूनियन आंदोलन करेगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में लोकेश चौहान, हसीन चौधरी, संतराम सिंह, जमशेद चौधरी, हरपाल सिंह, लवकुश कुमार, पूजा चौधरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दौड़ में अनमोल, विनय व जीतू रहे प्रथम

## न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मंगलवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय कपसुआ में संपन्न हुआ। न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द व ग्राम प्रधान पंकज त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर व फीता काटकर किया।इस खबर खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है, शिक्षकों को बच्चों के खेल पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। कहा की प्रतियोगिता में हार जीत ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है, प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना अधिक महत्वपूर्ण है।



प्राथमिक स्तर पर खेल प्रतियोगिता में 50,100,200,400 व 600 मीटर दौड़ में अनमोल, अवनी, जय, मयंक मीनाक्षी तथा अक्षित, विनय, नवीश, जीतू, रोजिश, नीतू, निकिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर में चक्का, गोला ऊंची कूद में अंशुल कपसुआ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर में लंबी कूद में अनमोल व पलक कपसुआ प्रथम व अक्षय, अलशिफा अख्तियारपुर द्वितीय स्थान पर रहे। खो खो प्राथमिक व जूनियर में कपसुआ विद्यालय के छात्र व छात्राएं प्रथम स्थान पर रहीं वही और डींगरा विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी जूनियर बालिका में अख्तियारपुर प्रथम स्थान पर रहा।खेल प्रतियोगिता में विजई बच्चों को सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष योगेश चौधरी,मनोज शर्मा, अरविंद गिरि, प्रवेंद्र सिंह, अजीत सिंह,राजकुमार ढाकोवाली, सुनील सिद्धू, राजकुमार पाल, जुम्मा खां, विकास कुमार, नरेश चंद , विजेंद्र कुमार,सहित समस्त एआरपी मौजूद रहे।

# पार्टी की विचारधारा को जनता तक पहुंचायें

## चुचैला कलां में लोकदल की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मंगलवार को क्षेत्र के गांव चुचौला कलां में राष्ट्रीय लो. कदल का एक संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सचिन चौधरी द्वारा देवेंद्र देवल को विधानसभा धनौरा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि देवेंद्र देवल अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र देवल ने नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूर्ण निष्ठा के साथ संगठन के विस्तार और जनता की समस्याओं को पार्टी मंच तक पहुँचाने के कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन की मजबूती और आगामी समय में पार्टी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर युवा नेता पुष्पराज चौधरी, सुमित सिवाच, दीपक देवल, कुलवीर सिंह, गुरमीत सिंह, रोहताश सिंह, अमित, राजीव, वेद शर्मा, अंकुल जाटव,जेपी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अवैध उगाही पर रोडवेज कर्मी से नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** अवैध उगाही किये जाने का विरोध करते हुए रोडवेज के कंडक्टर ने रोडवेज कर्मी से नोकझोंक करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। आधे घंटे तक अफरा तफरी मची रही। मंगलवार की दोपहर करीब 1:30 बजे दिल्ली से रोडवेज बस यात्रियों को लेकर संभल दिशा की ओर को जा रही थी। गजरौला हसनपुर मार्ग पर पुराने पेट्रोल पंप के समीप एक कार से उतरकर एक व्यक्ति ने हाथ देकर रोडवेज बस को रोक लिया। बताया जा रहा है कि कार के अंदर रोडवेज के आरएम बैठे हुए थे। उनके सहयोगी ने रोडवेज के कंडक्टर से 1000 की डिमांड कर दी। उसके बाद रोडवेज के कंडक्टर ने पैसे मांगने वाले से नोंकझोंक करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। यात्रियों ने भी शोर शराबा करते हुए कार से उतरे व्यक्ति द्वारा 1000 मांगे जाने की गवाही दे दी। काफी हंगामा होने के बाद रोडवेज बस अपने गंतव्य की ओर को रवाना हो गई।

## कुत्ते को बचाने के चक्कर में फिसली बाइक

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** जोया मे कुत्ते को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिरी बाइक सवार गंभीर रूप से घायल। घटना शाम 4:00 बजे की है। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी भूरा बाइक पर सवार होकर जोया कस्बे को जरूरी सामान लेने आ रहा था जैसे ही बाइक सवार कस्बे के इकबाल नगर मोहल्ले में पहुंचा तो अचानक कुत्ता आगे आ गया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया बाइक सवार को रहागीरो निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

# रस्साकसी में चमके ज्ञान भारती के विद्यार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** खेल-कला प्रतिस्पर्धा में बालिका वर्ग में रस्साकशी में ज्ञान भारती इंटर

### खो-खो में शिव व सीआईएस रहे अव्वल

कॉलेज ने नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज रजबपुर तो वहीं बालक वर्ग में श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय की टीम को पराजित करते हुए विजय प्राप्त की। बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में शिव इंटर कॉलेज तो वहीं बालक वर्ग में सीआईएस एकेडमी की टीम ने जीत हासिल की। मंगलवार को नगर के ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में खेल एवं कला प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के 12 कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने



प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में शिव इंटर कॉलेज ने नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज की टीम को हराया, खो-खो में सीआईएस एकेडमी की टीम ने शिव इंटर कॉलेज की टीम को हराया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक रोहताश शर्मा, प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी, ओमप्रकाश शर्मा, नीतू पंवार, डॉ.दर्पण कौशिक ने दीप प्रज्वलित करके और रिबन काटकर की। इस मौके पर डॉ.संजीव चौहान, डॉ.बिजेंद्र सिंह, मनीष त्यागी, उमेश कुमार , प्रतिभा सागर, मंजू शर्मा, कविता आदि मौजूद रहे।

## फैक्ट्री के निकला युवक लापता, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के पूरनपुर गांव निवासी किसान महिपाल पाल सिंह का 19 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार शनिवार सुबह अम्हेड़ा गांव स्थित फैक्ट्री जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन देर शाम तक वह घर नहीं लौटा। परिवारजन और रिश्तेदारों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, मगर युवक का कोई सुराग नहीं मिला।तीन दिन बीत जाने के बाद भी जब राजेश का पता नहीं चला तो सोमवार को उसके भाई मोहित कुमार ने डिडौली थाने पहुंचकर गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर राजेश कुमार की तलाश शुरू कर दी है।

# डीएम ने लापरवाह बीएलओ का वेतन रोका

## गणना प्रपत्रों की फीडिंग में ढिलाई का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गजरौला।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की रफ्तार परखने निकलीं जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने मंगलवार को विकासखंड गजरौला के ग्राम सलेमपुर गोसाई और कुमराला में जमीनी हकीकत जांची। औचक निरीक्षण के दौरान जहां सलेमपुर गोसाई के बीएलओ ने अपने व्यवस्थित कार्य से डीएम को प्रभावित किया, वहीं कुमराला में गणना प्रपत्रों के वितरण और फीडिंग में भारी लापरवाही सामने आई।

बीएलओ द्वारा न तो समय पर फार्म वितरित किए गए, न कलेक्ट हुए, न ही फीडिंग शुरू हुई। स्थिति देखकर डीएम सख्त हो गईं और मौके पर ही कुमराला बीएलओ का वेतन रोकने के आदेश जारी कर दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का पूर्ण वितरण करें, भरे हुए प्रपत्र तुरंत कलेक्ट कर



फीडिंग कार्य तेजी से पूरा करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को प्रपत्र भरने में सहयोग देना अनिवार्य दायित्व है इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण में उप जिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी, बीएलओ एवं संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। डीएम की इस कार्रवाई को जिलेभर में ैप्त अभियान की पारदर्शिता और अनुशासन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# शादी में मेहमानों से मारपीट में चार पर रिपोर्ट

## पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** थाना क्षेत्र के गांव खरसौली मिलक में आयोजित एक शादी समारोह में हंगामा खड़ा करने पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना सोमवार की शाम की है, जब लीलावती नामक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके देवर की लड़की की शादी के दौरान अचानक मोहल्ले के ही कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर माहौल खराब करना शुरू कर दिया। तहरीर के अनुसार, विवाह समारोह में सभी रिश्तेदार और मेहमान मौजूद थे। इसी दौरान सोमपाल, विपिन, काशीराम और विक्रांत बिना किसी विवाद के मौके पर आकर गाली-गलौज करने लगे। परिजनों और रिश्तेदारों द्वारा समझाने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इस मारपीट में प्रार्थिनी की भांजी और भांजे



को गंभीर चोटें आईं, जिससे समारोह में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजन घायल बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। पीड़िता लीलावती ने दबंगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि उनकी हरकत से परिवार की इज्जत और समारोह की शांति दोनों को ठेस पहुंची है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी पहले भी इलाके में दबंगई दिखा चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहता है। शिकायत मिलने पर पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल तहरीर के आधार पर विपिन, सोमपाल, काशीराम और विक्रांत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास पूछताछ कर जानकारी एकत्र करनी भी शुरू कर दी है।थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि प्रार्थिनी की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है मारपीट में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है जिसमें सोनू विपिन गोविंदा और शिवलाल शामिल थे

**खोया-पाया**

मेरा काले रंग का बैग वास्तव में कहीं खो गया है। जिसमें मेरा आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम, मूल वसीयत एवं न्यायालय से संबंधित दस्तावेज थे।

अभिनव रस्तौगी पुत्र श्री सुनील रस्तौगी निवासी- मोहल्ला कायस्थान, हसनपुर, जनपद अमरोहा।

# डूबती हुई किशोरी को युवक ने जान बूझकर नहीं बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** तिगरी गंगा मेले के दौरान 17 वर्षीय किशोरी के गंगा में डूबने की घटना अचानक ही नहीं हुई थी बल्कि उसके ही गांव के युवक ने पहले मजाक-मजाक में उसकी आंखो पर रेत फेंककर मारा, जब रेत धोने के लिए किशोरी ने डुबकी लगाई तो उसके कदम लड़खड़ा गए, उसने युवक को बचाने के लिए आवाज दी मगर युवक ने जान बूझकर उसे

### आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

नहीं बचाया। परिजन की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार गांव कोतवाली डिडौली के गांव वाजि. दपुर भजन सिंह की 17 वर्षीय पुत्री सोनम परिजनों के साथ तिगरी गंगा मेले में गई थी। 04 नवम्बर को उसके गंगा स्नान के दौरान उसके डूबने की बात सामने आई। गोताखोरों ने युवती की काफी तलाश की मगर कुछ पता नहीं चला, लेकिन सोमवार को दो सप्ताह बाद किशोरी का शव ओसीता जगदेवपुर गांव के पास गंगा में उतराता हुआ मिला। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव निवासी पिन्टू पाल पुत्र तेजराम सिंह ने पहले मजाक-मजाक में छात्रा की आंखो में रेत फेंककर मारा, वह रेत सोनम की आंखो में चला गया। सोनम रेत धोने के लिए गंगा में मुंह धोने चली गई, इस बीच कदम लड़खड़ाने के कारण वह डूबने लगी, उसने पिन्टू को बचाने के लिए आवाज दीं, आरोप है कि पिन्टू ने उसे नहीं बचाया। थाना पुलिस ने सोनम के भाई की तहरीर पर पिन्टू के विरूद्ध संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महिला सुरक्षा के लिए पुलिस को और अधिक सक्षम बनाना होगा: एडीजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में मंगलवार को अमरोहा पुलिस की ओर से महिला संबंधी प्रकरणों में संवेदनशील एवं प्रभावी व्यवहार शीर्षक से मिशन शक्ति कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डीआईजी मुनीराज जी उपस्थित रहे। वहीं, एडीजी (महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन) पद्मजा चौहान और एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा भी गूगल मीट के माध्यम से कार्यशाला से जुड़े और पुलिस कर्मियों को संबोधित किया। कार्यशाला का मुख्य लक्ष्य पुलिसकर्मियों को महिला पीड़ितों के प्रति अधिक संवेदनशील, प्रभावी और व्यावहारिक बनाना है।

# गन्ना भुगतान की मांग को लेकर अब होगी आर पार की लड़ाई

■ पैनी नजर आठ दिसम्बर से करेगी अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** ओसवाल चीनी मिल द्वारा 2 वर्ष से नवाबगंज क्षेत्र के सैकड़ों गांव के किसानों का करोड़ों रुपया का बकाया भुगतान न होने को लेकर सामाजिक संस्था पैनी नजर की अध्यक्ष और आदमी पार्टी की रुहेलखंड प्रान्त की उपाध्यक्ष सुनीता गंगवार एड ने नगर स्थित कार्यालय में किसानों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने 8 दिसंबर से गन्ना भुगतान न होने को लेकर अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा की।

इससे पहले 27 अक्टूबर को श्रीमती गंगवार ने नवाबगंज प्रशासन को लिखित पत्र सौंप कर सांकेतिक धरना दिया था कि यदि किसानों का जल्द भुगतान न हुआ तो यह अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी। 15 दिन बाद प्रशासन से मुलाकात करने पर जब कोई संतोषजनक जवाब प्रशासन की तरफ से नहीं मिला तो उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील कर धरने की घोषणा की। सुनीता गंगवार ने कहा कि धरना प्रदर्शन के दौरान तीन मांगें रहेंगी, पहले ब्याज के साथ गन्ना किसानों का 2 वर्ष का भुगतान किया जाए, दूसरी चीनी मिल मालिक के खिलाफ ठोस कार्रवाई करते हुए जिस तरह से किसानों का 2 वर्ष से शोषण किया जा रहा है, उसको लेकर चीनी मिल मालिक को इस अपराध के लिए जेल में डाला जाना चाहिए, तीसरी गन्ना समिति किसानों का हित न करके किसानों के साथ राजनीति कर रही है और लगातार किसानों के शोषण में पूरी तरह से शामिल है, समिति के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। सुनीता गंगवार ने कहा कि उनका धरना अनिश्चितकालीन होगा।



तहसील परिसर में यह धरना दिया जाएगा, जिससे किसान प्रशासन के माध्यम से अपनी बात शासन तक पहुंचा सकें। यह धरना तभी समाप्त होगा जब किसानों का पैसा उनके खातों में ब्याज सहित पहुंच जाएगा, सुनीता गंगवार ने यह चेतावनी प्रशासन को दी है। बैठक में क्षेत्र के कई गांव से किसान प्रतिनिधि आए हुए थे। इसमें वहीद अहमद अंसारी, बीडीसी सदस्य अर्जुन गंगवार, किसान नेता राम रतन गंगवार, ब्रह्मानंद गंगवार, खेमकरन पांडा आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# बीमारी से ग्रस्त चल रहे युवक ने उठाया आत्मघाती कदम

■ ब्लेड से फाड़ा अपना पेट, अस्पताल में भर्ती हालत गम्भीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे से सटे गांव रिछोला किफायतुल्ला के एक युवक ने आत्मघाती कदम उठाते हुए ब्लेड से अपना पेट फाड़कर जान देने की कोशिश की। युवक को लहूलुहान हालत में पुलिस ने पहले कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया, जहां से उसे चिकित्सकों ने बरेली रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है।

ग्राम के स्व. करामुद्दीन के चार पुत्र हैं, जिनमें बड़ा पुत्र मुख्तियार अहमद, शहाबुद्दीन और रियासत दिल्ली में रहकर कवाड़े का कार्य करते हैं। दो सप्ताह पहले ही तीसरे नम्बर का पुत्र रियासत दिल्ली से अपने घर रिछोला किफायतुल्ला आया था। घर पर उसकी मां बत्तूलन और छोटा भाई रईस अहमद रहता है। बताया जाता है कि रात वह खाना खाकर सोने चला गया, सुबह करीब 4 बजे उसने ब्लेड लेकर अपना पेट फाड़ लिया। घर में जैसे ही इसकी जानकारी मां और भाई को लगी तो घर में कोहराम मच गया, तत्काल ही किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल ही लहूलुहान युवक को एंबुलेंस से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बरेली रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि परिजनों और रिश्तेदारों ने उसे निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 5 साल पहले युवक का उसकी पत्नी से तलाक हो गया था, तब से वह दिल्ली अपने भाईयों के साथ रहकर कवाड़े का कार्य कर रहा था।

वह पिछले कई माह से बीमार चल रहा है।

## एक नजर

# धान बेचकर आ रहे किसान को बाइक ने मारी टक्कर अस्पताल में भर्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** अपने बेचे गए धान के रुपए लेकर जैसे ही किसान सड़क पर आया तो उसे बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल को पहले कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया, जहां से उसे बरेली रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल किसान के पुत्र की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्योलड़िया क्षेत्र के गांव अम्बरपुर के रहने वाले किसान मैकू लाल सोमवार को ग्राम जरेली के निकट जयगुरुदेव राइस मिल में बेचे गए अपने धान के रुपए लेने आया था। बताया जाता है जैसे ही वह रुपए लेकर पैदल मिल से बाहर निकलकर रोड पर आया तो उसे तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उसे तत्काल ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, जहां से उसे चिकित्सकों ने बरेली रेफर कर दिया। घायल के पुत्र गोविंद कुमार ने बाइक यूपी 25 ई ई 6570 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पूर्व प्रधान नहीं दे रहा है बटाई के 32 हजार रुपये, विधवा ने दी पुलिस को दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव गुरुगांवा के भगवान दास की बेवा यमुना देवी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में गांव के एक पूर्व प्रधान पर खेत को ठेके पर दिए जाने के 32 हजार रुपए नहीं देने का आरोप लगाया है।

ग्राम की बेवा यमुना देवी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसने अपनी भूमि ग्राम के एक पूर्व प्रधान को 3 साल के लिए ठेके पर दी थी, समय पर जब उसने पूर्व प्रधान से अपने ठेके के 32 हजार रुपए मांगे तो पहले तो टाल मटोल करता रहा, और फिर उसने उसे रुपए देने से साफ इंकार कर दिया। आरोप है कि पूर्व प्रधान ने विधवा से कहा कि तू जहां चाहें शिकायत कर मेरा कुछ नहीं होगा। विधवा ने पुलिस को तहरीर देकर दबंग पूर्व प्रधान से उसके रुपए दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# सीओ हाइवे शिवम आशुतोष ने थाने का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** मंगलवार को सीओ हाइवे शिवम आशुतोष ने थाने का किया अर्ध वार्षिक निरीक्षण।

इस दौरान उन्होंने थाने की समस्त अभिलेख व्यवस्था, मालखाना, शस्त्रागार, गोला-बारूद भंडारण, महिला डेस्क रजिस्टर तथा जीडी रजिस्टर की जांच की। और विवेचनाओं की दरोगाओं से जानकारी ली लंबित विवेचनाओं को जल्द निपटाने के शख्त निर्देश दिए।

दोपहर के बाद करीब साढ़े तीन बजे पहुंचे सीओ हाइवे शिवम आशुतोष ने शस्त्रागार में रखी राइफल और पिस्टलों को खोलकर उनकी कार्यस्थिति को परखा और शस्त्रों के रख-रखाव में किसी भी लापरवाही से बचने के निर्देश दिए। उन्होंने मुकदमों में सीज किए गए वाहनों की स्थिति और उनके अभिलेखों की जांच का निरीक्षण के दौरान सीओ हाइवे ने होमगार्ड बैरक, भोजनालय और थाने की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लेकर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। थाना परिसर में पुलिस बल की परेड कराकर उन्होंने जवानों की तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों व कर्मचारियों को अभिलेख अद्यतन रखने, परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार चौकी प्रभारी अनूप सिंह सहित हल्का दरोगाओं को जनता से संवेदन शील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। सीओ हाइवे शिवम आशुतोष ने बताया की निरीक्षण के दौरान सभी चीजे दुरस्त पाई गई है।

# बरेली में सौ एकड़ में बनेगा रोजगार क्षेत्र, हर साल मनाया जाएगा नाथ नगरी महोत्सव सीएम योगी ने दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने के लिए सौ एकड़ जमीन पर इंप्लाइमेंट जोन (रोजगार क्षेत्र) विकसित किया जाएगा। इसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम स्थापित होंगे। इससे उद्योगों को बढ़ावा और युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही, शहर में प्रतिवर्ष नाथ नगरी महोत्सव का भव्य आयोजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने डीएम को इनकी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद शासन से बजट स्वीकृत होगा।

डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि रविवार को लखनऊ में शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने इन दोनों परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पर्यटन विभाग के अफसरों को महोत्सव की कार्ययोजना बनाने, राजस्व विभाग के कर्मियों को रोजगार क्षेत्र के लिए जमीन तलाशने और उद्योग विभाग को इसके लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने बताया कि शहर के सातों नाथ मंदिर लोक आस्था के केंद्र हैं। इनकी महत्ता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने हर साल नाथ नगरी महोत्सव का आयोजन कराने का निर्देश दिया है। जल्द ही कार्ययोजना स्वीकृति के लिए भेजी जाएगी। महोत्सव से भी जिले के लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। दूसरे जिलों और प्रदेशों से शिवभक्तों और व्यापारियों का आवागमन बढ़ेगा। इससे जिले की आय में वृद्धि होगी। आयोजन के लिए स्थान और समय का चयन जल्द ही किया जाएगा। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 25 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मैराथन के आयोजन की अनुमति दी है। जल्द ही वह जिले के दौरे पर आने वाले हैं। यहां वह बीडीए की रामायण वाटिका का लोकार्पण और पंडित राधेश्याम की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उसी दिन वह जिले को 2200 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे। डीएम ने कहा कि महोत्सव के आयोजन के लिए बरेली कॉलेज में संभावनाएं तलाशी जाएंगी। वहां आवागमन, पार्किंग, स्टॉल आदि लगाने के लिए पर्याप्त जगह है। सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंच और पंडाल आदि लगाने में भी वहां काफी सहूलियत होगी। इसी तरह के एक-दो स्थल और देखे जा रहे हैं। इसके बाद निर्णय लिया जाएगा। आयोजन ऐसे समय पर होगा, जब न ज्यादा ठंड हो, न ही ज्यादा गर्मी रहे। माना जा रहा है कि अगले वर्ष फरवरी में पहली बार नाथ नगरी महोत्सव का आयोजन हो सकता है। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सरकारी जमीनों को भूमाफिया के कब्जे से खाली कराकर उस पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों के लिए आवास बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए एसडीएम को निर्देशित किया है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले भूमाफिया के विरुद्ध जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। नाथ नगरी के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवड़ियों की सहूलियत के लिए पर्यटन विभाग बदायूं रोड पर कांवड़ स्थल का निर्माण कराएगा। दो करोड़ रुपये से बनने वाले इस स्थल के लिए पहली किस्त जारी की जा चुकी है। जुलाई 2026 तक काम पूरा कराने का लक्ष्य रखा गया है।

# दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी कुल शरीफ के साथ सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** खानकाह ए आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम में दो दिन से चल रहे 79वां सालाना दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी बीती रात आखिरी कुल शरीफ की मुबारक रस्म के साथ सम्पन्न हो गया। इस 79वें सालाना दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी पर बीती रात बाद नमाज इशा दरगाह शरीफ परिसर में एक शानदार जलसा ए दस्तकारबंदी आयोजित किया गया, जिसकी शुरुआत तिलावत ए कुरान पाक से की गई। बाद में नात व मनकबत का नजराना पेश किया गया, फिर उलेमा ए इकराम की तकरीर शुरू हुई, जलसे के मेहमान खुसूसी हजरत मौलाना मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी ने अपनी तकरीर में कहा कि मुसलमानों तुम अपने बच्चों को दीनी तालीम हासिल कराओ, खूब इबादत करो, यही निजात का रास्ता है।

मौलाना शारिफ खान मिस्बाही ने अपनी तकरीर में कहा कि सच्चा आशिक ए रसूल ही अल्लाह का वली होता है। अल्लाह के हर वली की ताजीम करो उन से मोहब्बत करो। मौलाना तौफीक अहमद शीशगढ़ ने अपनी तकरीर में कहा कि मजहबे इस्लाम एक सच्चा मजहब है इसको कभी जिंदगी में मत छोड़ना। मौलाना ने बाद में साहिबे उर्स के बारे में तफसील के साथ अपनी तकरीर की। मौलाना अख्तर रजा बहेड़ी ने अपनी तकरीर में हजरत मौलाना शाह मो0 बशीर मियां साहब की करामात बयान की। मौलाना मुफ्ती हसन रजा मरकजी ने अपनी तकरीर में सुन्नत ए रसूल पर अमल करने का आह्वान किया। बाद में शायर नुरूद्दीन ने कलाम सुनाया, शायर नईम वारिसी, शायर अकील सिद्दीकी, शायर गुलफाम हस्सानी बरेली ने अपना नातिया कलाम पेश किया।

उर्स ए बशीरी व मंजूरी पर आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। जलसे में भीड़ का यह आलम था कि जिसको जहां जगह मिली उसने वहीं खड़े होकर जलसा सुना। दरगाह परिसर में तिल रखने को जगह नहीं बची। रात भर दरगाह शरीफ पर मसलके आला हजरत जिन्दाबाद उर्स ए बशीरी व मंजूरी जिन्दाबाद के नारे फिजा में गूंज उठे। बाद में ठीक 2 बजे मदरसा जामिया गौसिया बशीरूल उलूम बहेड़ी का जश्न ए दस्तकारबंदी आयोजित हुआ, जिसमें मदरसे से फारीग हुए 8 छात्रों की दस्तारबन्दी की गई। छात्रों के दस्तार उलेमा ए इकराम के मुबारक हाथों बांधी गई। बाद में ठीक रात 2 बजे इस 79वां सालाना दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी के आखिरी कुल शरीफ की मुबारक रस्म अदा की गई।

सलातो सलाम के बाद फातिहा ख्वानी के बाद सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां व मौलाना मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी ने देश में अमनों अमान के लिए खुसूसी दुआ फरमाई।



आखिरी कुल शरीफ की मुबारक रस्म के साथ 79वां सालाना दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी अमनों शान्ति के माहौल में सम्पन्न हो गया। बीती रात हुए इस आखिरी कुल शरीफ में मोहम्मद आरिफ एडवोकेट, कारी अतीक रजा, मौलाना मेहमूद उल हसन, मौलाना सईद, मौलाना जाहिद, हाफिज अकील अहमद, मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना खलीक अहमद शाहिदी, दरगाह प्रवक्ता मौलाना नाजिमुल कादरी, मुमताज शाहिदी, कारी ताहिर फैजानी, मुफ्ती हसन रजा मरकजी, हाजी अलीम अहमद, मुमताज शाहिदी, मौलाना निजामुद्दीन शाहिदी शामिल हुए।

बाद में सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां, मौलाना सय्यद नूरी मियां, मौलाना सय्यद हस्नेन मियां, सय्यद सिब्तैन मियां ने सभी अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया। उर्स ए बशीरी व मंजूरी के कार्यक्रम को लेकर एलआईयू इंस्पेक्टर अनुज चौधरी लगातार सय्यद सिब्तैन मियां के सम्पर्क में रहकर कार्यक्रम की अपडेट लेते रहे। आखिर में सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां, मौलाना सय्यद हसनैन मियां, सय्यद सिब्तैन मियां ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं नगर पालिका अध्यक्ष व मीडिया का शुक्रिया अदा किया।

# पुलिस ने तीन युवकों को अवैध तमंचे और कारतूस सहित दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन युवकों को अवैध तमंचे और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों युवकों को थाने लाने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

बीती 17 तारीख को पुलिस ने ग्राम ग्राम उतरसिया के जंगल मे लिपिटस के बाग के पास से मो. मोईन पुत्र मो. अय्यूब निवासी मोहल्ला टांडा पुलिस चौकी के पीछे कस्बा बहेड़ी व रुड़की रोड पॉलिटेक्निक कॉलेज से पहले हिस्ट्रीशीटर आसिफ उर्फ लंगड़ा पुत्र अब्दुल कादिर निवासी मोहल्ला मोहम्मदपुर कस्बा व थाना बहेड़ी और बीती 18 तारीख को वन विभाग तिराहा के पास से हिस्ट्रीशीटर फरमान उर्फ अय्या पुत्र इब्राहिम निवासी मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा बहेड़ी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों युवकों के पास से पुलिस ने 315 बोर के अवैध तमंचे व कारतूस बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों संग की बैठक

■ मतदेय स्थलों के विभाजन पर चर्चा, मांगे गए सुझाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जनपद के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदेय स्थलों के विभाजन (सम्भाजन) पर चर्चा की।

बैठक में बताया गया कि मतदेय स्थलों के विभाजन या पुनर्गठन के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी परिवार के मतदाता अलग-अलग स्थानों पर न बंटें, बल्कि उनके वोट एक ही सेक्शन और स्थान पर रहें। साथ ही, मतदाताओं को 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय न करनी पड़े।




जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ के आदेशों के तहत मतदाताओं की सुविधा के लिए 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों को विभाजित करके नए मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, मतदेय स्थलों का आलेख्य प्रकाशन 10 नवंबर, 2025 को कर दिया गया था। यह प्रकाशित सूची सभी सांसदों, विधायकों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई थी। उनसे 18 नवंबर, 2025 तक जिला निर्वाचन कार्यालय या संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में आपत्तियां और सुझाव उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने अपेक्षा की है कि विभाजन की योजना बनाते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि एक पोलिंग स्टेशन लोकेशन पर मतदेय स्थलों के बीच यथासंभव सामान्य संख्या में मतदाता हों और कोई भी परिवार न टूटे। इसी के अनुरूप, परिवार के सभी सदस्यों को समान अनुभाग और समान स्थान पर रखा गया है।

आज की बैठक में बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के विभाजन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उनके शिकायतें और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त सुझावों और शिकायतों के निस्तारण के बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

बैठक में सांसद बरेली छत्रपाल सिंह गंगवार और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण तथा अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गन्ने के अभाव में सेमीखेड़ा चीनी मिल बंद

■ जिले की एकमात्र किसान सहकारी मिल पर संकट, आपूर्ति का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिले की एकमात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा पर संकट लगातार बना हुआ है। पेराई सत्र के शुभारंभ से ही यह मिल चुनौतियों का सामना कर रही है। पहले मशीनरी में खराबी के कारण मिल ठप हुई और अब गन्ने के अभाव में मंगलवार को इसे बंद करना पड़ा।

मिल प्रबंधन ने गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में ऐलान कराया है। सेमीखेड़ा चीनी मिल के वर्तमान पेराई सत्र का शुभारंभ एक सप्ताह पूर्व मिल के अध्यक्ष डीएम सिंह ने किया था। तभी से मिल संकट के घेरे में है। मिल ने 12 नवंबर से पेराई शुरू की थी, लेकिन बेहद धीमी गति से। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुभारंभ से पहले दो बार तैयारियों का जायजा लिया था और मिल प्रबंधन को शुरुआत से ही पूरी क्षमता से मिल चलाने के निर्देश दिए थे। हालांकि, चीनी मिल की मशीनरी में खामी के कारण शनिवार को मिल पूरे दिन ठप रही थी। सूत्रों के अनुसार, मिल की मशीनरी में लगाया गया सामान मानक के अनुरूप न होकर कमीशन पर लिया गया है, जिस वजह से मशीनरी में लगातार खराबी आ रही है। वर्ष 1982 में स्थापित इस मिल का पहला पेराई सत्र 1984 में शुरू हुआ था। यह मिल अपना 42वां पेराई सत्र चला रही है। इस बार 35 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले वर्ष के 38 लाख क्विंटल के लक्ष्य से तीन लाख क्विंटल कम है। पिछले सीजन में केवल 23 लाख 20 हजार क्विंटल गन्ने की ही पेराई हो पाई थी। मंगलवार सुबह चीनी मिल यार्ड में गन्ने की कमी के चलते मिल 'नो केन' हो गई, जो दोपहर तक जारी रही। मिल प्रबंधन ने मिल यार्ड और मिल से जुड़े दस गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के गांवों में लाउडस्पीकर से ऐलान कराया है।

मिल प्रबंधन के मुताबिक अब तक तीन लाख क्विंटल गन्ने का इंडेन जारी किया जा चुका है, मगर मात्र 91 हजार ही गन्ने की आपूर्ति हुई है। सेमीखेड़ा चीनी मिल की पेराई क्षमता 24 घंटे में तीस हजार गन्ना पेराई की है, मगर मशीनरी के हालात को देखते हुए बीस हजार पर ही मिल चलाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक मिल प्रबंधन ने ट्रायल के तौर पर 25 हजार पर चला दी, जिससे गन्ने का अभाव हो गया। चीनी मिल सेमीखेड़ा के उपसभापति सत्यपाल गंगवार ने बताया कि उनको मिल में नोकेन होने की जानकारी मिली है। गन्ने की आपूर्ति को ऐलान कराया गया है। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में प्रधान प्रबंधक से बात करेंगे।



# शराब के नशे में धुत कार सवार ने खड़ी कार में मारी टक्कर

■ हादसे मे घायल हुए तीनों युवक अस्पताल से हुए फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** ट्रक यूनियन रोड पर एक कार रोड किनारे खड़ी कार से टकरा गई। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल हुए युवकों को इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से सभी युवक रफूचक्कर हो गए। वहीं इस मामले में रोड किनारे खड़ी कार मालिक ने मामले की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

बताया जाता है कि ट्रक यूनियन रोड पर बैंक ऑफ बड़ोदा के पास देर रात नशे में धुत कार सवारों ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से कार सवार तीनों युवकों को बाहर निकाला गया तो वह शराब के नशे में धुत थे।



इसपर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसपर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि इलाज शुरू होने से पहले ही तीनों अस्पताल से निकलकर फरार हो गए। तीनों युवकों की पहचान पिंदारी अशोक निवासी रिंकू पुत्र रामपाल सिंह, अमरजीत पुत्र श्यामलाल जितेंद्र पुत्र गंगाराम के रूप में हुई है।

उधर बैंक ऑफ बड़ोदा के पास रहने वाले उवैस पुत्र असलम का कहना है कि जब उसकी कार घर के पास खड़ी थी, तब नशे में धुत कार सवारों ने उसकी कार मे टक्कर मार दी। टक्कर से उसकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जब उसने उन लोगों से बात की तो वह गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गए। युवक का कहना है कि तीनों युवक शराब के नशे में धुत थे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम महुपुरा में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम महुपुरा निवासी ममता (30) पत्नी अतरपाल ने सोमवार दोपहर घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही ससुराल पक्ष ने ममता के मायके वालों को सूचित किया। सूचना पाकर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुकानों के किराए बढ़ोतरी से भड़के व्यापारी

## पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी का जबरन किराया ना बढ़ाये जाने का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका धामपुर द्वारा 15 साल बाद अचानक किराया तीन गुना बढ़ाने की तैयारी से शहर के व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। पालिका की संपत्तियों के किराए को नया 'न्यूनतम मानक' बताते हुए वसूली का निर्देश जारी किया गया, जिसे किरायेदारों ने 'अचानक किया गया बोझ' बताया।

किराया बढ़ाने की खबर मिलते ही मंगलवार को सैकड़ों व्यापारी पालिका कार्यालय पहुंचे और बढ़ते किराए का कड़ा विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन बिना व्यापारी संगठनों से वार्ता किए, एकतरफा निर्णय थोप रहा है, जिससे छोटे दुकानदारों पर गहरा आर्थिक असर पड़ेगा। उनका कहना था कि पहले ही जीएसटी, बाजार मंदी और ऑनलाइन व्यापार से बिक्री प्रभावित है, ऐसे में तीन गुनी किराया वृद्धि बिल्कुल अस्वीकार्य है।



अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने व्यापारियों से वार्ता करते हुए बताया कि पिछले 15 वर्षों से किराया नहीं बढ़ाया गया है, जबकि शासन पालिका की आय बढ़ाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दे चुका है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बढ़ोतरी अत्यधिक नहीं है और हर वर्ग के किरायेदारों को ध्यान में रखकर ही तय की गई है। लेकिन व्यापारी ईओ के जवाब से असंतुष्ट रहे और निर्णय वापस लेने की मांग पर अड़े रहे। ईओ ने कहा कि व्यापारी अपनी मांगें लिखित में दें, जिन्हें शासन स्तर पर भेजकर ही अंतिम कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद व्यापारी पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह से भी मिले। अध्यक्ष ने उन्हें आश्वासन दिया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और उनकी चिंता शासन तक पहुंचाई जाएगी।

इस मौके पर पालिका सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल, व्यापारी अनिल कुमार सिंह, पराग गुप्ता, राहुल अग्रवाल, राजकुमार दुआ, दुर्गेश राजपूत, आलोक कुमार, वसी अहमद, तेजवीर सिंह, आकाश ग्रोवर ,ओमकार अग्रवाल, राजीव कुमार, संजय कात्यायन, डा. जसवंत सिंह, विशंभर सिंह, इरशाद अहमद, नरेश कुमार, नसीम अहमद, संजीव कुमार सहित अनेक व्यापारी शामिल रहे।

# शिव सैनिकों ने हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे की पुण्य तिथि मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** धनोरा मार्ग स्थित ग्राम बागड़पुर शिवसेना क्षेत्रीय कार्यालय में सोनू चौधरी की अध्यक्षता व शोभित गुर्जर के संचालन में शिवसैनिकों की एक बैठक संपन्न हुई, जिसमें हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना संस्थापक स्व. बाला साहेब ठाकरे जी की 13 वी पुण्यतिथि मनाई।

इस मौके पर शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र का सपना बाला साहब ठाकरे ने हिंदुओं को दिखाया और कहा था कि जिस दिन हिंदू अपने धर्म के लिए जाग गया, उसी वक्त संपूर्ण भारत हिंदू राष्ट्र स्वयं घोषित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें चाहिए कि हम नवयुवकों में हिंदुत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाये और बाला साहब के इस सपने को पूर्ण करने का काम करे और हिंदू की रक्षा के लिए आगे आने का काम करे। उन्होंने भारतीय संस्कृति की सुरक्षा गौ माता की रक्षा एवं किसानों व मजदूरों के लिए संघर्ष करने का सभी शिव सैनिकों ने प्रण लिया और उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर शिव सैनिकों ने बाला साहब ठाकरे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वल कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर कमल प्रजापति, शोभित गुर्जर, संदीप बिल्ला, रानू ठाकुर, डा. पुलकित शर्मा, महेश शर्मा, उदय राज रवि, जगंपाल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता

## विजेताओं को मेडल व पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ब्लॉक किरतपुर की दो दिवसीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं ए.ए.एम. स्कूल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत गिरि और प्रधानाचार्या सोबिया खान ने 50 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया।

प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 50 व 100 मीटर दौड़ में साकिब (सिसौना जट) प्रथम रहे। जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में सुरभि (सरकड़ा खेड़ी) तथा 200 मीटर में नगमा (भोजपुरी) विजेता रहीं। बालकों की लंबी कूद में अनिकेत (भनेड़ा) तथा कबड्डी में सिसौना जट की टीम प्रथम आई। बालिका लंबी कूद में सुरभि (सरकड़ा), खो-खो में मेमन सादात की टीम और कबड्डी में पाडला की टीम विजेता रही। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में प्राथमिक स्तर पर रिया (गनौरा) और साकिब (सिसौना जट) जबकि जूनियर स्तर पर सुरभि (सरकड़ा खेड़ी) और पुनीत (आलमपुर गंगा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि शाहिद अली (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), अरविंद अहलावत (जिला व्यायाम शिक्षक) तथा सूर्यकांत गिरि (खंड शिक्षा अधिकारी) ने विजेताओं को मेडल व पुरस्कार प्रदान किए।

प्रतियोगिताओं का संचालन रोशन लाल के निर्देशन में मशकूर अहमद, मीनाक्षी जैन, आकांक्षा चौधरी और विशाल कुमार ने किया। निर्णायक मंडल में निरंकार, संजीव कुमार, तापस पाल, नितिन कुमार, कुलदीप कुमार, विनीत कुमार, विशाल यादव, अजय कुमार, प्रणयवीर, सचिन कुमार, संजय राणा, रागिब और प्रयाग शामिल रहे। व्यवस्था में अजहर, जमाल, आदेश पाल, आनंदपाल, गुलशन गुप्ता, एआरपी के.डी. आर्य, राजीव कुमार, नईम, रामेंद्र कुमार, असद जुबेर, सत्य प्रकाश, संजय कुमार, यशवीर राणा, रूपा चौधरी, स्काउट मास्टर बृजेश कुमार, प्रमोद कुमार, तथा मीनाक्षी, ऋषिपाल सिंह ने सहयोग किया।

## एक नजर

### एलएलएम में राधा रानी प्रथम



**चांदपुर।** स्याऊ निवासी राधा रानी ने एलएलएम क्रिमिनल लॉ द्वितीय वर्ष परीक्षा 2025 के परिणाम मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम श्रेणी मे सफलता अर्जित की है। राधा रानी ने बताया कि भगवन्त विश्वविद्यालय द्वारा जारी भगवन्त ग्रुप अजमेर से एलएलएम कर रही थी। राधा रानी ने प्रथम वर्ष परीक्षा मे 500 अंक मे से 379 अंक प्राप्त किए, जबकि द्वितीय वर्ष परीक्षा में 500 मे से 312 किए। दो वर्षो में 1000 अंकों में से राधा रानी ने 691 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी मे स्थान प्राप्त किया है। राधा रानी के एलएलएम क्रिमिनल लॉ द्वितीय वर्ष परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्याऊ स्थित राधा रानी के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उन्होंने इस परीक्षा में 69.10 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम डिवीजन प्राप्त किया है।

### सीओ ने किया थाने का निरीक्षण



**चांदपुर।** पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने थाना हीमपुर दीपा का त्रैमासिक निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, परिसर, मैस, मालखाना व हवालात इत्यादि को चेक कर सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने थाना निरीक्षण के दौरान सबकुछ ठीक ठाक पाए जाने पर हर्ष जताया। उधर इसी क्रम में उन्होंने थाना हीमपुर दीपा क्षेत्रान्तर्गत स्थानीय पुलिस बल के साथ शांति व कानून व्यवस्था तथा आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मुख्य मार्गों एवं भीडभाड वाले क्षेत्रों मे पैदल गश्त की तथा नागरिकों से मुलाकात कर उनसे अपनी बात साझा की। उन्होंने समस्त नागरिकों, ग्रामीण एवं सभी दुकानदारों, व्यापारियों आदि को हिदायत करते हुए कहा कि वे सभी अपने-अपने प्रतिष्ठानों, दुकानों आदि पर कैमरे लगाए।

### दो कंटेनर व एक डंपर आपस में भिड़े



**शेरकोट।** दो कंटेनर व एक डंपर के आपस मे भिड़ जाने से कंटेनर चालक घायल हो गये तथा हाईवे पर जाम की स्थिति बन गयी। जिला हरदोई निवासी दो कंटेनर चालक सत्तार व अशफाक हरिद्वार से बाइके लेकर उन्नाव जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वे शेरकोट-धामपुर मार्ग स्थित मनोकामना मंदिर के निकट पंहुचे तो पीछे से आ रहे एक डंपर ने कंटेनर को ओवरटेक करने का प्रयास किया। लेकिन इसी दौरान सामने से आ रहे एक कार को बचाने के प्रयास में डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे कंटेनर डिवाइडर पर जा चढ़ा तथा पीछे से आ रहा दूसरा कंटेनर आगे आगे चल रहे कंटेनर में जा घुसा और दोनों कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गए। हाईवे पर जाम की स्थिति हो गई। आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

### समाज सेविका ब्रजबाला सम्मानित



**धामपुर।** अनन्त श्रीशिवशक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम राजपूत विहार कॉलोनी पर आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज के सानिध्य में गौ सेवक सम्मान अभियान पर विचार विमर्श गोष्ठी आयोजित की गई। उसमें यह निर्णय लिया गया कि जो भी वयोवृद्ध जन हमारी धार्मिक गतिविधियों में सहयोगी रहे और अब आने जाने में असमर्थ हैं, अपने को अकेला महसूस कर रहे हैं उन्हें उनके पास जाकर सम्मानित किया जाए ताकि उन्हें अकेलापन महसूस न हो। उन्हें ऐसा न लगे कि आज हम असक्त हो गये तो समाज हमारी उपेक्षा कर रहा है। आप सभी को ज्ञात है कि अभी गोपाष्टमी के अवसर पर त्रिदिवसीय गौ कथा प्रवचन करते हुए आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज ने गौ महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। कुछ गौ सेवकों को सम्मानित किया। इसी श्रृंखला में हमारी हर धार्मिक गतिविधियों में समर्पित समाज सेविका ब्रजबाला अग्रवाल को उनके आवास पर सम्मानित किया गया। यह भावुक पल देख सभी लोग ने गौ माता के जयकारा लगाए। इस कार्यक्रम की सभी ने बहुत सराहना की।

# वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता यात्रा

## युवा वर्ग एवं छात्रों में दिखा उत्साह, स्वागत द्वारा लगाकर जगह-जगह की गई पुष्पवर्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर नगर में एक भव्य एकता यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा का नेतृत्व ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी व भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव पाराशर ने किया। पूरे नगर में देशभक्ति और एकता का अद्वितीय उत्साह देखने को मिला। ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी पूरे कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे, जिनकी अगुवाई में युवा वर्ग और छात्रों में विशेष ऊर्जा देखने को मिली।



एकता यात्रा में नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों सत्यवती मेमोरियल एकेडमी, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, हिंदू इंटर कॉलेज, श्री देवा शंकर विद्या मंदिर, मदनी इंटर कॉलेज, मुस्लिम इंटर कॉलेज, नारायण दास रस्तोगी इंटर कॉलेज, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, मौलाना जौहर अली डिग्री कॉलेज व रामा डिग्री कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों ने तिरंगे और सरदार पटेल की प्रतिमाएं लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ हिंदू इंटर कॉलेज से हुआ और हरिहर मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यात्रा अंबेडकर चौराहा, मुख्य बाजार, रामलीला ग्राउंड से होती हुई सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर पुष्प वर्षा से आगंतुकों का स्वागत किया। यात्रा में भारत माता की जय और सरदार पटेल अमर रहें के नारे गूंजते रहे।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद हाथरस अनूप प्रधान (पूर्व राज्य मंत्री) ने सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण पर आधारित प्रेरक भाषण दिया। कार्यक्रम को क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता पूर्व सांसद नगीना डॉ. यशवंत सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने किया।



यात्रा में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष दिनेश सैनी, जिला महामंत्री विनय राणा, डॉ. बीरबल बिजनौर, क्षेत्रीय शोध विभाग प्रमुख रजनी कालरा, सोशल मीडिया प्रमुख अनुज, वरिष्ठ भाजपा नेता सोनू वर्मा, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण किरतपुर जितेंद्र मलिक, नगीना मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल, सुभाष शर्मा, नगर महामंत्री शिवम सिंघल सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने अखंड भारत की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि यह एकता यात्रा केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सार्थक करने का संदेश बनकर उभरी है। नगरवासियों ने सिद्ध किया कि जब बात देश और एकता की हो, तो समाज हर भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट हो जाता है।

इस मौके पर काजी तारिक अली सिद्दीकी, चौधरी शोएब , डा. अमजद, उस्मान ठाकुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

**कोतवाली देहात।** किरतपुर नहटौर मार्ग पर ग्राम पेरूवाला स्थित एक फैक्ट्री में काम करते हुए रात्रि 12:00 बजे एक कर्मचारी अचानक गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। चिकित्सक ने हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जताई है।

क्षेत्र के ग्राम सैदपुरी निवासी अर्जुन सिंह (42 वर्ष) ग्राम पेरूवाला स्थित मार्टिन फैक्ट्री में काम करने गए थे। रात्रि 12:00 बजे वह अचानक गिर पड़े। साथ में काम कर रहे साथी कर्मचारियों ने अर्जुन सिंह को उठाया। कर्मचारी रात में ही अर्जुन सिंह को चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फैक्ट्री में काम कर रहे साथी कर्मचारियों ने बताया कि अर्जुन सिंह बिल्कुल ठीक थे और सही प्रकार अपना काम कर रहे थे। अचानक ही वह गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। मौत का कारण हार्ट अटैक होने की आशंका जाहिर की। अर्जुन सिंह अविवाहित थे। अर्जुन सिंह की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत ली शपथ



**धामपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के 05 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय धामपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में तथा डा. अर्चना कुन्तल के संयोजन एवं संचालन में सम्पन्न हुआ। उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं हेतु 'गुरू नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर द्वारा आयोजित भव्य समारोह को वेबेक्स' एप्लीकेशन के माध्यम से प्रोजेक्टर पर प्रदर्शित किया गया। इसके उपरान्त नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत सभी ने संयुक्त रूप से शपथ ली। तदुपरान्त भाषण प्रतियोगिता एवं नशा मुक्ति स्लोगन, कविता आदि कार्यक्रम छात्राओं द्वारा किये गये। कु. रूपाक्षी, कु. तनु, कु. ऋतिका आदि अनेक छात्राओं ने नशे से होने वाली विकृतियों पर अपने विचार रखें। प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी देश का भविष्य और देश की तरक्की देश के युवाओं पर टिकी होती है। यदि हमारी युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते पर चलने लग जायेगी तो निश्चित तौर पर उनका ही नहीं अपितु हमारे देश का भविष्य भी अंधकार में चला जायेगा। कार्यक्रम में डा. रेनू सिंह, डा. पूनम रानी, डा. मीनाक्षी, कु. नगमा परवीन, श्रीमती प्रियंका जैन, चन्द्रभान, अमित आदि शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहें तथा छात्रायें उपस्थित रही।

# किशोरी को भगाने के आरोपी का चालान

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का पड़ोस के ही गांव के आशु पुत्र करन सिंह उर्फ टिल्लू से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लगभग दस दिन पूर्व किशोरी को अपने साथ ले गया था। किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक व उसके पिता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने आशु को गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चलकर जेल भेज दिया।

# लाल बाइक से आए चोर, काली बाइक उड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और अब बाइक चोर गिरोह खुलकर सक्रिय दिखाई दे रहा है। ताजा घटना मनभावन बैंकट हॉल के सामने वाली लाज गली की है, जहां सोमवार देर शाम दो युवकों ने फिल्मी अंदाज में बाइक चोरी कर ली।

घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात साफ रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में दिखाई देता है कि दो युवक लाल रंग की मोटरसाइकिल पर आए। उनमें से एक युवक बाइक पर बैठा रहकर आसपास की हलचल पर नजर रखता रहा, जबकि दूसरा युवक गली में कुछ देर तक रेकी करता रहा।



धामपुर में फिर सक्रिय हुआ चोर गिरोह

जैसे ही मौके पर कोई नहीं दिखा, युवक तेजी से मौहल्ला निवासी बिन्टू कुमार की काली बाइक पर बैठा और पलक झपकते ही बाइक स्टार्ट कर भाग निकला। उसका साथी भी अपनी लाल बाइक लेकर तुरंत फरार हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों चोरों के चेहरे स्पष्ट दिख रहे हैं। मोहल्लेवासियों ने पुलिस से चोरी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# क्लीनिक में नीलगाय घुसने से अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल क्षेत्र के केमिकल रोड पर बीती रात एक नीलगाय के अचानक प्रवेश करने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। क्षेत्रवासी पहले से ही इस मार्ग पर पालतू जानवरों की बढ़ती आवाजाही से परेशान हैं, लेकिन अब जंगली जानव. रों का आबादी में पहुंचना नई चिंता का विषय बन गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक नीलगाय तेज रफ्तार में सड़क पार करने लगी और रास्ता न मिलने पर सीधे एक क्लीनिक के अंदर जा घुसी। क्लीनिक में मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। करीब दस मिनट तक नीलगाय अंदर ही खड़ी रही। बाहर मौजूद लोग इसे बाहर निकालने का प्रयास करते रहे, मगर हालात नियंत्रण में नहीं आ रहे थे।



कुछ देर बाद नीलगाय जैसे ही बाहर निकली, तेज रफ्तार से सड़क पर दौड़ गई। अचानक आए इस मंजर से कई बाइक सवार घबरा गए और सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

पूरी घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसकी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुगर मिल रोड पर स्ट्रीट लाइट की खराबी और वन विभाग की लापरवाही के कारण जानवरों की आवाजाही बढ़ती जा रही है। उन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# दस करोड़ से चमकेगी गजरौला की सूरत

## पुराने डाकखाने तक बनेगी सीसी रोड, देवताओं व महापुरूषों के नाम पर बनेंगे स्वागत द्वार

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** दस करोड़ के विकास कार्यों को नगर पालिका परिषद की बोर्ड में हरी झंडी मिल गई है। शांतिपूर्वक वातावरण में आयोजित हुई बैठक में सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। पुराने डाकखाने तक जहां सीसी रोड बनाई जाएगी तो वहीं देवताओं और महापुरूषों के नाम पर स्वागत द्वार भी नगर की शोभा बढ़ाएंगे।

मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित हुई बोर्ड की बैठक में ईओ ललित कुमार आर्य ने संच. ालन करते हुए गत बैठक की पुष्टि की। इसके बाद ईओ ने सभासदों से कहा कि सभी प्रस्ताव पिछली बार के एजेंडे अनुरूप ही हैं, जिस पर सभी सभासदों ने स्वीकृति देकर सभी प्रस्तावों पर मोहर लगा दी।

### नगर के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिवद्धः राजेन्द्री

चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी कहा कि वे नगर के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिवद्ध हैं। बोर्ड के सहयोग से सभी वार्डों का समुचित विकास कराना उनकी प्राथमिकता रही है। बैठक में पारित हुए प्रस्तावों में नगर के मोहल्ला भानपुर में पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह द्वार, मोहल्ला अम्बेडकरनगर में डॉ. अम्बेडकर द्वार, मोहल्ला मायापुरी मण्डी समिति रोड पर भगवान श्रीराम द्वार, नवादा रोड पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम द्वार, सादल्लेपुर रोड पर महाराणा प्रताप द्वार के साथ साथ समेत डिवाईडरों की मरम्मत, मोहल्ला

### शांतिपूर्वक रूप से हुई बोर्ड की बैठक

लोहियानगर में जीर्ण-शीर्ण हो चुकी अवन्तिका धर्मशाला के पुनर्निर्माण, मोहल्ला नाईपुरा में जीर्ण-शीर्ण हो चुकी धर्मशाला का नवनिर्माण, मोहल्ला प्रेमनगर में महर्षि वाल्मीकी धर्मशाला का सौन्दर्यकरण कराने, पालिका की सम्पत्ति पर बाउंड्रीवॉल का निर्माण, 02 स्थानों पर मिनी ट्यूबवेल की स्थापना, अधिशासी अधिकारी के आवास का निर्माण, औद्योगिक क्षेत्र से उत्सर्जित होने वाले कचरे को यूपीएसआईडीसी के माध्यम निकाय के कूड़ा प्रसंस्करण केन्द्र पर डम्प करने हेतु केयरिंग चार्ज वसूलने, पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत रेलवे ओवर ब्रिज के दोनों तरफ वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क जमा, इंदिरा चौक से पुराने डाकखाने तक बस्ती रोड तक सीसी रोड निर्माण व साइड पटरी निर्माण समेत विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर की स्थापना के प्रस्ताव शामिल हैं। इन सभी कार्यों में दस करोड़ रूपये की धनराशि का व्यय होगा। बैठक में नगर स्वच्छता प्रेरक/पूर्व विधायक हरपाल सिंह, लेखाकर आदेश कुमार अग्रवाल, लिपिक ललित कुमार, अजय गोस्वामी, इरशाद, वंदना अग्रवाल, अक्षय शुक्ला, रविन्द्र सिंह, शिवम अग्रवाल समेत सभासद रौनकी, राजपाल सिंह, कविता, सोनिका सिंह, सुमन, अरकान आलम, अरविंद कुमार, सुन्दर, चन्द्रपाल, योगेश चौहान, अरविंद यादव, रानी, कपिल सिंह, कपिल रावत, विनीता अग्रवाल, विजेन्द्र, नफीस अहमद, मनु शर्मा, अंशू, सौरभ वर्मा, ब्रजेश कुमार, सरताज अहमद, विरेन्द्र वर्मा आदि मौजूद रहे। बैठक के दौरान 25 सभासदों के बोर्ड में से 24 सभासद सम्मिलित रहे, जबकि पुष्पा चौधरी नहीं शामिल हुईं। वहीं वार्ड सभासद सरताज अहमद ने वार्डों में बेहतर सफाई व्यवस्था, सौरभ वर्मा ने पेयजल का मुद्दा रखा तो कई सभासदों ने पथ प्रकाश आदि के बारे में भी अपने मुद्दे रखे, साथ ही राशन कार्ड न बनने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया, वहीं सभासद योगेश चौहान ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान द्वार बनवाए जाने की मांग की।



गजरौला। नगर पालिका बोर्ड की बैठक को संबोधित करतीं चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी।

### पिछली बैठक की तरह न हो हंगामा, तैनात रही पुलिस

**शाह टाइम्स, संवाददाता गजरौला।** 25 सितम्बर को हुई पिछली बोर्ड बैठक में काफी हंगामा हुआ और वह बैठक निरस्त हो गई थी। पूर्व विधायक और सभासदों ने एक दूसरे के विरूद्ध मुकदमे भी दर्ज कराए थे, जिनकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही हैं। पिछले घटना की पुनरावृत्ति न हो इसलिए अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा देवी ने सोमवार को प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया को पत्र भेजकर पुलिस बल की मांग की थी। जिसके बाद बैठक के दौरान पुलिस मुस्तैद रही, हालांकि बैठक शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गई।

# गैंगस्टर के दोषी को सात साल की सजा

## कोर्ट ने पांच हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गैंगस्टर एक्ट के मामले में अदालत ने दोषी को सात साल एक महीना 11 दिन जेल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दोषी जमानत पर था, अदालत से सजा सुनाए जाने के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

मामला थाना आदमपुर से जुड़ा था। साल 2015 में तत्कालीन एसओ ने सैदनगली के कस्बा उझारी के मोहल्ला कुरैशियान के रहने वाले इमरान उर्फ मान के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने इमरान उर्फ मान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तभी से मुकदमे की सुनवाई स्थानीय एक अदालत में विचाराधीन थी जबकि इमरान उर्फ मान इस मामले में जमानत पर था। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि सोमवार को इस मुकदमे में अदालत ने आखिरी सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार इमरान उर्फ मान को सात साल एक महीने 11 दिन जेल की सजा सुनाई तथा पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, सजा सुनाए जाते वक्त अदालत में हाजिर दोषी इमरान को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि ऑपरेशन कन्वीक्शन के तहत अपराधियों को सजा कराने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। जिसमें अमरोहा पुलिस की प्रभावी पैरवी महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

# त्रिलोपिया में सड़क पर जमकर चले लाठी डंडे

## बाइक की टक्कर से शुरू हुआ विवाद, जमकर हुई मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बाइक सवार की टक्कर से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। क्रॉकरी दुकान पर हमला कर तोड़फोड़ की गई और सड़क पर लात-घूंसे चले। घटना में कई लोग घायल हो गए और दुकान का सामान भी टूट गया। पुलिस ने मामले में दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।



घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में मोहल्ला गुजरी (त्रिपोलिया) की है। यहां पर अतीक अहमद का परिवार रहता है। उनके बेटे हस्सान की गुजरी बाजार में क्रॉकरी की दुकान है। 16 नवंबर की शाम में करीब 5:30 बजे वह घर से अपनी दुकान की ओर जा रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक सवार एक युवक ने उन्हें टक्कर मार दी। पहिए में पैर उलझने के कारण हस्सान गिरकर घायल हो गया। इसके बाद मौके पर जमा लोगों ने बाइक सवार युवक की गलती बताते हुए उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि थोड़ी देर बाद युवक के पक्ष में मोहल्ला कसाईखाना से बड़ी संख्या में आए लोगों ने क्रॉकरी की दुकान में घुसकर धावा बोल दिया। बर्तनों में तोड़फोड़ करते हुए वहां जमकर उत्पात मचाया। देखते ही देखते झगड़ा दो गुटों के बीच बंटता चला गया।दुकानदार हस्सान की तरफ से भी लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों गुट के लोगों ने बीच सड़क एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हमला बोल दिया। लात-घूंसों के बीच बर्तनों को हवा में उछालने से राहगीरों में भगदड़ मच गई। उसी दौरान वहां मौजूद लोगों ने पूरा घटनाक्रम मोबाइल फोन में कैद कर लिया। उधर, झगड़े की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। भीड़ को खदेड़ते हुए बिगड़ते हालात को संभाला गया। मौका पाकर हमलावर फरार हो गए। प्रभार निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है। वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# रूई से भरे ट्रक में लगी आग, लाखों का नुकसान

## खम्भे से ट्रक टकराने के बाद हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तारों से निकली चिंगारी रूई से भरे ट्रक पर गिर गयी। जिससे देखते ही देखते ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

घटना सोमवार रात करीब दस बजे शहर कोतवाली क्षेत्र में कांकर सराय मार्ग की है। मोहल्ला दरबारे कलां निवासी लाला मंसूरी व हाजी अहमद के यहां रूई के कारखाने हैं। रात में इन दोनों के कारखानों से माल कोलकाता जा रहा था। जैसे ही रूई के बोरे भरकर ट्रक गोदाम से निकला तो अचानक अनियंत्रित हो गया। बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे से टक्कर हो गई। जिससे तारों में स्पार्किंग हुई तथा चिंगारी ट्रक पर गिर गई। जिससे रूई के बोरों ने आग पकड़ ली। ट्रक में आग लगने पर चालक ने कूद कर खुद को सुरक्षित बचाया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा बिजलीघर कॉल कर सप्लाई बंद कराई। वहीं, सूचना मिलते ही दमकल टीम भी आ गई थी। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। घटना में लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। अग्निकांड से काफी देर तक मोहल्ले में अफरातफरी मची रही जबकि ट्रक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# चोर के खिलाफ कोतवाली गेट पर किया प्रदर्शन

## पुलिस पर लगाया मिलीभगत का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव फूलपुर बीझलपुर निवासी जसराम ने अपनी बेटी के साथ हुई मारपीट और घर से आभूषणों की चोरी के मामले में पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कोतवाली गेट के सामने परिवार के साथ प्रदर्शन किया। पीड़ित जसराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 17 नवंबर को दोपहर करीब 1 बजे जब मजदूरी से लौट रहा था। तब रास्ते में गाँव डाके वाली के एक युवक ने उसके साथ खाना खाने की इच्छा जताई। जसराम उसे अपने घर ले आया। युवक ने शराब का क्वार्टर लाने को कहा जिस पर जसराम ठेके पर चला गया। जब जसराम वापस लौटा तो घर पर भीड़ जमा थी। उसकी नाबा. लिग बेटी ने बताया कि युवक संदूक में रखे चाँदी की दो हसली, दो खंडवे, एक गले का पेंडल, और सोने की एक लौंग, एक जोड़ी कुंडल चोरी करके ले गया। विरोध करने पर युवक ने उसे लात-घूँसों और थप्पड़ों से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई न करने से नाराज पीड़ित परिवार ने कोतवाली पर प्रदर्शन किया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है। जिसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाये।

# हसनपुर के युवक की मुजफ्फरनगर में मौत

## हाइवे पर निर्माण के दौरान ट्रैक्टर के नीचे दबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के युवक की मुजफ्फरनगर के फुगाना क्षेत्र में दिल्ली देहरादून हाईवे पर निर्माण कार्य के दौरान हादसे में मौत हो गई। मिट्टी की ढंग से ट्रैक्टर फिसलने के कारण यह हादसा हुआ है।



मृतक मजदूर की पहचान हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव गांगटकोला निवासी निवासी 19 वर्षीय सुधांशु नागर पुत्र सत्यवीर के रूप में हुई है। सुधांशु ट्रैक्टर पर मिट्टी की ढांग पर काम कर रहा था। तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर फिसल गया। और ट्रैक्टर के नीचे दबकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई । सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना पर परिजन भी रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये। मंगलवार को मृतक सुधांशु नागर का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। मृतक दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। उसकी मौत से मन इंद्रवती समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जहां गमगीन माहौल में मृतक के शव का गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## एक नजर

### खेत में पड़ा मिला मृत नीलगाय का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** खेत में मरी हुई नीलगाय के मिलने से मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पोस्टमार्टम होने के बाद नीलगाय के शव को दबा दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई भूड़ में मंगलवार की सुबह करन सिंह पुत्र पतराम सिंह के खेत में एक मरी हुई नीलगाय पड़ी थी। नीलगाय के पेट पर जख्म के निशान थे। सूचना मिलने पर कोतवाल प्रेमपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। वन विभाग की टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई। वन विभाग ने नीलगाय का पोस्टमार्टम करने को भेज दिया। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नीलगाय के नुकीली चीज से घाव होने की पुष्टि हुई है। बाद में नीलगाय के शव को जमीन में गड्ढा खोदने के बाद दबा दिया गया।

### पुलिस ने पकड़ी बीस लीटर कच्ची शराब

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आबकारी विभाग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर 20 लीटर अवैध शराब को पकड़ लिया। टीम ने 400 किलो लहन को भी नष्ट किया है। मंगलवार को आबकारी विभाग की टीम ने गांव लुहारी के जंगल में छापा मार कर 20 लीटर अवैध कच्ची शराब को पकड़ लिया। पुलिस ने इस मामले में एक अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है। आबकारी पुलिस ने मौके से 400 किलो लहन को भी नष्ट कर दिया। छापेमारी कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम के निरीक्षक रामकुमार यादव राजकुमार प्रधान अनीस अहमद राजेंद्र सिंह अनिल कुमार यादव आदि मौजूद थे।

### जमीन बंटवारे को दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव गांदीखेड़ा में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद ने मंगलवार को उग्र रूप ले लिया। दो पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से तनाव बना हुआ था। मंगलवार को विवाद फिर भड़क गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और एक पक्ष से मूलचंद, गौरव, जोगेंद्र तथा दूसरे पक्ष से सोनू को हिरासत में लिया। चारों आरोपियों को शांति भंग की कार्रवाई में चालान कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### वाईएमएस में लगा एनसीसी कैम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** वाई डिग्री कॉलेज में 18 से 27 नवंबर तक एनसीसी का सीएटीसी-111 एवं युवा आपदा कैंप आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अमरोहा व संभल जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कुल 600 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। कैंप कमांडर कर्नल गौतम राय ने बताया कि शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में नेतृत्व, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय चेतना विकसित करना है। प्रशिक्षण में ड्रिल परेड, टेंट पिचिंग, ऑब्सटेकल ट्रेनिंग, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, आपदा प्रबंधन तथा नेवल ओरिएंटेशन शामिल हैं। पहले दिन कैडेट्स का बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन, स्वास्थ्य परीक्षण और दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। लड़के-लड़कियों के लिए अलग लिविंग एरिया बनाए गए हैं। शिविर में कर्नल गौतम राय के साथ सूबेदार मेजर यशपाल सिंह, जेसीओ ज्ञान सिंह, सूबेदार शिव कुमार, हवलदार फारूक अहमद, लेफ्टिनेंट संजीव कुमार, लेफ्टिनेंट संतोष सिंह, थर्ड ऑफिसर खुशनबी सैफी, ओम प्रकाश, केयरटेकर नीरज गहलोत, रिजवान अहमद, संजीव कुमार, मोहम्मद रियाज सैफी, डॉ. अरविंद कुमार, सूबेदार धर्मेंद्र सिंह, सूबेदार हबीब, हवलदार पवन कुमार और दलजीत सिंह मौजूद रहे।

# पिटबुल ने बकरी को चीरकर फाड़ डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** थाना रहरा क्षेत्र में मंगलवार को घटी एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके में खौफ का माहौल पैदा कर दिया। रहरा निवासी माया देवी पत्नी काबिद्र आदमपुर से बाजार से बकरी खरीदकर लौट रही थीं। दोपहर करीब तीन बजे जैसे ही वह रहरा अड्डे पर उतरीं अचानक एक पालतू पिटबुल डॉग ने उनकी बकरी पर हमला कर दिया। कुछ ही सेकंड में पिटबुल ने बकरी को बुरी तरह नोचकर मौत के घाट उतार दिया। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही

### लोगों ने मोबाइल से बनायी वीडियो

कि पूरी घटना राहगीरों के मोबाइल कैमरों में कैद हो गई। देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वीडियो में बकरी को बचाने के ग्रामीणों के प्रयास और पिटबुल की आक्रामक हरकतें स्पष्ट दिख रही हैं। वायरल फुटेज ने लोगों के गुस्से को और भड़का दिया है। ग्रामीण खतरनाक नस्ल के कुत्तों को खुले में छोड़ने वाले मालिकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि बिना सुरक्षा उपायों के ऐसे ताकतवर कुत्तों का खुले में घूमना किसी भी वक्त बड़ी घटना को जन्म दे सकता है। केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पिटबुल समेत कुत्तों की 23 नस्लों के पालन पर प्रतिबंध लगा रखा है। बावजूद इसके पिटबुल कुत्ते का पालन किया जा रहा है।

# आग में झुलसी विवाहिता की हालत नाजुक

## आरोपी पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आग में झुलसी विवा. हिता की हालत फिलहाल नाजुक बनी है। आरोपियों की तलाश में दिल्ली पहुंची थाना पुलिस ने सोमवार रात पति अकबर उर्फ मोनू को सफदरजंग अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को चालान कर उसे जेल भेज दिया। इसी बीच पीड़िता के दो वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिसमें वह इन हालात को लेकर अपने नसीब को बुरा कहती दिख रही है। बताया जा रहा है ये वीडियो उसके पति ने बनाए हैं। जिसमें विवाहिता के चेहरे पर पट्टियां बंधी हुई हैं और मुंह में ट्यूब पड़ी होने से तकलीफ की वजह से उससे बोला तक नहीं जा रहा है। शनिवार को नौगावां सादात के मोहल्ला अलीनगर निवासी अकबर उर्फ मोनू की पत्नी निशा परवीन संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग में गंभीर रूप से झुलस गई थी। बताते हैं कि कई दिन से परिवार में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि विवाहिता के जलने के बाद पति व अन्य ससुराल वाले घर से फरार हो गए थे। मायके वालों ने ही उसे पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया था। मामले में विवाहिता के पिता कायम अब्बास ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। लिहाजा पुलिस ने इस मामले में पति अकबर उर्फ मोनू, ससुर मोहम्मद अली, सास शायदा, अब्बास अली व जुहैर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। वहीं, सफदरजंग अस्पताल में भर्ती निशा परवीन की हालत अब भी गंभीर बनी है। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि आरोपी पति अकबर उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सूचना पर सोमवार रात दिल्ली पहुंची पुलिस टीम ने उसे अस्पताल से ही दबोच लिया था। पीड़िता के दो वीडियो भी सामने आए हैं, जिनकी जांच कराई जा रही है। फरार अन्य आरोपियों को भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मिनी मैराथन दौड़ में आकाश व अंशु रहे अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन एवं श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन पुरुष वर्ग में आकाश एवं महिला वर्ग में अंशु सबसे तेज दौड़े जबकि बुजुर्गों की दौड़ में डॉ.दर्पण कौशिक अव्वल रहे।

मंगलवार को तिगरी मार्ग पर गांव कुमराला स्थित एचसीएस इंटर कॉलेज से शुरू हुई मिनी मैराथन को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सीएमओ डॉ. एसपी सिंह एवं मंडी धनौर की एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने मैराथन में सम्मिलित

### डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

होने वाले यूथ और बुजुर्गों की सराहना करते हुए मनोबल बढ़ाया, साथ ही एड्स रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया। जेबीएफ के मेडिकल हेड डॉ.सुर्. जंदर फोगाट ने बताया कि मिनी मैराथन दौड़ का उद्देश्य लोगों में एड्स से बचाव के प्रति जागरूकता लाना है। सीएमओ डॉ.एसपी सिंह ने इस आयोजन की प्रशंसा की। पांच किलोमीटर की यह मिनी मैराथन गांव तिगरी में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर संपन्न हुई। मैराथन में शामिल युवा हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए और नारे लगाते हुए चल रहे थे। मिनी मैराथन के पुरुष वर्ग में गजरौला धनौरा निवासी आकाश द्वितीय व



राजकुमार तीसरे स्थान पर रहे, इसी तरह महिला दौड़ में उदीसा द्वितीय व घनिष्ठा तृतीय रहे। बुजुर्गों की दौड़ में मुनीराम दूसरे व महेंद्र मौर्य तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.डॉक्टर कृष्णकांत दवे, जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के यूनिट हेड देवेंद्र बंसल, जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, एचसीएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक सर्वेंद्र सिंह, ऋषिपाल सिंह परमार, गजरौला सीएचसी अधीक्षक डॉ.योगेंद्र सिंह, जेबीएफ में सीएसआर कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव आदि भी मौजूद रहे। वहीं दौड़ देखने के लिए आसपास के ग्रामीण भी जुटे रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु एवं सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की बैठक सम्पन्न

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति एवं सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न औद्योगिक एवं वित्तीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को लक्ष्य के अनुरूप ऋण न उपलब्ध कराए जाने पर यूपी ग्रामीण बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं के अनुरूप समयबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अपना उद्योग स्थापित कर सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि अन्य बैंक भी ऋण वितरण में तेजी लाएँ। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास



अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन बैंकों की ऋण उपलब्ध कराने की प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनकी अलग से समीक्षा सुनिश्चित की जाए। जिला उद्योग बंधु समिति के अंतर्गत निलंबरा एग्रो , स्वाति मेंथॉल एवं कृष्णा एंटरप्राइजेज के मुद्दों के त्वरित निस्तारण के लिए उद्यमियों ने जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही नवागत जिलाधिकारी का आईआईए एवं लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। बैठक के दौरान अम्बिका वुड के प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि फैक्ट्री की ओर जाने वाली सड़क कच्ची होने के कारण भारी वाहनों के आवागमन में कठिनाई उत्पन्न होती है।

इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी एवं उपायुक्त उद्योग को सड़क का अनुमान (स्टीमेट) तैयार कराने हेतु निर्देशित किया।

लघु भारती की ओर से अवगत कराया गया कि ब्लॉक चमरौआ का बढ़पुरा क्षेत्र काफी असुरक्षित है, जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस पेट्रोलिंग की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए। इसके अलावा बरेली रोड स्थित मैसर्स स्वाति मैन्थॉल एंड एलाइड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा बैंक गारंटी अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त उद्योग ने जिलाधिकारी को जीबीसी 5.0 की प्रगति के बारे में अवगत कराया और जिले में स्थापित होने वाले नए उद्योगों के बारे में जानकारी दी। बैठक में सम्बन्धित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीगण, बैंकर्स एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# आरसेटी में 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को पहाड़ी गेट स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (आरसेटी) रामपुर में 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर (ब्यूटी पार्लर) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन एलडीएम शिवांग जोशी व आरसेटी निदेशक देशराज मीणा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए अग्रणी जिला प्रबन्धक शिवांग जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाएं जा रहीं हैं जिसके माध्यम से महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहराया है।

ब्यूटी पार्लर के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं पहले कुछ ही जगहों पर पार्लर का कार्य होता था लेकिन आज के दौरान में ग्रामीण इलाकों में भी पार्लर का कार्य बहुत ही तेजी से किया जा रहा है। सरकार दारा चलाई जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं के माध्यम से आप बैंक से ऋण लेकर अपने कार्य को आगे बढ़ा सकतीं हैं। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आरसेटी निदेशक देशराज मीणा ने कहा कि जिस लगन और मेहनत के साथ आप ने प्रशिक्षण पूर्ण किया है उसी लगन के साथ अपने कार्य की शुरुआत करें और समाज मे अपनी अलग पहचान बनाएं। फैकल्टी सरफराज हुसैन ने बताया कि इस 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ प्रशिक्षणार्थियों को व्यक्तित्व विकास, परियोजना रिपोर्ट , समय प्रबंधन, मार्केटिंग मैनेजमेंट, व बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# दर्दनाक सड़क हादसा: अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कार को मारी टक्कर, दंपति और बेटा गंभीर घायल

### सैफनी के धनौरा मोड़ पर हुआ हादसा, तीनों घायलों को रेफर किया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी।** क्षेत्र के गांव पट्टी फाजिलाबाद निवासी एक परिवार उस समय एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया, जब उनकी कार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। सोमवार की रात करीब 11 बजे हुए इस भीषण हादसे में कार सवार पति-पत्नी और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर किया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पट्टी फाजिलाबाद निवासी ओमकार (उम्र 35), उनके पिता रोशन सिंह (उम्र 58) और माता रेवती देवी (उम्र 55) सोमवार की रात करीब 11:00 बजे सैफनी के एक डॉक्टर से दवा लेकर अपनी अर्टिगा कार (अर्टिगा कार) से वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार धनौरा मोड़ के पास पहुंची, तभी शाहाबाद की तरफ



से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्टिगा कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तत्काल 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। एंबुलेंस पर मौजूद ईएमटी विनीत कुमार और पायलट रवेंद्र ने घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए तत्काल सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया। चूंकि तीनों घायलों, रोशन सिंह, रेवती देवी और ओमकार की हालत चिंता. जनक बनी हुई थी, इसलिए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, घायलों की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# देश व समाज का हित भाजपा की प्राथमिकता और सेवा का संकल्प: हरीश भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने स्वार में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**( सुहैल मियॉ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने ब्लाक सभागार में भाजपा पदाधिकारीयो की एक बैठक आहूत हुई जिसमें उन्होंने बोलते हुए कहा देश व समाज का हित भाजपा की प्राथमिकता और सेवा का संकल्प से है। इसी के साथ कार्यकर्ता जनता के बीच समन्वय और विश्वास के साथ जाएं। केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रसार करें और पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करें।आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही कार्यकर्ताओं का मुख्य दायित्व है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन की मजबूती तभी संभव है जब प्रत्येक कार्यकर्ता जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ अपनी भूमिका निभाए। बैठक में उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा की कार्यशैली निरंतर जनसंपर्क और पारदर्शिता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास कार्य तभी सार्थक होते हैं, जब स्थानीय लोगों की जरूरतों और समस्याओं को समझकर योजनाएँ बनाई जाएँ। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और संगठन विस्तार के लिए विभिन्न दिशानिर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुँचाने में कार्यकर्ताओं की सक्रियता सबसे अहम है। बैठक के दौरान स्थानीय मुद्दों, विकास परियोजनाओं और संगठनात्मक गति. विधियों पर भी चर्चा हुई। अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से जनता के बीच अधिक से अधिक पहुँच बनाने और सेवा भाव को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत बनाने की अपील की। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता, पूर्व विधायक अली यूसुफ अली, दिनेश गोयल, महेंद्र सैनी, राज. कुमार सैनी, विकास दीक्षित, अर्जुन रस्तोगी, योगेश सैनी, पंकज सैनी, खालिद, हरिओम मौर्य, जयवर्धन मौर्य, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।



# ककरौआ न्याय पंचायत की मासिक शिक्षक संकुल बैठक में मनकरा में जुटे शिक्षक खण्ड शिक्षा अधिकारी चमरौआ ने ऑनलाइन कार्य तुरंत निपटाने और एसआईआर कार्य जिम्मेदारी से करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार चमरौआ ब्लॉक की न्याय पंचायत ककरौआ में विद्यालय समय उपरांत मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय मनकरा में किया गया। बैठक का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी चमरौआ मदनलाल वर्मा, ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासि. चव काशिफ खां, एआरपी परितोष चौहान, नोडल शिक्षक संकुल प्रसन्न प्रकाश, शिक्षक संकुल चमन सिंह गौतम, अनिकेत प्रकाश सक्सेना, राफिया खानम, रफत जहां, हरिराम एवं रामकिशोर के द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी चमरौआ ने ऑनलाइन जो भी सूचनाएं विभाग द्वारा मांगी जा रही हैं उन्हें समय से पूर्ण करने और एसआईआर कार्य जिम्मेदारी से करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। कंपोजिट विद्यालय राजा रामपुर, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाल के शिक्षकों द्वारा नवाचार के बेहतर




प्रस्तुतीकरण करने पर प्रशंसा की हासिल की। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शत प्रतिशत निपुण विद्यालय बनाने हेतु प्रेरित किया। एआरपी परितोष चौहान ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी निपुण विद्यालय बनाने हेतु प्रेरित किया एवं इस माह के मुख्य बिंदुओं की जानकारी साझा की। काशिफ खां ने शिक्षा के क्षेत्र में जो भी सहयोग करना होगा उसके लिए अपनी तरफ से पूर्ण सहयोग करने को कहा। उन्होंने न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हर वर्ष पूर्ण सहयोग के साथ एसआईआर कार्यक्रम में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। नोडल शिक्षक संकुल प्रसन्न प्रकाश ने इस माह के की टास्क एवं आवश्यक बिंदुओं निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्य योजना, मेरे शिक्षण की ताकत,एक सीख एक बदलाव, हमारे प्रयास, शब्दावली विकास, विभागीय सूचनाएं,उल्लास ऐप, इको क्लब गतिविधि, प्रेरणा पोर्टल पर दिव्यांग छात्र छात्राओं का अद्यतन कार्य, मीना मंच,ऑनलाइन कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करना आदि बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा की । शिक्षक संकुल चमन सिंह गौतम ने मंच संचालन करते हुए प्रशंसा सत्र में सर्वाधिक नामांकन ,निपुण भारत मिशन की कार्ययोजना वाले विद्यालय एवं सर्वाधिक औसत उपस्थिति वाले विद्यालयों के स्टाफ की प्रशंसा की। बैठक में अस्मत खान,राजबाला देवी,गीता वर्मा,पिंकी गुलाटी,शालिनी अग्रवाल, नाजिश सुजात, मंगल सेन, फरहा नाज, दीपा सैनी, विशाखा, पूजा गुप्ता, गायत्री शर्मा, आरती,.अंकिता रानी,नेहा सक्सेना, सृष्टि कौशिक, अंजली गोयल, अंजू माथुर, नीरज कुमारी, अल्पना चौहान, गौरव शर्मा, राजेश कुमार, मोनिका मालिक,अफसाना कमर, नीतू, पवन सक्सेना, रचना देवी, लक्ष्मी यादव, नरेश पाल सिंह, शबाना परवीन,विवेक कुमार शर्मा,सरोज गौतम, पुष्प देवी, विकास कुमार आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने व डा. पी के पुरोहित ने 50 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर डॉ. पी के पुरोहित द्वारा 50 टी.बी. मरीजों को पोषण पोटली वितरण की गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपा सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश, डॉ सत्य मूर्ति, डॉ. संतोष कुमार, डॉ नितेश द्वारा टी.बी. के मरीजों को पोटली वितरित कर मरीजों को स्वास्थ्य लाभ हेतु दिशा निर्देश दिये गए। भारत के प्रधानमंत्री जी का स्वप्न है कि वर्ष 2025 तक भारत को टी.बी. मुक्त कराना है। पोषण पोटली लेने आए समस्त मरीजों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि समय पर अपनी जांचे कराएं, दवा ना छोड़े और पौष्टिक आहार लें। मरीज को कोई भी समस्या हो तो तुरन्त अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाए। डॉक्टर से परामर्श लें और घर में किसी को भी टीबी लक्षण दिखे तुरन्त अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जा कर बलगम की जाँच कराए। कार्यक्रम के आयोजन में अखलाक पी.पी.एम. कोर्डिनेटर, कामरान, अकिल अली, रामू यादव एवं जिला क्षय रोग केन्द्र रामपुर के कर्मचारियों के द्वारा सहयोग किया गया।

# बीएलओ घर घर जाकर नहीं बाट रहे हैं फार्म लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर मे बी एल ओ घर घर जाकर नही बाट रहे है फार्म नगर मे भाग संख्या के हिसाब से बी एल ओ नियुक्त किए गये है जिससे किसी भी वोटर को वोट के फार्म भरने मे कोई परेशानी न हो और समय से लोग अपने फार्म भर कर जमा कर सके इसके लिए बार्डो के हिसाब से बी एल ओ नियुक्त किये गये है। बी एल ओ का काम है कि हर घर जाकर वोटरो के हिसाब से दो दो उसको फार्म देना है लेकिन भाग संख्या 21 का बी एल ओ प्रति वोटर एक फार्म ही वोटर को दे रहे है जब की एक वोटर को दो फार्म देने का आदेश हर बी एल ओ को दिया गया है। वहीं भाग संख्या 21 के नागरिक बी एल ओ के आने का इंतजार कर रहे है




लेकिन यह बी एल ओ मोहल्ले मे एक जगह बैठकर फार्मो का वितरण कर रहे है कई नागरिकों ने बताया कि बी एल ओ फार्म भी कम दे रहे है मसरूफ सिद्दीकी ने बताया कि उसका मकान भाग संख्या 21 मे है वहां के बी एल ओ ने उसके घर पर उन्होने चार फार्म कम दिये है ओर प्रत्येक वोटर का एक फार्म ही दिया है जब कि दूसरे बी एल ओ दो फार्म दे रहे है।

# चौकोनी गांव में दबंगई पर मुकदमा दर्ज: जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपी नामजद

### पुलिस पर निष्क्रियता के आरोपों के बीच हुई कार्रवाई, पीड़ित ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी।** क्षेत्र के चौकोनी गांव में जान से मारने की धमकी और गाली-गलौज के मामले में पुलिस ने आखिरकार दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि, शिकायतकर्ता भोजराज सिंह ने स्थानीय प्रशासन पर पूर्व में निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए अब अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्राम चौकोनी निवासी भोजराज सिंह पुत्र शांति प्रसाद द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, बीते मंगलवार को सुबह करीब 8:50 बजे जब वह अपने घर के गेट के सामने बैठे थे, तभी गांव के अमर सिंह पुत्र रामप्रसाद और मनीष उर्फ मुकुट सिंह पुत्र अमर सिंह बाहर आए और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब भोजराज सिंह ने इसका विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में बताया गया है कि आरोपियों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने धमकी देते हुए कहा, ष्तूने हमारे खिलाफ दिनांक 08/09/2025 को भी एप्लीकेशन दी थी, परन्तु तूने हमारा क्या बिगाड़ लिया जो अब बिगाड़ेगा। पीड़ित के




मुताबिक, इस बयान और बार-बार की शिकायतों पर कार्रवाई न होने के कारण ही आरोपी बेखौफ बने हुए थे। भोजराज सिंह ने अपने बयान में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि वह बार-बार प्रार्थना पत्र देते रहे हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। हालांकि, ताजा जानकारी के अनुसार, पुलिस ने अब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद, पीड़ित भोजराज सिंह ने स्थानीय प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए यह मांग की है कि चूंकि आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और उनके हौसले बुलंद हैं, इसलिए आरोपियों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उनकी तथा उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# गांव की जल निकासी तालाब से शिव मंदिर की ओर किए जाने से ग्रामीणों में फैला आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव मिलक नौखरीद में गांव की जल निकासी शिव मंदिर की ओर कर देने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियो से गांव की जल निकासी पूर्व की भांति तालाब में कराए जाने की मांग की है। क्षेत्र के मिलक नौखरीद गांव में गांव की जल निकासी तालाब की ओर जा रही थी जिसे रोककर कुछ लोगों ने गांव के शिव मंदिर की ओर मोड दिया है। जिससे धार्मिक स्थान की ओर मोड़ देने से लोगों में आक्रोश फैल गया है ग्रामीणों का कहना है की गांव की जल निकासी को तालाब की बजाय शिव मंदिर की ओर मोड़ देने में गांव के कुछ सामाजिक तत्वों का हाथ है।गांव की दूषित जल निकासी को पूर्व की भांति तालाब में कराए जाने की मांग जिला अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों की गई है। शिकायत करने वालों में लाखन सिंह गुणानंद सिंह गणेश लाल चंद्रपाल कौशल कुमार हुकम सिंह मुकेश कुमार जगबीर सिंह मानसिंह रूप सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र फरमान और पुत्रवधू सितारा को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से इन दोनों का कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**माजिद पुत्र अल्ताफ अली निवासी म.सं.198 मोहल्ला ठोठर मय सब्जी मण्डी, हाल निवासी डूंगरपुर आसरा कॉलोनी ब्लाक नं. 5 कमरा नं. 11 थाना गंज रामपुर।**

# एलिवेटेड रोड एक सप्ताह के ट्रायल के लिए खुला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा विकास प्राधिकरण ने अगाहपुर गांव से भंगेल गांव तक बने करीब 4.5 किलोमीटर एलिवेटेड रोड को मंगलवार से एक सप्ताह के लिए ट्रायल के लिए खोल दिया है। 608.08 करोड़ो की लागत से करीब 3 माह से तैयार उक्त रोड को प्राधिकरण मुख्यमंत्री से उद्घाटन करवाने के उद्देश्य से खोल नहीं रहा था। भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के नेताओं ने आह्वान किया था कि एलिवेटेड रोड को खोला जाएगा। किसान नेताओं के ऐलान के बाद पुलिस, जिला प्रशासन और प्राधिकरण के अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। मंगलवार सुबह से ही किसान नेताओं के घर पर पुलिस ने घेरा डाल दिया तथा उन्हें घर पर नजर बंद कर दिया गया। एक सप्ताह के लिए ट्रायल के लिए रोड को खोलने के बाद किसान नेताओं ने भी अपने कार्यक्रम को वापस ले लिया है।

पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम यमुना प्रसाद ने बताया कि किसान नेताओं ने मंगलवार को एलिवेटेड रोड को जबरन खोलने का ऐलान किया था। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत एलिवेटेड रोड पर पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ किसान नेताओं की नगर मजिस्ट्रेट से वार्ता हुई। इसी बीच नोएडा विकास प्राधिकरण ने एलिवेटेड रोड को एक सप्ताह के लिए ट्रायल के लिए खोल दिया। प्राधिकरण की कार्रवाई से किसान नेता और व्यापारी भी संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी कई व्यापारी और सामाजिक संगठन के लोगों ने एलिवेटेड रोड खोलने की मांग की थी। एक सप्ताह के लिए एलिवेटेड रोड को ट्रायल पर खोलने का ऐलान के बाद किसान नेता वापस चले गए। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था कायम है, तथा मौके पर स्थिति सामान्य है।



भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के राष्ट्रीय महासचिव बीसी प्रधान ने बताया कि उनके संगठन ने मंगलवार सुबह एलिवेटेड रोड को स्वयं खोलने का ऐलान किया था। इस ऐलान के बाद उनके और उनके नेताओं के घर पर सुबह से ही पुलिस ने घेरा डाल दिया है, तथा उन्हें नजर बंद किया गया है। उनका दावा है कि किसान नेताओं के दबाव के चलते नोएडा विकास प्राधिकरण ने एलिवेटेड रोड को एक सप्ताह के लिए खोल दिया है। वहीं नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर पर बात करने के बाद ट्रायल के उद्देश्य से एक सप्ताह के लिए एलिवेटेड रोड को खोला गया है। उनके अनुसार जल्द ही इसका विधिवत उद्घाटन करवाया जाएगा।

भंगेल एलिवेटेड रोड करीब 3 महीने से बनकर तैयार है। इसका शुभारंभ नहीं होने से लोगों को 10-12 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर काटकर आना-जाना पड़ रहा था। दादरी-सूरजपुर-छलेरा यानी डीएससी रोड पर एलिवेटेड रोड शुरू होने से लोगों का नोएडा से ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर की ओर सफर आसान हो जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने 10 दिन पहले दावा किया था कि 12 या 13 नवंबर को मुख्यमंत्री लखनऊ से बटन दबाकर इसका शुभारंभ कर सकते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो एक सप्ताह के अंदर इसको ट्रायल के तौर पर खोल दिया जाएगा। अब यह समय सीमा समाप्त हो चुकी है, लेकिन एलिवेटेड रोड की शुरुआत नहीं पाई थी। भंगेल एलिवेटेड रोड सेक्टर-41 आगाहपुर से फेज टू के एनएसईजेड के पास नाले के पास तक बना है। नाले पर पुलिया की चौड़ाई कम है। ऐसे में यहां पर जाम लग सकता है। प्राधिकरण ने निर्णय लिया है कि फेज-टू की तरफ से एलिवेटेड रोड पर चढ़ते-उतरते समय पुलिया चौड़ी की जाएगी।

# सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क में डियर पार्क व सनसेट सफारी को मिली हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-91 स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में प्रस्तावित डियर पार्क और सनसेट सफारी परियोजना अब आगे बढ़ने को तैयार है। नोएडा प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पर तकनीकी परीक्षण कर रही भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जम्मू ने हिरण बाड़ों की डिजाइन से जुड़ी कुछ अतिरिक्त जानकारी मांगी थी। उद्यान विभाग ने सभी बिंदुओं का विस्तृत जवाब भेज दिया है। अधिकारियों का दावा है कि डीपीआर को सिद्धांत रूप में मंजूरी मिल चुकी है, हालांकि औपचारिक लिखित मंजूरी जल्द मिलने की उम्मीद है। परियोजना की अनुमानित लागत करीब 36 करोड़ रुपये है।

नोएडा प्राधिकरण के अनुसार, यह परियोजना 32 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगी, जिसमें हिरणों के लिए 9 अलग-अलग बाड़े बनाए जाएंगे।

हर बाड़े में एक विशिष्ट प्रजाति को रखा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि बाड़ों को प्राकृतिक जंगल जैसी पारिस्थितिकी के अनुरूप तैयार किया जाएगा, ताकि हिरणों को असल वन जैसा वातावरण मिले। भविष्य में अफ्रीकी प्रजाति के हिरणों को लाने की योजना भी है, जिनके लिए अलग से विशेष डिजाइन वाला बाड़ा तैयार किया जाएगा।

**बाउंड्री मजबूत होगी, सुरक्षा के लिए लगाए जाएंगे तार:** डियर पार्क को मौजूदा बायोडायवर्सिटी पार्क क्षेत्र से अलग करने के लिए स्वतंत्र बाउंड्री बनाई जाएगी। वहीं पहले से मौजूद बाउंड्री के ऊपर सुरक्षा के मद्देनजर तार भी लगाए जाएंगे। इस कार्य की अनुमानित लागत 3 करोड़ 93 लाख 68 हजार रुपये है, जिसके लिए चयनित एजेंसी को काम सौंपा जा चुका है।

**ग्रैप-3 प्रतिबंध हटते ही शुरू होगा निर्माण:** उद्यान विभाग के निदेशक आनंद मोहन ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में लागू ग्रैप-3 के कारण निर्माण गति. विधियां अभी रोक दी गई हैं। पाबंदियां हटते ही साइट पर विकास कार्य शुरू करा दिया जाएगा। डियर पार्क और सनसेट सफारी परियोजना के पूर्ण होने पर सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क शहर में एक प्रमुख इको-टूरिज्म आकर्षण के रूप में उभरेगा, जिससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पर्यावरण-प्रेमियों को भी नया अनुभव मिलेगा।

## ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र का जायजा लिया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी बाईपास स्थित वाईबी बिल्डर ड्राइविंग प्रशिक्षण और परीक्षण केंद्र का मंगलवार को एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र संचालकों को लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया। साथ ही वहां की व्यवस्था देखी। नंदकुमार ने कहा कि एक व्यक्ति की ओर से शिकायत मिली थी, जिसमें उन्होंने केंद्र द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस की परीक्षा में पास करने के लिए पैसा मांगने और परीक्षा में कम समय देने का आरोप लगाया था। आरोप लगाने वाले व्यक्ति ने इसका कोई सबूत और शपथपत्र नहीं दिया। जांच में आरोप का कोई आधार नहीं मिला। उन्होंने कहा कि संचालकों को लोगों से अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अभी वाहन चलाने की परीक्षा के लिए आवेदकों को 53 सेकेंड दिए जाते हैं।

# आम्रपाली जोडिएक सोसायटी की लिफ्ट में फंसे सात बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-120 स्थित आम्रपाली जोडिएक सोसायटी में सोमवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। एन टावर की एक लिफ्ट में सात बच्चे अचानक फंस गए। हालांकि गार्ड की तत्परता से दो-तीन मिनट के भीतर सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन अचानक बंद हुई लिफ्ट से बच्चे सहम गए थे।

सोमवार शाम के समय पार्क में खेलने के बाद सभी बच्चे अपने फ्लैट की ओर लौट रहे थे। जैसे ही उन्होंने लिफ्ट का बटन दबाया, लिफ्ट बेसमेंट की ओर चली गई और थोड़ी देर बाद वापस ग्राउंड फ्लोर पर आकर रुक गई लेकिन दरवाजा नहीं खुला। अंदर फंसे बच्चों ने पहले मदद के लिए आवाज लगाई, रिस्पांस न मिलने पर उन्होंने इमरजेंसी बटन दबाया। उसी दौरान गार्ड ने सीसीटीवी में स्थिति देख तुरंत मौके पर पहुंचकर लिफ्ट का दरवाजा खोल दिया।




**10 महीने से सर्विस लिफ्ट में खराबी का आरोप:** एन टावर निवासी गौरव असाती का कहना है कि टावर की सर्विस लिफ्ट में कार डोर और कई पार्ट्स पिछले दस महीनों से खराब हैं। इस संबंध में बार-बार शिकायत के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ।

**शहरवासियों में रोष:** वी टावर के रंधीर गुप्ता, पी टावर के केके मिश्रा और टी टावर के गुंजन भास्कर सिंह का कहना है कि उनके टावरों में भी लिफ्टें अक्सर कई कई दिनों तक बंद रहती हैं। उन्होंने चेता. वनी दी है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे इस मुद्दे को पुलिस और नोएडा प्राधिकरण के समक्ष उठाएंगे।

**बच्चों को एक मिनट में निकाल लिया गया:** एओए सचिव भानु प्रताप सिंह ने बताया कि लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर पर ही रुकी थी और गार्ड ने तुरंत दरवाजा खोल दिया, जिससे बच्चे एक मिनट में बाहर आ गए। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में थी, फिर भी एओए लिफ्ट कंपनी के साथ बातचीत कर तकनीकी खामियों को दूर कराने पर काम कर रही है।

## एक नजर

### शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में व्यवस्थाएं होंगी दुरुस्त

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में समय-समय पर अंतरर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों का आयोजन होता रहता है। स्टेडियम में विभिन्न व्यवस्थाएं दुरुस्त न होने के कारण खिलाडियों के साथ ही दर्शकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की योजना बनाई है। स्टेडियम में लगभग 2 करोड़ रुपए से विकास कार्य कराए जाएंगे। जिसमें विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के साथ ही बिजली सब स्टेशन, डीजी सेट, फ्लड लाइट, भोजन व शौचालय ब्लाक में लाइट के साथ ही अन्य कार्य कराएं जाएंगे। प्राधिकरण ने सेक्टर के साथ ही गांवों में भी विकास कार्य कराने की योजना बनाई है। सेक्टर गामा एक में चार दीवारी का बचा हुआ कार्य, सेक्टर ईकोटेक 11 में जलापूर्ति लाइन बिछाने का काम, सेक्टर 16 सी में नाली सफाई व अन्य कार्य कराए जाएंगे। साथ ही खेरा चौगानपुर गांव में प्ले ग्राउंड का विकास कार्य, रायपुर बांगर में शमसान घाट व कब्रिस्तान में शेड, मिलकलच्छी, रोजा जलालपुर व रोजा याकूबपुर व अच्छेजा गांव में विभिन्न कार्य का तीन वर्ष तक अनुरक्षण कार्य, कुलेसरा के पुस्ता रोड पर लाइट लगाने के साथ ही अन्ध्य गांवों में भी विकास कार्य कराने की योजना बनी है।

### कलेक्ट्रेट पर किसान संघर्ष मोर्चा का धरना 25 को होगा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जमीन अधिग्रहण से प्रभावित जिले के किसानों की लंबित मांगों का निस्तारण न होने और प्राधिकरण की वादा खिलाफी के विरोध में किसान संघर्ष मोर्चा ने 25 नवंबर को कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इसको लेकर मंगलवार को बैठक कर रणनीति तय की जाएगी। धरने में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के किसान शामिल होंगे। अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉ० रूपेश वर्मा ने इस संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि हाई पावर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने में देरी, किसान आबादियों का निस्तारण न होने तथा 10 फीसदी विकसित भूखंड देने में हो रही देरी से किसानों में रोष है। नए भूमि अधिग्रहण कानून का लाभ नहीं दिया जा रहा है। जिले के किसान पिछले दो वर्षों से अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस दौरान मौजूद किसान नेताओं ने कहा कि यदि 25 नवंबर को कलेक्ट्रेट पर होने वाले धरना प्रदर्शन में किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं निकाला गया तो संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में आंदोलन अनिश्चितकाल रूप ले सकता है। किसान नेता सोनू कुमार ने सर्किल रेट न बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह किसानों के साथ अन्याय है। किसानों का आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा है। इस मौके पर जय प्रकाश आर्य, देवपाल अवाना, पवन, प्रेमपाल चौहान, सोनू समानिया आदि उपस्थित रहे।

### उड़ान से पहले विशेष विमानों से हो रही तकनीकी जांच

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कैलिब्रेशन फ्लाइट से रनवे-10 और रनवे-28 की जांच पूरी होने के बाद अब विशेष विमानों से अन्य तकनीकी जांच की जा रही। अलग-अलग ऊंचाइयों पर उड़ान भर रहे ये निरीक्षण विमान रनवे एलाइनमेंट, अप्रोच पाथ, रेडियो फ्रीक्वेंसी, संचार व्यवस्था और एयर ट्रैफिक पैटर्न की सटीकता मापते हैं। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वहीं, हवाई अड्डे का परिचालन 15 दिसंबर से होने की उम्मीद है। नोएडा एयरपोर्ट पर एयरोड्रम लाइसेंस के लिए अलग-अलग तरह के यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था, आपात स्थितियों के लिए प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। हवाई अड्डे पर अभी हाल में ही कैलिब्रेशन फ्लाइट टेस्ट हुए थे। एयरपोर्ट पर दो दिनों तक रनवे-10 और रनवे-28 पर सभी तकनीकी जांच हुई थीं। इसमें रनवे लाइटिंग, इमरजेंसी रिस्पॉन्स रूट, ग्राउंड स्टाफ कोऑर्डिनेशन और मौसम निगरानी सेंटर की कार्यप्रणाली भी चेक की गई थी। अब एयरपोर्ट पर विमानों की अन्य तरह की जांच के लिए टेस्ट किए जा रहे हैं। रविवार को हवाई अड्डे पर विशेष विमान नजर आया।

एयरपोर्ट के आसपास के एयरस्पेस की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाहरी क्षेत्रों जैसे खेतों, खुले मैदानों और गांवों के ऊपर से उड़ान भरकर ऑब्स्टैकल मैपिंग भी शुरू की है। इससे यह परखा जा रहा कि उड़ान मार्ग में कहीं कोई बाधा, अवरोध, या सुरक्षा जोखिम तो नहीं है। उद्घाटन से पहले इसे फाइनल-टेस्टिंग तौर पर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा। सभी विभाग निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार काम कर रहे, ताकि जब हवाई अड्डा आम यात्रियों के लिए खुले तो वह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप, पूरी तरह सुरक्षित और तकनीकी रूप से सक्षम हो।

# नोएडा वालों को पासपोर्ट के लिए नहीं जाना पड़ेगा गाजियाबाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अब पासपोर्ट बनवाने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नोएडा के सेक्टर-19 स्थित हेड पोस्ट ऑफिस के पासपोर्ट सेवा ब्मदजमत में सुविधाओं का विस्तार कर दिया गया है, जिससे आवेदन और सत्यापन की प्रक्रिया पहले की तुलना में काफी आसान हो गई है। केंद्र में एक नई मशीन, अतिरिक्त संसाधन और नया काउंटर शुरू होने के बाद पासपोर्ट से संबंधित कार्यों की रफ्तार बढ़ गई है।

सीनियर पोस्ट मास्टर मनोज कुमार ने बताया कि जल्द ही दो और मशीनें तथा आवश्यक उपकरण लगाए जाएंगे। इनके शुरू होते ही तीन अतिरिक्त काउंटर और संचालन में आ जाएंगे। इस प्रकार पासपोर्ट सेवा केंद्र में कुल 5 काउंटरों से काम होगा, जिससे प्रतिदिन स्वीकार किए जाने वाले आवेदनों की संख्या मौजूदा तुलना में पांच गुना तक बढ़ सकेगी। फिलहाल केंद्र पर प्रति दिन 45 आवे. दन स्वीकार किए जाते थे, जिन्हें बढ़ाकर 90 कर दिया गया है। नए काउंटर शुरू होने के बाद यह क्षमता 250 से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। पोस्ट मास्टर के मुताबिक, पहले सीमित अपॉइंटमेंट स्लॉट के कारण आवेदकों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता था। अब स्लॉट उपलब्धता बढ़ने से अपॉइंटमेंट लेना आसान हो गया है और लंबी प्रतीक्षा समाप्त हो रही है।

**गाजियाबाद नहीं जाना पड़ेगा:** सुविधाओं के विस्तार से पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया तेज हुई है और लोगों को दस्तावेज सत्यापन या प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए गाजियाबाद नहीं जाना पड़ रहा है।

## कबड्डी सुपर लीग में दूसरे स्थान पर रही जिले की टीम

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की कबड्डी टीम ने जौनपुर में आयोजित जूनियर बालक वर्ग में राज्य स्तरीय कबड्डी सुपर लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र नागर ने बताया कि जौनपुर में 15 से 17 नवंबर तक 49वीं जूनियर बालक राज्य स्तरीय सुपर लीग का आयोजन हुआ। पहले मैच में टीम ने शामली को 32-20 अंक हराया। दूसरे मैच में गाजीपुर को 40-10 अंक से हराया। वहीं, तीसरे मैच में मऊ को 50-25 अंक से हरा कर क्वार्टर फाइनल प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल का मुकाबला भदोही टीम के साथ हुआ। इसमें जिले की टीम ने भदोही को 45-20 अंक से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# बंगलूरू के रास्ते आएगा यमुना सिटी में निवेश और अनुभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बंगलूरू का दो दिन का दौरा यमुना प्राधिकरण के लिए सकारात्मक रही है। मंगलवार को सीईओ ने बताया कि विप्रो-जीई हेल्थकेयर ने निवेश के लिए सहमति दी है। यह कंपनी मेडिकल डिवाइस पार्क में अपने अनुभव साझा कर यहां विकसित हो रही कॉमन टेस्ट फेसिलिटी को बेहतर बनाने के अनुभव भी साझा करेगी। दूसरे दिन भी पनेशिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज की फेसिलिटी का भ्रमण कर यीडा के अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन के सामने अपना प्रस्ताव रखा।

ग्रेनो पहुंचे सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि विप्रो-जीई हेल्थकेयर का मेडिकल डिवाइस पार्क में आना इस प्रोजेक्ट के उद्देश्य को पूरा करने का काम करेगा। मेडिकल डिवाइस निर्माण में इस कंपनी का लंबा अनुभव है। ऐसे में मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश कर उनकी यूनिट शुरू होने से दूसरी कंपनियों को भी फायदा मिलेगा। वहीं, मेडिकल डिवाइस पार्क को भी पूरी दुनिया में एक ब्रांड के रूप में दर्ज कराया जा सकेगा। कंपनी ने आश्वस्त किया है कि कॉमन टेस्ट फेसिलिटीज को भी भविष्य की जरूरत के मुता. बिक विकसित कराने के लिए तकनीकी सहयोग करेंगे।

ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर मेडिकल डिवाइसेज के सीईओ प्रवीन मित्तल के साथ प्रतिनिधिमंडल ने पनेसिया की प्लांट का काम देखा। शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि कंपनी भारत सरकार के औषधि विभाग की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की एक विशिष्ट लाभार्थी भी है। करीब 19 देशों को उन्नत चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति कंपनी करती है। कंपनी ने कैंसर देखभाल उपकरणों के वैश्विक निर्यात को बढ़ाने के लिए मेडिकल डिवाइस पार्क के साथ साझेदारी कर के लिए रुचि दिखाई है। जल्द ही कंपनी का एक प्रतिनिधिमंडल इसके लिए मेडिकल डिवाइस पार्क की सुविधाएं भी देखने आएगा।

# वकीलों ने किया प्रदर्शन, बार चुनाव कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर कोर्ट परिसर में जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन का चुनाव समय पर कराने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कोर्ट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आ

गामी 21 नवंबर को दोपहर 12 बजे बार सभागार में आमसभा की बैठक बुलाकर चुनाव संबंधी एल्डर्स कमेटी का गठन किया जाएगा और बार का वार्षिक चुनाव निर्धारित तिथि पर ही संपन्न कराया जाएगा। वकीलों ने बुधवार को भी धरना जारी रखने की बात कही। चुनाव 22- 23 दिसंबर 2025 को निर्धारित है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के दावेदार मनोज भाटी (बोड़ाकी) ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) का पत्र बार एसोसिएशन के चुनाव पर बाध्यकारी नहीं है। अधिवक्ताओं ने वर्ष-2015 में उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया और बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव रो. कने या नियंत्रित करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। बीसीआई के पत्र में यह उल्लेख है कि बार काउंसिल और बार एसोसिएशन के चुनाव ओवरलैप हो रहे हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि गौतमबुद्धनगर में बार काउंसिल का चुनाव 21 व 22 जनवरी 2026 को प्रस्तावित है। जबकि एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव 22-23 दिसंबर 2025 को संपन्न होना है। ऐसे में ओवरलैप का तर्क अप्रासंगिक हो जाता है।



वहीं जिला दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के सचिव अजीत नागर ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने यूपी बार काउंसिल के जनवरी में होने वाले चुनाव को देखते हुए 15 नवंबर से 15 फरवरी के बीच चुनाव पर रोक लगाई है। मामले में चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5 व इलाहाबाद हाईकोर्ट में 9 दिसंबर को सुनवाई होगी। धरने में सुनील भाटी, प्रमोद सुनपुरा, छतरपाल, दीपक लोहिया, नीरज सिंह तंवर, शिव कुमार बैसला, सतीन्द्र नागर, अमित भाटी, मोहित नागर,. अतुल इमलिया, सुमित नागर रजनीश हरि कुलदीप नगर दुजाना, आदित्य भाटी, राकेश, भूपेंद्र? मंगल ,दीपक, उधम सिंह, हरिंदर तोमर, दीपक भाटी ,राजीव भाटी, वरुण नागर, रॉबिन, धर्मेंद्र नारायण शर्मा सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## जुर्माने पर भी 50 फीसदी छूट मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में विद्युत निगम की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का बिजली चोरी के प्रकरण में संलिप्त लोग भी लाभ उठा सकेंगे। ऐसे लोग योजना के तहत कुल जुर्माने पर 40 से 50 प्रतिशत तक छूट प्राप्त कर सकते हैं। उनका बिजली चोरी का प्रकरण भी खत्म हो जाएगा। एक दिसंबर से यह योजना लागू होगी विद्युत निगम बकायेदारों के साथ बिजली चोरी में संलिप्त पाए गए लोगों के लिए भी ओटीएस में छूट लेकर आया है। जिले में ऐसे 14 हजार उपभोक्ता है, जो कि बिजली चोरी के प्रकरण में संलिप्त हैं।

इन पर विद्युत निगम ने 90 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया हुआ है। इसमें योजना के तहत पहले चरण में छूट का लाभ उठाने के लिए बिजली चोरों के प्रकरण में संलिप्त लोगों का 50 प्रतिशत तक जुर्माना माफ हो जाएगा। योजना का पहला चरण एक दिसंबर से 31 दिसंतर तक चलेगा। इसी तरह दूसरा चरण एक जनवरी 2026 से लेकर 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। इस दूसरे चरण में लाभ उठाने पर 45 प्रतिशत तक जुमाने पर छूट मिलेगी। तीसरे और अंतिम चरण में बिजली चोरी के प्रकरण में संलिप्त लोगों को कुल जुर्माने पर केवल 40 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। योजना के तहत छूट का लाभ नहीं लेने पर बिजली चोरों पर जिला प्रशासन की मदद से रिकवरी की कार्रवाई कराई जाएगी। तब किसी तरह की सुनवाई नहीं की जाएगी। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार इस योजना का ऐसे लोग भी उठा उठा सकते हैं, जिनके खिलाफ रिकवरी नोटिस (आरसी) जारी हो चुकी है। इसके साथ चोरी के वादों के याचिका कर्ता भी योजना के तहत छूट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जुर्माना की 10 प्रतिशत राशि पंजीकरण के रूप में जमा करनी होगी। इस राशि को छूट के बाद शेष धनराशि में जोड़ दिया जाएगा।

# बीएलओ-बीएलए के कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण तथा मतदेय स्थलों के पुनर्गठन को लेकर आज कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों/सचिवों ने प्रतिभाग कर निर्वाचन कार्यों की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय सारणी के अनुरूप प्रगति पर है। इसके अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों के शुद्धिकरण, नवीन मतदाताओं के नामांकन, प्रविष्टि संशोधन, मतदेय स्थलों के सम्भाजन, गणना प्रपत्रों का वितरण व संकलन तथा संशोधन प्रस्तावों की समीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में मतदेय स्थलों के संभाजन कार्य के उपरांत मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। उन्होंने अवगत कराया कि पूर्व में 642 मतदान केंद्र संचालित थे, जिनकी संख्या में 101 की वृद्धि करते हुए अब कुल 743 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार 1868 मतदेय स्थलों के सापेक्ष 156 नए मतदेय स्थल बढ़ाए जाने के बाद वर्तमान में कुल 2024 मतदेय स्थल सक्रिय हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मतदेय स्थलों की पहचान कर उन्हें पुनर्संयोजित किया गया है, जिनमें मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक थी। इनका समायोजन उसी मतदान केंद्र पर स्थित दूसरे मतदेय स्थल में किया गया है। ऐसे पुनर्समायोजित मतदेय स्थलों की कुल संख्या 213 है।




उप निर्वाचन जिलाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि नवसृजित बूथों में सभी वर्गों के मतदाताओं को संतुलित रूप से समायोजित किया गया है, ताकि प्रत्येक मतदाता को सुगमता एवं सुविधा के साथ मतदान संबंधी सेवाएं प्राप्त हो सकें।

बैठक में बीएलओ और बीएलए द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बीएलओ-बीएलए दोनों अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर भ्रमण, गणना प्रपत्रों के अनुरूप विश्लेषण तथा नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन संबंधी प्रपत्रों के निस्तारण में पूर्ण गंभीरता व सक्रियता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बीएलए नियुक्ति का उद्देश्य मतदान केंद्रों पर मतदाता सूचियों का वास्तविक विश्लेषण सुनिश्चित करना है, इसलिए प्रत्येक बीएलए अपनी प्रतिवेदन रिपोर्ट समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएं। जहां प्रगति असंतोषजनक पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निर्वाचक नामावली की शुद्धता लो. कतांत्रिक प्रक्रिया की बुनियाद है। आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी हितधारकों का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मतदेय स्थलों के संभाजन से लेकर प्रत्येक प्रपत्र के निस्तारण तक, पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

## थाना फेस-3 और जारचा में नए थाना प्रभारी निरीक्षकों की तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के दो थानों में आज नये थाना प्रभारी निरीक्षकों की तैनाती की गई है। यह दोनों थाने काफी समय से प्रभारी के बगैर संच. ालित हो रहे थे।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कानून व्यवस्था को चाक- चौबंद करने की नीयत से थाना फेस-3 और जारचा नए थाना प्रभारी की तैनाती की है। जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-20 में तैनात निरीक्षक कैलाश चंद को थाना जारचा का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं थाना सेक्टर-126 में तैनात निरीक्षक पुनीत कुमार को थाना फेस- 3 का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

बता दें कि पूर्व में थाना फेस -3 और थाना जारचा के प्रभारी को पुलिस आयुक्त ने कार्य में लाप. रवाही पाए जाने पर हटा दिया था। दोनों थाने काफी दिनों से खाली चल रहे थे। थानाध्यक्षों की तैनाती के बाद चर्चा है कि जल्द ही कुछ बड़े स्तर के अधिकारियों का तबादला भी इधर से उधर होगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# WPL की नीलामी 27 को दिल्ली में

## ऑक्शन में हर क्रिकेट टीम को अधिकतम 18 खिलाड़ियों की टीम बनाने की अनुमति होगी



नई दिल्ली, वार्ता। डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी 27 नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित होगी। यह ऐलान इस महीने की शुरुआत में अगले सीजन के लिए वूमेंस प्रीमियर लीग की रिटेंशन लिस्ट जारी होने के बाद की किया गया है। डब्ल्यूपीएल 2026 ऑक्शन में हर क्रिकेट टीम को अधिकतम 18 खिलाड़ियों की टीम बनाने की अनुमति होगी। कुल मिलाकर, पांचों टीमों में 23 विदेशी खिलाड़ियों सहित 73 स्थान भरे जाने के लिए उपलब्ध हैं। यूपी वॉरियर्स डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी में सबसे ज्यादा बदलाव करेंगे, क्योंकि उन्होंने सिर्फ एक खिलाड़ी अनकैप्ड श्वेता सहरावत को रिटेन किया है। उनके पास सबसे बड़ा पर्स होगा, साथ ही चार राइट टू मैच (आरटीएम) विकल्प भी उपलब्ध होंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मौजूदा विजेता मुंबई इंडियंस और तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स, जिन्होंने शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स को टीम में बनाए रखा है, ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। मेगा ऑक्शन में, उनके पास कोई राइट-टू-मैच (आरटीएम) विकल्प उपलब्ध नहीं होगा। अब तक आयोजित तीन संस्करणों में, डब्ल्यूपीएल में कुछ खिलाड़ियों पर बहुत बड़ी बोली लगी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा डब्ल्यूपीएल 2023 मेगा ऑक्शन में भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना के लिए 3-4 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद, स्मृति मंधाना वर्तमान में डब्ल्यूपीएल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी हैं। मंधाना, जिन्होंने 2024 डब्ल्यूपीएल सीजन में टीम को खिताब जिताया था, डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा रिटेन किए गए चार खिलाड़ियों में से एक हैं। कुल मिलाकर, पांचों क्रिकेट टीमों ने सात विदेशी क्रिकेटरों सहित 17 खिलाड़ियों को रिटेन किया। सभी टीमों के पास 2026 डब्ल्यूपीएल नीलामी में खर्च करने के लिए कुल 41-1 करोड़ रुपये होंगे। वूमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं दीप्ति शर्मा, प्रमुख खिलाड़ियों की ऑक्शन लिस्ट का हिस्सा होंगी। इस लिस्ट में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट, ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली और मेग लैनिंग, न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क सहित कई अन्य खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद है।

### स्पेन के अल्काराज हैमस्ट्रिंग चोट के कारण डेविस कप से बाहर

मैड्रिड, वार्ता। विश्व नंबर 1 कार्लोस अल्काराज चोट के कारण इटली के बोलोग्ना में होने वाले डेविस कप फाइनल के लिए स्पेन की टीम से हट गए हैं। रविवार को एटीपी फाइनल्स के फाइनल में जैनिक सिनर से हारने के बाद अल्काराज को हैमस्ट्रिंग में हल्की चोट लगी थी, और हालांकि वह प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्मीद से बोलोग्ना गए थे, लेकिन जांच के बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेरे दाहिने हैमस्ट्रिंग में सूजन है और चिकित्सा सलाह है कि मैं प्रतियोगिता में भाग न लूं।

# बाबर पर ICC ने की बड़ी कार्रवाई

दुबई, वार्ता। क्रिकेट की वैश्विक संस्था आईसीसी ने पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आईसीसी ने आचार संहिता के उल्लंघन के कारण बाबर पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। इतना ही नहीं उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। दरअसल, बाबर ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में आउट होने के बाद स्टंप्स पर बल्ला मारा था जिस कारण उनके खिलाफ कार्रवाई हुई है।

बाबर ने आईसीसी आचार संहिता के नियम 2. 2 का उल्लंघन किया जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग को नुकसान पहुंचाने से संबंधित है। इसके अलावा इस 31 वर्षीय बल्लेबाज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है जिससे 24 महीने की अवधि में बाबर का यह पहला अपराध बन गया। यह घटना रविवार को सीरीज के आखिरी वनडे मैच में पाकिस्तान की पारी के 21वें ओवर में हुई जब बाबर ने आउट होने के बाद क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला स्टंप्स पर मारा। मैदानी अंपायर एलेक्स व्हार्फ और राशिद रियाज, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर फैसल अफरीदी ने आरोप लगाए, जबकि आईसीसी के मैच रैफरी के अंतर्राष्ट्रीय पैनल के अली नकवी ने प्रतिबंध का प्रस्ताव रखा। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तानी बल्लेबाज ने अपराध और प्रतिबंध स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार और अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।



● क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दसुन शनाका टी-20 त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका की कप्तानी करेंगे

कोलंबो, वार्ता। श्रीलंका ने पाकिस्तान में होने वाली टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले टीम में कई बदलावों की घोषणा की है। कप्तान चरित असालंका और तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो दोनों बीमारी के कारण स्वदेश लौट आए हैं। हाल ही में संपन्न हुई एकदिवसीय श्रृंखला का हिस्सा रहे ए दोनों खिलाड़ी श्रीलंका, पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच होने वाले तीन देशों के टूर्नामेंट से बाहर रहेंगे क्योंकि टीम प्रबंधन और मेडिकल स्टाफ ने उन्हें भविष्य की प्रतिबद्धताओं से पहले उचित उपचार और रिकवरी का समय देने के लिए एहतियातन हटने की सलाह दी है। असालंका की अनुपस्थिति में, पूर्व सीमित ओवरों के कप्तान दासुन शनाका को त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टीम की कमान संभालने के लिए कहा गया है।

### विश्व टेनिस लीग दिसम्बर में भारत में पदार्पण करेगी

बेंगलुरु, वार्ता। यूएई में तीन सीजन तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के बाद, आइकॉनिक स्पोर्ट्स एंड इवेंट्स लिमिटेड द्वारा लाइसेंस प्राप्त और प्रबंधित विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) अगले महीने भारत में पदार्पण करने के लिए तैयार है। बेंगलुरु में 17-20 दिसम्बर तक आयोजित होने वाला यह चार दिवसीय टूर्नामेंट कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के स्वामित्व और संचालन वाले प्रतिष्ठित एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में आयोजित होगा। यह संस्करण डब्ल्यूटीएल की उत्कृष्टता की विरासत को जारी रखेगा, जिसमें दानिल मेदवेदेव, निक किर्गियोस, एलेना रयबा[illegible]कना, पाउला बडोसा, रोहन बोपन्ना, गाएल मोंफिल्स, आर्थर फिल्स, सुमित नागल, मैग्डा व मार्टा सहित टेनिस प्रतिभाओं की एक मजबूत टीम शामिल होगी।

# अर्जुन एरिगैसी ने क्वॉटर फाइनल का पहला गेम ड्रा कराया



पणजी, वार्ता। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (2773) ने 20 लाख डॉलर के ईनामी फिडे विश्व कप के पहले क्लासिकल क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीनी ग्रैंडमास्टर वेई ई (2754) को 31 चालों में बराबरी पर रोककर भारत का परचम लहराया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के विजेता को नए

● अर्जुन ने मुकाबले में चीनी ग्रैंडमास्टर वेईई को 31 चालों में बराबर पर रोककर हराया

विश्वनाथन आनंद कप फाइनल में जगह और मार्च में साइप्रस में होने वाले कैंडिडेट्स 2026 में खेलने के लिए एक स्थान मिलेगा। आंध्र प्रदेश के वारंगल के इस खिलाड़ी को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने खतरनाक चीनी ग्रैंडमास्टर वेई ई के ख+िलाफ जवाबी पसीना बहाए बिना अपना गेम ड्रॉ करा लिया। टाटा स्टील 2024 के इस चैंपियन ने शुरुआती मुकाबले में रुई लोपेज क्लोज्ड सिस्टम का इस्तेमाल किया, जिसमें इस भारतीय खिलाड़ी को कोई दिक्कत नहीं हुई।

उत्कृष्ट तैयारी का परिचय देते हुए, ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने पूरे समय समय की बढ़त बनाए रखी। 27वीं चाल तक, खेल का अंत ड्रॉ रूक-एंड-पॉन में हो गया था, और खिलाड़ी 30 चालों की सीमा पार करने के बाद तीन बार दोहराकर ड्रॉ पर सहमत हो गए। एक उल्लेखनीय विशेषता अर्जुन के खेल की असाधारण गति थी।

# चिराग-सात्विक प्री क्वार्टरफाइनल में



सिडनी, वार्ता। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को सिडनी में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

● सात्विक-चिराग ने सिडनी में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया

बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने राउंड ऑफ 32 के मैच में गैर-वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की जोड़ी चांग को-ची और पो ली-वेई को 48 मिनट में 25-23, 21-16 से हराया। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने धीमी शुरुआत की और शुरुआती गेम में 6-2 से पिछड़ रही थी, लेकिन लगातार चार अंक बनाकर वापसी करते हुए मुकाबला बराबरी पर ला दिया। चांग को-ची और पो ली-वेई ने 9-7 के स्कोर पर फिर से बढ़त बना ली, लेकिन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने वापसी जारी रखी और स्कोर 9-9 और फिर 16-16 पर बराबरी पर आ गए। 19-19 के स्कोर पर मुकाबला कड़ा हो गया, जहां शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अपना धैर्य दिखाया और तीन गेम पॉइंट बचाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। चिराग-सात्विक ने 7-4 की बढ़त बनाई, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर लिया और फिर 10-8 से आगे हो गई। इसके बाद, भारतीयों ने अपनी गति बदली और लगातार छह अंक बनाकर चार अंकों की बढ़त बना ली। चांग को-ची और पो ली-वेई ने अंतर को दो अंकों तक कम कर दिया, लेकिन चिराग और सात्विक ने तीन अंक हासिल करके मैच अपने नाम कर लिया और दोनों जोड़ियों के बीच पहला आमने-सामने का मुकाबला जीत लिया। चिराग-सात्विक अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के सु चिंग-हेंग और वू गुआन-जुन से भिड़ेंगे। इस बीच, जुलाई के बाद पहली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में वापसी कर रही भारत की शीर्ष महिला युगल जोड़ी ट्रीसा और गायत्री को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा। चौथी वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना और मेलिसा त्रियास की 83वें नंबर की जोड़ी ने 40 मिनट में 21-10, 21-14 से हरा दिया। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य, प्रणय और श्रीकांत, साथ ही उभरते हुए खिलाड़ी आयुष बुधवार को पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

# 14 शीर्ष पैरा एथलीट्स को मिले स्पोर्ट्स उपकरण

नई दिल्ली, वार्ता। एचसीएलटेक की भारत में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाने वाली इकाई एचसीएल फाउंडेशन ने आज अपने 'स्पोर्ट्स फॉर चेंज' कार्यक्रम के तहत देश के शीर्ष और उभरते पैरा-एथलीट्स को समर्थन देने की नई पहल की घोषणा की।

एचसीएल फाउंडेशन की 'स्पोर्ट्स फॉर चेंज' पहल विविध और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले युवा खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से व्यक्तिगत और पेशेवर बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाती रही है। पैरालम्पिक कमिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से शुरू की जा रही नई पहल का उद्देश्य शीर्ष पैरा-एथलीट्स को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी में मजबूत समर्थन देना है। कुल 14 शीर्ष पैरा-एथलीट्स को 37 लाख रुपये मूल्य के स्पोर्ट्स उपकरण दिए गए। जिन खिलाड़ियों को यह सहायता मिली उनमें संदीप सिंह: लगातार तीन वर्षों (2022-24) तक डब्ल्यूपीए ग्रां प्री में भाला फेंक में गोल्ड। गायत्री एचएम: 2024 वर्ल्ड बोसिया चैलेंजर, काहिरा में सिल्वर। कस्तूरी राजमणी: 2024 पैरा पॉवरलिफ्टिंग वर्ल्ड कप, पटाया में ब्रॉन्ज। प्रदीप कुमार: 2022 हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में भाला फेंक में सिल्वर और माराकेच 2023 ग्रां प्री में ब्रॉन्ज। अमिषा रावत: 2023 डब्ल्यूपीए ग्रां प्री, नॉटविल में भाला फेंक में ब्रॉन्ज। भाग्यश्री माधवराव जाधव: 2022 हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में शॉट पुट में सिल्वर। इसके अलावा, एचसीएल फाउंडेशन की 'स्पोर्ट्स फॉर चेंज' पहल के तहत समर्थित छह उभरते पैरा-एथलीट्स को उनकी आवश्यकताओं के आधार पर 1 लाख रुपये से 5 लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति दी गई।

# एयर राइफल मिश्रित टीमों ने स्वर्ण और कांस्य पदक जीते



टोक्यो, वार्ता। भारतीय निशानेबाजों ने टोक्यो में आयोजित 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर एक और दोहरा पोडियम हासिल किया। धनुष श्रीकांत और माहित संधू की जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में दक्षिण कोरियाई जोड़ी जियोन डैन और किम वूरिम को हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मुर्तजा वानिया और कोमल मिलिंद वाघमारे ने यूक्रेन की वायलेटा लाइकोवा और ओलेक्सांद्र कोस्टिक की जोड़ी को हराकर अपने व्यक्तिगत पदकों में कांस्य पदक भी जोड़ा। स्वर्ण पदक के मुकाबले में, धनुष और माहित ने शुरुआत में 4-0 की बढ़त बना ली और कोरियाई जोड़ी से स्पष्ट अंतर बनाए रखते हुए अंततः 17-7 से मैच जीत लिया।

यह धनुष का डेफलम्पिक्स में दूसरा स्वर्ण पदक है, जबकि माहित ने व्यक्तिगत स्पर्धा में जीते रजत पदक के साथ एक स्वर्ण पदक भी जोड़ा। कांस्य पदक का मुकाबला यूक्रेनी जोड़ी के साथ कड़ा था, जिसमें महिला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता वायलेटा लाइकोवा भी शामिल थीं। चौथी सीरीज के अंत में दोनों जोड़ियां 4-4 से बराबर थीं और छठी सीरीज के अंत में यूक्रेन 7-5 से आगे था।

मुर्तजा वानिया और कोमल ने फिर चार और राउंड के बाद स्कोर 7-7, 8-8 और 10-10 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारतीयों ने अगले चार राउंड में से दो जीते, और बाकी दो राउंड में अंक बराबर रहे। अंततः उन्होंने 16-12 से कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजों ने तीन दिनों की प्रतियोगिता में कुल नौ पदक जीते हैं। एयर पिस्टल मिश्रित टीमें कल मैदान में उतरेंगी और भारतीय खिलाड़ी डेफलिम्पिक्स में निशानेबाजी में अपने पदकों की संख्या में और इजाफा करना चाहेंगे।

# बैडमिंटन लीजेंड्स साइना नेहवाल और पीटर गेड 'द लीजेंड्स' विजन लेगेसी टूर इंडिया का करेंगे नेतृत्व

नई दिल्ली, वार्ता। भारत की बैडमिंटन आइकन और पद्म भूषण से सम्मानित साइना नेहवाल तथा डेनमार्क के महान शटलर और कई बार के विश्व चैंपियन पीटर गेड इस बार 'द लीजेंड्स' विजन - लेगेसी टूर इंडिया की अगुवाई करेंगे। यह एक वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य समुदाय-आधारित कार्यक्रमों, जूनियर डेवलपमेंट और स्थानीय साझेदारियों के माध्यम से बैडमिंटन को और व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना है।

कैरोलिना मारिन के साथ, साइना इस पहल को आगे बढ़ाने वाली नई लीजेंड्स में शामिल हो गई हैं। आठ साल बाद भारत लौट रहा यह टूर 23-24 नवम्बर 2025 को नई दिल्ली के सीरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। दो दिनों का यह उत्सव सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां लीजेंड्स और समुदाय मिलकर बैडमिंटन के भविष्य को प्रेरित करेंगे-पहली रैलियों को जन्म देंगे, खेलने के अवसर बढ़ाएंगे और नई पीढ़ी में विश्वास जगाएंगे। इस टूर का प्रमुख आकर्षण है 'ए रैकेट्स सेकंड लाइफ' -द लीजेंड्स' विजन की एक वैश्विक पहल, जिसमें प्रशंसकों को अपना इस्तेमाल किया हुआ रैकेट दान करने के लिए आमंत्रित किया जाता है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को बैडमिंटन खेलने का मौका मिल सके। दान किए गए रैकेट उन समुदाय साझेदारों तक पहुंचाए जाते हैं, जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है, जिससे हर योगदान एक नई शुरुआत का अवसर देता है। पहला दिन (23 नवम्बर) जूनियर खिलाड़ियों के लिए विशेष ऑन-कोर्ट इंटरैक्टिव सत्रों से शुरू होगा।

# डेरिल मिशेल विंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

● पहले वनडे में जांघ में तकलीफ के कारण वह दूसरी पारी के लिए मैदान पर नहीं लौटे थे

नेपियर, वार्ता। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। हेनरी निकोल्स, जिन्हें पहले नेपियर में दूसरे वनडे के लिए उनकी जगह चुना गया था, टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

हेगले ओवल में पहले वनडे में न्यूजीलैंड की वेस्टइंडीज पर सात रन की जीत में अपना सातवां वनडे शतक लगाते समय मिशेल को जांघ में तकलीफ हुई और वह दूसरी पारी के लिए मैदान पर नहीं लौटे। ग्रोइन स्कैन में मामूली चोट का पता चला है जिसके लिए दो हफ्ते के रिहैबिलिटेशन की आवश्यकता होगी। मिशेल के वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 दिसम्बर से हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले ठीक होने की उम्मीद है। मिशेल की चोट पर बात करते हुए कि मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि चोट के कारण सीरीज से बीच में ही बाहर होना हमेशा मुश्किल होता है, खासकर जब आप डेरिल की तरह शानदार फॉर्म में हों। इस गर्मी में अब तक वनडे फॉर्मेट में उन्होंने हमारा बेहतरीन प्रदर्शन किया है, इसलिए दो अहम मैचों में उनकी कमी खलेगी।

अच्छी बात यह है कि चोट मामूली है, और हमें उम्मीद है कि डेरिल टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। वाल्टर ने कहा कि हेनरी फोर्ड ट्रॉफी में बेहतरीन फॉर्म में रहे हैं और एक अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हैं, इसलिए टीम में उनका स्वागत करना बहुत अच्छा है। अच्छी फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत करना हमेशा अच्छा लगता है।

# जर्मनी ने विश्व कप में जगह पक्की की

बर्लिन, वार्ता। जर्मनी ने सोमवार को ग्रुप ए में स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन पक्का कर लिया। इस तरह जर्मनी का क्वालीफाइंग में दबदबा कायम रहा।

पहले स्थान पर पहुंचने के लिए जर्मनी को सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, लेकिन जर्मनी ने शुरुआत से ही नियंत्रण बनाए रखा और मेहमान टीम को कभी भी संभलने नहीं दिया। कप्तान जोशुआ किमिच के बॉक्स में सटीक क्रॉस पर निक वोल्टेमाडे ने एक मजबूत हेडर से गोल किया। कुछ ही क्षणों बाद, सर्ज ग्नाब्री ने एलेक्जेंडर पावलोविच और लियोन गोरेट्जका के साथ मिलकर एक शानदार गोल किया, जिससे बढ़त दोगुनी हो गई और मेजबान टीम की शुरुआती बढ़त और भी मजबूत हो गई। फ्लोरियन विर्ट्ज ने जर्मनी की गति को नियंत्रित करते हुए मुख्य भूमिका निभाई। प्लेमेकर को धारदार पासिंग ने स्लोवाकिया को रक्षात्मक रखा को दो बार भेद दिया, पहले लेरॉय साने को तीसरे गोल के लिए भेजा और फिर बैक पोस्ट पर विगर को गोल में बदलकर जर्मनी के लिए चौथा गोल किया। स्लोवाकिया, जिसने पिछले मैच में जर्मनी को चौंका दिया था, गति बनाने के लिए संघर्ष करता रहा और छिटपुट जवाबी हमलों पर निर्भर रहा, जिनसे कोई खास खतरा पैदा नहीं हुआ।

ब्रेक के बाद, जर्मनी ने गेंद पर अपनी पकड़ बनाए रखी कि शांति से गेंद को इधर-उधर किया और स्लोवाक रक्षा पंक्ति को भेदा। स्थानापन्न रिडल बाकू ने मैच में प्रवेश करने के तुरंत बाद एक शानदार प्रयास से पांचवां गोल दागा, जिससे लीपजिग के दर्शकों में जोश भर गया। आखिरी चमक देर से आई जब 19 वर्षीय असन

● जर्मनी ने ग्रुप 'ए' में स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर 2026 के लिए क्वालीफिकेशन पक्का कर लिया

ओउएड्राओगो ने साने के एक और तेज पास पर डेफलेक्टेड फिनिश के साथ अपने सीनियर अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की। इस परिणाम ने जर्मनी को ग्रुप ए का विजेता घोषित कर दिया और दिसम्बर में होने वाले अंतिम टूर्नामेंट ड्रॉ के लिए वरीयता प्राप्त टीमों में उसकी जगह पक्की कर दी। स्लोवाकिया अब अपना ध्यान यूरोपीय प्ले-ऑफ पर केंद्रित कर रहा है क्योंकि वह पिछले दरवाजे से विश्व कप में पहुंचने की कोशिश कर रहा है। जोशुआ किमिच ने कहा कि हमारे कोच ने हमें बहुत अच्छी तरह से तैयार किया और हमने हर चीज को उसी तरह अंजाम दिया जैसा हमें चाहिए था। अंत में हमने दमदार प्रदर्शन किया।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 19 नवम्बर 2025

# एक और धमकी से दहशत

दिल्ली में मंगलवार को शहर की कई अदालतों और स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से सुरक्षा एजेंसियों के हाथ पांव फूल गए। ये धमकी एक मेल के जरिये मिली है, जिसे अनदेखा करना राष्ट्र और जनता के हित में नहीं है। साकेत कोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट और अन्य जिला अदालतों को ईमेल के जरिए बम की धमकियां मिलीं। यह धमकियां ऐसे समय पर आईं जब कुछ ही दिन पहले मध्य दिल्ली के एक मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोटकों से भरी कार में धमाका हुआ था। इस घटना के बाद राजधानी की सुरक्षा को लेकर चिंताएं और बढ़ गई थीं। मेल प्राप्त होने के तुरंत बाद अदालत परिसरों को खाली कराया गया, आसपास के इलाकों को सील किया गया और बम निरोधक दस्तों के साथ डॉग स्क्वायड ने पूरे क्षेत्र में गहन जांच की। हालांकि किसी भी जगह से विस्फोटक बरामद नहीं हुआ, लेकिन पुलिस ने साफ किया कि हालिया धमाके को देखते हुए सुरक्षा में कोई ढील नहीं दी जाएगी। पूरी दिल्ली में सतर्कता बढ़ाई गई है और हर संदिग्ध सूचना पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। देश की राजधानी में इस तरह के विस्फोट और उड़ाने की धमकी के पीछे क्या राज हैं और क्या इरादे हैं, ये तो सुरक्षा एजेंसियां ही जानती होंगी, लेकिन अब कदम-कदम फूंककर रखना होगा। क्योंकि इससे जनता में दहशत फैलना जरूरी है। इसलिए सुरक्षा एजेंजियों को बिना ढील दिए अपने कार्य को अंजाम देकर दहशतगर्दों के मनसूबों को विफल करना है। लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास पिछले दिनों हुए धमाके से ये साफ हो गया है कि एक दहशतगर्दों का लंबा-चौड़ा नेटवर्क काम कर रहा है, जिसकों ध्वस्त करना जरूरी है, ताकि देश में शांति बनी रहे और लोग आराम से एक जगह से दूसरी जगह घूम सकें। आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता। उनका लक्ष्य आम जनता को नुकसान पहुंचाना होता है, जिसे किसी भी प्रकार से सही नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवाद के विशिष्ट प्रकृति अपने जानबूझकर और विशिष्ट चयन का में निहित है। नागरिक सीधे लक्ष्य के रूप में, विशेष रूप से, आपराधिक इरादे जब शिशुओं, बच्चों, माताओं और बुजुर्गों, कत्ल कर रहे हैं या घायल हो गए और बुराई के रास्ते में डाल दिखाया गया है। आतंकवाद के शिकार लोगों को धमकियां मिल रही हैं। आतंकवादियों का लक्ष्य एक दर्शक या अन्यथा उनके अक्सर कट्टरपन्थी धार्मिक और राजनीतिक समाप्त होता है। वहीं दिल्ली कार ब्लास्ट के आरोपी उमर के करीबी जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद आज उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 10 दिन की रिमांड में भेज दिया है। दिल्ली धमाके के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन बुराइयों से निपटने के लिए की गई थी। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति जीरो सहिष्णुता दिखाए। आतंकवाद के खिलाफ बिना किसी समझौते के एकजुट कार्रवाई के लिए नई दिल्ली के लंबे समय से चले आ रहे आह्वान को दोहराना जरूरी है। इस खतरे के खिलाफ लड़ाई एक साझा प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। मॉस्को पहुंचते ही एस जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स, संयुक्त राष्ट्र और जी-20 से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा हुई। इसके बावजूद आतंकी देश के अमन चैन को खराब करना चाहते हैं, जिसे रोकना बहुत जरूरी है। इस काम में दुनियाभर के अमन पसंद नेताओं को एक साथ आना होगा और आतंकवाद के फन को कुचलना होगा।


## भूजल की भूमिका महत्वपूर्ण



जलवायु परिवर्तन से जल चक्र प्रभावित हो रहा है, जो पूरी मानवजाति के लिए घातक है, इसलिए सभी को मिलकर इसमें सुधार के लिए अपना योगदान देना होगा, हमारे यहां जल का 80 फीसदी इस्तेमाल कृषि क्षेत्र के लिए होता है, इसलिए जल के सक्षम उपयोग पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है, इसके लिए भूजल की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे ज्यादा भूजल संचयन के लिए सबकी भागीदारी और इस दिशा में नए कदम उठाने की जरूरत है, केंद्र और राज्य सरकार के साथ ही जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत तथा नगर निकाय के स्तर पर इस दिशा में प्राथमिकता के साथ काम करने की आवश्यकता है।

-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

# कठोर निर्णयों की प्रेरणा और भारत की लौह आवाज इंदिरा गांधी





योगेश कुमार गोयल

पंडित जवाहरलाल नेहरू के घर 19 नवम्बर 1917 को जब प्रियदर्शिनी नामक कन्या ने जन्म लिया था तो किसे पता था कि यही कन्या आगे चलकर न केवल इस देश की बागडोर संभालेगी बल्कि अपनी दबंगता से पूरी दुनिया में मिसाल बन जाएगी। ऑक्सफोर्ड और स्विट्जरलैंड में उच्च शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् इंदिरा गांधी ने उच्च पद पर नौकरी करने या कोई अन्य कार्य करने के बजाय अपना जीवन देशसेवा में समर्पित करने का निश्चय किया। देशभक्ति की भावना इंदिरा जी में बचपन से ही कूट-कूटकर भरी थी। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आव्हान से प्रेरित होकर बचपन में ही इन्होंने अपने घर के बाहर अपने कीमती कपड़ों की होली जलाकर न केवल अपनी इसी भावना का परिचय दिया था बल्कि उसके बाद इंदिरा जी से प्रेरणा लेकर इस आन्दोलन ने पूरे देश में जोर पकड़ा था।

इंदिरा जी के स्कूली दिनों में एक दिन स्कूल में गांधी जी के आमरण अनशन को लेकर एक सभा का आयोजन था, जिसमें बच्चों को भी बोलने का अवसर दिया गया था। जब इंदिरा जी ने बोलना शुरू किया तो सभागार में सन्नाटा छा गया और सभी एकटक इंदिरा को निहारने लगे कि इतनी छोटी बालिका इतनी गूढ़ बातें कैसे कर रही है। उन्होंने कहा, आखिर स्वर्ण अपने ही दलित भाईयों को गिरा हुआ, छूत और निकृष्ट क्यों समझते हैं तथा उनके साथ दुर्व्यवहार और अत्याचार क्यों करते हैं? अगर हमने अपनी ही सेवा करने वालों का इस तरह से निरन्तर तिरस्कार न किया होता तो आज अंग्रेजों को इस प्रकार लाभ उठाने का अवसर न मिल रहा होता और न ही बापू को इस तरह से आमरण अनशन कर अपने प्राण दांव पर लगाने पड़ते। इंदिरा जी की इन गूढ़ और तर्कसम्मत बातों के समक्ष सभी नतमस्तक थे और उनकी सराहना कर रहे थे। इंदिरा में बचपन से ही एक अच्छी राजनेता होने के तमाम गुण विद्यमान थे। 21 वर्ष की आयु में वह कांग्रेस में शामिल होकर सक्रिय राजनीति में कूद पड़ी। उसके बाद उन्होंने आजादी के आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

1942 में उन्होंने फिरोज गांधी से प्रेम विवाह किया किन्तु 1960 में फिरोज गांधी का अकस्मात निधन हो गया। पिता जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद देश की बागडोर संभालने की जिम्मेदारी इंदिरा के कंधों पर आई तो अपनी दृढ़ता, दबंगता, निडरता और वाकपटुता से उन्होंने दुनियाभर को अपना लोहा मानने को विवश कर दिया। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित एवं प्रभावशाली देशों में भी उनकी तूती बोलती थी। 1966 से 1977 तक उन्होंने देश पर एकछत्र शासन किया और उनकी कार्यशैली तथा देश के प्रति उनका समर्पण भाव देखकर विरोधी भी उनकी सराहना किए बिना नहीं रह पाते थे। हालांकि लालबहादुर शास्त्री के बाद प्रधानमंत्री बनी इंदिरा को शुरुआती दौर में गूंगी गुड़िया की उपाधि दी गई थी किन्तु बहुत ही कम समय में अपने साहसिक निर्णयों से इंदिरा ने साबित कर दिखाया था कि वो एक गूंगी गुड़िया नहीं बल्कि लौह महिला हैं। बैंकों के राष्ट्रीयकरण तथा 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की शानदार जीत के बाद इंदिरा जी जनमानस की आंखों का तारा बन गई थी किन्तु 1975-77 के आपातकाल ने उनकी छवि पर ग्रहण लगाने में प्रमुख भूमिका निभाई और उस दौर ने उनकी छवि एक तानाशाह के रूप में स्थापित कर दी। यही वजह रही कि 1977 में इंदिरा को पहली बार हार का सामना करना पड़ा और सत्ता उनके हाथ से छिन गई किन्तु निराश होना तो जैसे उन्होंने सीखा ही नहीं था, इसलिए 1980 में एक बार फिर विशाल बहुमत के साथ वह सत्ता में लौटी। अपने शासनकाल में उन्होंने कभी अलगाववादी व साम्प्रदायिक आग भड़काने वाले तत्वों को नहीं पनपने दिया। ऐसे तत्वों को उन्होंने बेदर्दी से कुचलने में जरा भी देर नहीं लगाई। 1980 में पुनः देश का शासन संभालने के बाद पंजाब में अलगाववादी ताकतों ने खालिस्तान की मांग शुरू की और दूसरे देशों की शह पर अपने नापाक इरादों को सफल बनाने के लिए सिख अलगाववादियों ने भयानक नरसंहार का दौर शुरू किया तथा पंजाब में अवैध रूप से हथियारों के जखीरे इकट्ठा करने शुरू कर दिए। देश की जांबाज, निडर एवं साहसी नेता इंदिरा को भला यह कैसे सहन होता, इसलिए जैसे ही उन्हें खबर मिली कि सिख अलगाववादियों ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर जैसी पाक जगह में भी हथियारों का विशाल जखीरा इकठा किया है तो उन्हें देश की एकता और अखंडता कायम रखने तथा अलगाववादियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए इस पवित्र धर्मस्थल के भीतर न चाहते हुए भी ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत पुलिस भेजने का सख्त निर्णय लेना पड़ा। हालांकि उस वक्त स्वर्ण मंदिर के भीतर पुलिस बल भेजने के उनके फैसले की बहुत आलोचना हुई किन्तु जब स्वर्ण मंदिर से हथियारों का बहुत बड़ा जखीरा बरामद हुआ और धार्मिक स्थल की आड़ में चल रही इस राष्ट्र विरोधी साजिश का भंडाफोड़ हुआ तो उन्हीं लोगों ने इंदिरा जी की सराहना भी की। उसके बाद इंदिरा ने जिस दिलेरी और दृढ़ता के साथ अलगाववादियों को रौंदा, वह एक मिसाल बन गया लेकिन अलगाववादियों के विरुद्ध चलाए गए उनके इसी ऑपरेशन की वजह से ही वह उनकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर आ गई, जिन्होंने हर हाल में उनकी हत्या कर उन्हें अपने मार्ग से हटाने की ठान ली। इंदिरा जी को स्वयं अपनी मौत का आभास पहले ही हो गया था लेकिन फिर भी वह अपने दृढ़ इरादों से टस से मस न हुई और अलगाववादियों के खिलाफ अपना अभियान पहले से भी तेज कर दिया। 30 अक्तूबर 1984 को भुवनेश्वर की एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए इंदिरा ने अपनी हत्या का पूर्वाभास होने का स्पष्ट संकेत देते हुए कहा था, देश की सेवा करते हुए यदि मेरी जान भी चली जाए तो मुझे गर्व होगा। मुझे भरोसा है कि मेरे खून की एक-एक बूंद देश के विकास में योगदान देगी और देश को मजबूत एवं गतिशील बनाएगी। इंदिरा जी के इस भाषण के चंद घंटों बाद ही 31 अक्तूबर 1984 की सुबह करीब सवा नौ बजे उनके दो निजी अंगरक्षकों ने ही उन्हें उस वक्त गोलियों से छलनी कर दिया, जब वह अपने आवास से निकलकर विदेशी मीडिया को इंटरव्यू देने जा रही थी। उस हत्याकांड से जहां पूरे देश में शोक की लहर छा गई, वहीं दूसरी ओर इंदिरा जी का शहीदी रक्त रंग लाया और इस नृशंस हत्याकांड के बाद सिख अलगाववादियों को मदद मिलनी बंद हो गई तथा इंदिरा जी की शहादत के साथ ही खालिस्तान की मांग भी गहरे दफन हो गई। इंदिरा जी अक्सर कहा करती थी कि उन कायरों और बुजदिलों पर मातम करो, जो दुनिया के जुल्मों से घबराकर इस तरह आंखें बंद कर लेते हैं, जैसे कि कुछ हुआ ही न हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारी-भरकम मशीनें मिट्टी को कर रहीं बर्बाद

विज्ञान समाचार



**यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के कृषि इंजीनियर थॉमस वे ने मृदा के संघनन को कम करने के कुछ सुझाव दिए हैं। एक तो यह कि जा मृदा गीली हो तब ड्राइव नहीं करना चाहिए। नम मृदा अधिक कमजोर होती है। इसके अलावा शुष्क मौसम के दौरान, जीपीएस के उपयोग से एक ही मार्ग पर वाहन चलाने में मदद मिल सकती है ताकि कुल क्षेत्रफल पर दबाव को कम किया जा सकता है। अलबत्ता, इस अध्ययन से इतना तो स्पष्ट है कि आधुनिक कृषि मशीनें डिजाइन करते समय मृदा पर पड़ने वाले असर का ध्यान रखा जाना चाहिए।**

आज के युग में हमारे दैनिक कार्यों में टेक्नोलॉजी का अत्यधिक उपयोग होने लगा है। उन्नत तकनीकों और उपकरणों से न केवल काम आसान हो जाता है, बल्कि समय की भी बचत होती है। खेती-बाड़ी में आधुनिक उपकरणों और विशालकाय मशीनों की मदद से कई घंटों का काम चुटकी बजाते पूरा हो जाता है, लेकिन इसके कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं। गौरतलब है कि 1960 के दशक के बाद से ट्रैक्टर का आकार निरंतर बढ़ता गया है। वर्तमान में सबसे भारी ट्रैक्टर का वजन सबसे पहले निर्मित ट्रैक्टर की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक है। हालांकि, ये आधुनिक मशीनें काफी कुशल हैं लेकिन इनका अत्यधिक वजन काफी नुकसानदायक होता है।

अनाज से भरे हार्वेस्टर का वजन लगभग 36 टन होता है। ये भारी भरकम वाहन खेत के जिस हिस्से से गुजरते हैं वहां की मृदा को धीरे-धीरे दबाते जाते हैं। नतीजतन पौधों की जड़ों का विकास बाधित होता है। एक नए अध्ययन के अनुसार यदि ऐसा चलता रहा तो आने वाले दशकों में विश्व स्तर पर कृषि उपज में 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इन कृषि वाहनों द्वारा मृदा पर पड़ने वाले प्रभावों को समझने के लिए स्वीडिश यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज के थॉमस केलर और डेजर्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट के डैनी ऑर ने 1958 से उद्योग द्वारा प्रकाशित डैटा एकत्रित किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न गहराइयों पर टायरों द्वारा मिट्टी पर पड़ने वाले बलों का मॉडल तैयार किया। उन्होंने पाया कि मशीनीकृत खेती में ऊपरी मिट्टी, 50 सेंटीमीटर तक की गहराई में पाई जाने वाली मिट्टी, घनीभूत हो जाती है। वैसे तो कई खेतों में बोवनी के लिए जमीन तैयार करने के लिए हर मौसम में इस ऊपरी मृदा की जुताई की जाती है। ऐसे में इस तरह के दबाव से काफी हद तक कोई समस्या नहीं होती है, लेकिन शोधकर्ताओं के मुताबिक अब संघनन 50 सेंटीमीटर से नीचे की परतों में होने लगा है और असुरक्षित हद तक हो रहा है। इस दबाव से मृदा के कणों के बीच के महीन अंतराल नष्ट हो जाते हैं जिससे नीचे की मृदा तक पानी और हवा की पहुंच कम हो जाती है। मृदा में इस तरह के बदलाव से फसल की पैदावार में 10 से 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है और तो और, ये प्रभाव दीर्घकालिक होंगे। केंचुओं और अन्य जीवों के लिए नीचे की मृदा को ढीला करने में कई दशकों का समय लग सकता है। समस्या सिर्फ कम्बाइन हार्वेस्टर के उपयोग तक सीमित नहीं है। जुताई और उर्वरक छिड़कने के अन्य कृषि उपकरण भी भारी होते जा रहे हैं। प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इस समय पूरे विश्व में 20 प्रतिशत कृषि भूमि गहरी मृदा के संघनन के कारण कम पैदावार के जोखिम में है। खासतौर से ब्राजील के सवाना और दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया दो ऐसे क्षेत्र हैं जहां की भूमि कमजोर है और कृषि के लिए भारी उपकरण उपयोग किए जाते हैं। ये क्षेत्र विश्व के बड़े अनाज उत्पादकों में से हैं।

**( स्रोत फीचर्स )**

# एक ही शब्द के अलग-अलग मायने बदल रहे हैं बात करने का तरीका

भाषा एक जीवित चीज है, जो समय के साथ बदलती रहती है। समाज में बदलाव, नई तकनीकें और सांस्कृतिक परिवर्तन इसे प्रभावित करते हैं। नए शब्द बनते हैं, पुराने शब्द गायब हो जाते हैं और शब्दों के अर्थ बदलते हैं। डिजिटल युग में, स्लैंग, छोटे रूप और इमोजी हमारी भाषा का हिस्सा बन गए हैं। ऐसे में शब्दों के मायने बदलना कोई बड़ी बात नहीं है। शब्दों के बदलते मायने एक तरफ ए अच्छे हैं तो दूसरी तरफ ए लोगों की समझने और बात करने की क्षमता के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। पहले बिम्बो शब्द का इस्तेमाल लापरवाह आदमी के लिए किया जाता था, लेकिन आज के समय में यह लड़कियों की कामुकता के लिए तारीफ बन गया है। यह अकेला शब्द नहीं है, ऐसे और भी कई शब्द हैं, जिनके मायने समय के साथ बदल गए हैं। चलिए इनके बारे में जानते हैं-

**वोक (जागृत) का क्या मतलब है?**

वोक (जागृत) का इस्तेमाल सकारात्मक और नकारात्मक रूप से किया जाता है। पहले यह शब्द ऐसे व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जाता था, जो सामाजिक रूप से अच्छा होता था। इसके अलावा इस शब्द का मतलब कुछ ज्यादा सटीक हुआ करता था। 1931 में, स्कॉट्सबोरो नाइन की गिरफ्तारी के बाद अमेरिका नस्लीय रूप से अलग-थलग पड़ गया था। ब्लूज गायक लीड बेली ने हिंसक नस्लवाद के व्यापक खतरे से सावधान रहने की चेतावनी देते हुए क्षेत्र से गुजर रहे साथी अफ्रीकी-अमेरिकियों से जागते रहने के लिए कहा था। वहां से, इस शब्द का मतलब नस्लवादी अन्याय के प्रति सतर्कता निकला था।

**इमोशनल लेबर (भावनात्मक श्रम) क्या है?**

समाजशास्त्री अर्ली होच्सचाइल्ड ने इमोशनल लेबर (भावनात्मक श्रम) शब्द गढ़ा था, जिसका अर्थ है वह कार्य जो एक व्यक्ति दूसरों को एक विशेष अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी भावनात्मक स्थिति को प्रबंधित करने में करता है। आसान भाषा में समझाया जाए तो बुरे कस्टमर के साथ अच्छे से बर्ताव करने वाला वेटर इमा. ेशनल लेबर (भावनात्मक श्रम) करता है। पाज्वा पर आजकल इस शब्द का इस्तेमाल हो रहा है। लोग घर का काम, दोस्तों का समर्थन करना और सामाजिक अवसरों का आयोजन करने जैसी चीजों को इमोशनल लेबर भावनात्मक श्रम की केटेगरी में रख रहे हैं।

इन दोनों शब्दों के अलावा गैसलाइटिंग शब्द भी आजकल आमतौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। पैट्रिक हैमिल्टन के नाटक गैस लाइट की घटनाओं के आधार पर गैसलाइटिंग शब्द गढ़ा गया है। इसका मतलब है एक व्यक्ति को दुनिया के बारे में जानने की अपनी क्षमता पर संदेह करने के लिए मजबूर कर देना। एक व्यक्ति दूसरे को संदेह में डालता है कि जो वे समझते हैं या याद करते हैं वह वास्तविक नहीं है।

**समझने और बात करने की क्षमता प्रभावित होना**

भाषा हमारे अनुभवों को समझने और व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। सही शब्दों के बिना, हम अपनी भावनाओं और परिस्थितियों को समझने या व्यक्त करने में कठिनाई महसूस करते हैं। जब वोक (जागृत) का अर्थ सामाजिक रूप से उदार कर दिया जाता है, तो यह अश्वेत लोगों को नस्लीय अन्याय के बारे में बढ़ती जागरूकता और दृष्टिकोण में बदलाव का वर्णन करने के लिए एक शक्तिशाली शब्द से वंचित कर देता है। केवल ष्अन्याय के प्रति सतर्कताष का उल्लेख करना इस जागरूकता की गहराई को समझाने में असफल रहता है।

होशचाइल्ड ने बताया कि पहले अदृश्य अनुभवों का नामकरण करने से व्यक्ति को समझा हुआ महसूस होता है। लेकिन जब इमोशनल लेबर (भावनात्मक श्रम) का अर्थ बदल जाता है, तो यह इस समझ को कमजोर कर देता है। एक वेटर जो भावनात्मक श्रम को केवल किसी भी भावनात्मक रूप से थका देने वाले काम के रूप में समझता है, वह नौकरी के लिए अपनी भावनाओं को प्रबंधित करने में शामिल विशिष्ट प्रयास को भूल जाता है, जिससे आत्म-समझ के लिए एक मूल्यवान उपकरण खो जाता है। जब गैसलाइटिंग का अर्थ केवल झूठ बोलना रह जाता है, तो हम दुर्व्यवहार के एक विशिष्ट रूप का वर्णन करने के लिए एक महत्वपूर्ण शब्द खो देते हैं, जिससे पीड़ितों और उनका समर्थन करने वालों के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

**हम क्या कर सकते हैं?**

भाषा में होने वाले बदलावों का पूर्वानुमान लगाना कठिन है और उन्हें नियंत्रित करना और भी कठिन है, जिससे हानिकारक बदलावों से बचना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, कुछ व्यक्ति, जैसे पत्रकार और सोशल मीडिया प्रभावित करने वाले, भाषा के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। वे अपने दर्शकों के लिए विशेष शब्दों का परिचय दे सकते हैं, या तो उनके मूल अर्थों को संरक्षित कर सकते हैं या नई परिभाषाएं प्रस्तावित कर सकते हैं।





श्रीनगर। जिले के नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए आकस्मिक विस्फोट के बाद घायलों से मुलाकात करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## सीरिया-रूस के सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने मिलिट्री पॉइंट्स का किया दौरा

**दमिश्क।** सीरिया और रूस के सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को दक्षिणी सीरिया में मिलिट्री पॉइंट्स और साइट्स का दौरा किया। सीरियाई डिफेंस अथॉरिटीज़ के मीडिया और कम्युनिकेशंस डायरेक्टरेट की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस दौरे का मकसद दक्षिणी इलाके में ज़मीनी हालात का आकलन करना था, हालांकि वे किन खास जगहों पर गए, इस बारे में और कोई जानकारी नहीं दी गई। यह दौरा सीरियाई डिफेंस अथॉरिटीज़ के चीफ, मुरहाफ अबू कसरा की दमिश्क में रूस के फर्स्ट डिप्टी डिफेंस मिनिस्टर यूनुस-बेक एवकुरोव की लीडरशिप में एक बड़े रूसी मिलिट्री डेलीगेशन से मुलाकात के एक दिन बाद हुआ।

# सऊदी में ही दफनाए जाएंगे 45 भारतीयों के शव

## परिजनों को मुआवजा भी मुश्किल, बस टैंकर भिड़ंत में हुई थी मौत, उमरा के लिए जा रहे थे

**रियाद।** सऊदी अरब के मक्का-मदीना हाईवे पर रविवार देर रात हुए बस हादसे में जान गंवाने वाले 45 भारतीय नागरिकों के शव वापस नहीं लाए जाएंगे। ये सभी उमरा (इस्लामी तीर्थयात्रा) के लिए सऊदी गए थे।

तेलंगाना मंत्रिमंडल ने कल फैसला लिया है कि मारे गए लोगों को उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के मुताबिक सऊदी अरब में ही दफनाया जाएगा। हर पीड़ित परिवार से दो लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने सऊदी अरब भेजे जाएंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, परिजन को शव भारत वापस लाने या मदीना के जन्नतुल बकी में दफनाने का ऑप्शन दिया जाएगा। हालांकि सऊदी कानून के मुताबिक शवों की वापसी काफी मुश्किल है। वहीं, पीड़ित परिवारों को तुरंत मुआवजा मिलाना भी काफी मुश्किल है, क्योंकि सऊदी अरब में सड़क दुर्घटनाओं में सरकार की ओर से



■ हर पीड़ित परिवार से दो लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने सऊदी अरब भेजे जाएंगे

■ सऊदी कानून के मुताबिक शवों की वापसी काफी मुश्किल है

कोई सीधा मुआवजा नहीं दिया जाता। मुआवजा तभी मिल सकता है जब पुलिस जांच में टैंकर ड्राइवर या कंपनी की गलती साबित हो और परिवार कानूनी दावा दायर करे। यह प्रक्रिया कई महीनों तक चल सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हज या उमरा यात्रा शुरू करने से पहले तीर्थयात्रियों को एक डिक्लेरेशन फॉर्म पर साइन कराने पड़ते हैं। इसमें क्लियर लिखा होता है कि अगर सऊदी अरब की जमीन पर (मक्का, मदीना या कहीं भी) तीर्थ यात्री की मौत होती है, तो शव को वहीं दफनाया जाएगा। वहीं, भारत सरकार के मुताबिक अगर किसी गैर-तीर्थयात्री भारतीय की सऊदी में मौत होती है, तब मृतक के कानूनी उत्तराधिका. रियों की इच्छानुसार शव को भारत लाया जा सकता है या सऊदी अरब में दफनाया जा सकता है। मक्का से मदीना जा रही उमरा यात्रियों की बस रास्ते में किनारे खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार फ्यूल टैंकर ने बस को टक्कर मार दी थी।

मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रविवार देर रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। हादसे में सिर्फ 1 शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब (24) ड्राइवर के पास बैठा था। शोएब भी भारतीय हैं। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और 22 नवम्बर को भारत लौटने वाला था।

## संक्षिप्त समाचार

### संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ सहयोग को अस्थायी तौर पर रोका

**त्रिपोली।** लीबिया के पूर्वी क्षेत्र की सरकार ने सोमवार को लीबिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन के साथ सभी प्रकार के सहयोग को अस्थाई तौर पर रोक दिया। जिसका उद्देश्य देश में राजनीतिक वार्ता का समर्थन करना एवं नागरिक भागीदारी को मजबूत करना था। इससे पहले दिन में कतर और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए जो लीबियाई राजनीतिक वार्ता परियोजना का एक हिस्सा है

### इराक में शिआ अल-सुदानी के गठबंधन ने किया अच्छा प्रदर्शन

**बगदाद।** इराक के चुनाव आयोग ने सोमवार को 11 नवम्बर के संसदीय चुनावों के आखिरी नतीजे घोषित किए, जिससे प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के राजनी. तिक गठबंधन के अच्छे प्रदर्शन की पुष्टि हुई। इंडिपेंडेंट हाई इलेक्टोरल कमीशन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विस्तृत नतीजे जारी किए, जिसमें पहले घोषित शुरुआती गिनती में केवल मामूली बदलाव किए गए।

### जापान ने शीर्ष विदेशी अधिकारी को चीन भेजा

**टोक्यो/बीजिंग।** जापान ने चीन से बढ़ते द्विपक्षीय तनाव के बीच अपने विदेश मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी को चीन भेजा है जिससे तनाव को कम किया जा सके। यह कदम टोक्यो और बीजिंग के बीच राजनीतिक मतभेद के बाद उठाया गया है जिसके बाद दोनों एशियाई शक्तियों के बीच संक्षिप्त सैन्य एवं कूटनीतिक टकराव शुरू हो गई थी। जापानी मीडिया ने सोमवार को कहा कि जापानी विदेश मंत्रालय के एशियाई एवं महासागरीय मामलों के ब्यूरो के महानिदेशक मासाकी कनाई के चीनी विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के विभाग के प्रमुख लियू जिनसोंग से मिलने की उम्मीद है।

### सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष मरते हैं 11 लाख 90 हजार लोग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय ने प्रत्येक वर्ष लाखों लोगों के सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाने पर चिता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस वैश्विक समस्या से निपटने के लिए दुनिया को एकजुट होने की आवश्यकता है।

विश्वविद्यालय के यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा केंद्र में हर वर्ष नवम्बर के तीसरे रविवार को सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए विश्व सड़क यातायात पीड़ित स्मृति दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी स्कूल ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एंड स्मार्ट पुलिसिंग के अंतर्गत यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा केंद्र ने गुजरात परिसर में एक कैंडल मार्च का आयोजन किया।

# बांग्लादेश में सेंसरशिप की तैयारी

## यूनुस की अंतरिम सरकार का मीडिया को निर्देश, शेख हसीना के बयानों को न प्रकाशित करें

**ऐसे बयानों से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पैदा हो सकता है**

**हम मीडिया से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में जिम्मेदारी से कार्य करने का आग्रह करते हैं**

**कुछ मीडिया संस्थान दोषी करार दी जा चुकीं हसीना के कथित बयान प्रसारित या प्रकाशित कर रहे हैं**

**ढाका।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने प्रेस सेंसरशिप लागू करने की दिशा में कदम उठा लिया है। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को विशेष ट्रिब्यूनल की ओर से मौत की सजा सुनाए जाने के बाद यूनुस सरकार ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया संस्थानों को चेतावनी दी है कि वे अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रकाशन या प्रसारण न करें। इसके पीछे तर्क देते हुए अंतरिम सरकार ने कहा है कि ऐसे बयानों से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पैदा हो सकता है।

बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार के मुताबिक, नेशनल साइबर सिक्योरिटी एजेंसी (एनसीएसए) ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हसीना के कथित बयानों में ऐसे निर्देश या अपील हो सकती हैं, जो हिंसा, अव्यवस्था और आपराधिक गतिविधियों को भड़का सकती हैं और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती हैं। इस निर्देश में कहा गया कि हम मीडिया से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में जिम्मेदारी से कार्य करने का आग्रह करते हैं। एजेंसी ने चिंता जताते हुए कहा कि कुछ मीडिया संस्थान दोषी और भगोड़ी करार दी जा चुकीं शेख हसीना के कथित बयान प्रसारित या प्रकाशित कर रहे हैं।



एनसीएसए ने कहा कि ऐसे व्यक्तियों के बयान प्रकाशित करना साइबर सिक्योरिटी ऑर्डिनेंस का उल्लंघन है।

एजेंसी ने चेतावनी दी कि अधिकारी राष्ट्रीय अखंडता, सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करने वाली, जातीय या धार्मिक नफरत फैलाने वाली, या सीधे हिंसा को उकसाने वाली सामग्री को हटाने या प्रतिबंधित करने के लिए अधिकृत हैं। एजेंसी के मुताबिक, फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर या अवैध रूप से किसी सिस्टम तक पहुंचकर नफरत फैलाने वाले भाषण, जातीय उकसावे या हिंसा के लिए नफरत फैलाना दंडनीय अपराध है, जिसकी सजा दो साल तक की जेल और अधिकतम 10 लाख टका जुर्माने (या इनमें से कोई एक) तक हो सकती है। विज्ञप्ति में कहा गया कि एजेंसी प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करती है, लेकिन मीडिया संस्थानों से अपील है कि वे किसी भी हिंसक, भड़काऊ या आपराधिक रूप से उकसाने वाले बयान को प्रकाशित करने से बचें और अपनी कानूनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहें। अपदस्थ पीएम हसीना को एक दिन पहले ही सुनाई गई मौत की सजा गौरतलब है कि बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने 78 वर्षीय अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई। उनकी सरकार पर पिछले वर्ष छात्र-नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों पर क्रूर दमन के मामले दर्ज हुए थे। इसके बाद आईसीटी ने उन्हें मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराते हुए अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई। पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी इसी मामले में मृत्युदंड दिया गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह सिद्धांत स्थापित करता है कि कानून के सामने कोई भी शक्ति से ऊपर नहीं है। हसीना बीते वर्ष पांच अगस्त को विरोध प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद बांग्लादेश की अदालत उन्हें भगोड़ा घोषित कर चुकी है। अपने खिलाफ ट्रिब्यूनल के फैसले पर हसीना ने बयान जारी कर आरोपों को पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया और कहा कि यह फैसला एक धांधलीपूर्ण न्यायाधिकरण की ओर से दिया गया है, जिसे एक गैर-निर्वाचित सरकार ने स्थापित किया है इस सरकार के पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है।

# अमेरिका-भारत साझेदारी पर द्विदलीय प्रस्ताव पेश

**रणनीतिक महत्व, स्थिरता और साझा लोकतांत्रिक प्राथमिकताओं को बढ़ाना देने में भूमिका की पुष्टि की**

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी संसद में सबसे लंबे समय तक सदस्य एमी बेरा और जो विल्सन ने एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें अमेरिका और भारत के बीच दीर्घकालिक साझेदारी के रणनीतिक महत्व, स्थिरता और साझा लोकतांत्रिक प्राथमिकताओं को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका की पुष्टि की गई है। इस प्रस्ताव को मजबूत द्विदलीय समर्थन प्राप्त हुआ है जिसमें सिडनी कामलागर-डोव, रिच मैककॉर्मिक, डेबोरा रॉस, रॉब विटमैन, सुहास सुब्रमण्यम और जे ओबरनोल्टे सहित 24 मूल सह-प्रायोजक शामिल हैं।

यह प्रस्ताव विश्व के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, आतंकवाद-रोधी, शिक्षा एवं ऊर्जा सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दशकों से बढ़ते सहयोग पर बल देता है। यह क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक विकास और एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका का भी उल्लेख करता है इसमें अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इसमें कहा गया है कि इस हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (लश्कर-ए-तैयबा का एक छद्म संगठन) ने ली थी जो दक्षिण एशिया में सीमा पार और छद्म आतंकवाद के लगातार खतरे को उजागर करता है। यह आतंकवाद से लड़ने में सहयोगात्मक प्रयासों को भी रेखांकित करता है, जैसे कि खुफिया जानकारी साझा करना, प्रत्यर्पण तथा आतंकवादी घोषित करना, जिसमें पहलगाम हमले के बाद अमेरिका द्वारा द रेजिस्टेंस फ्रंट को आतंकवादी घोषित करना भी शामिल है। अमेरिकी सांसदों ने इस बात पर बल दिया कि भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए समर्थन पार्टी लाइन एवं राष्ट्रपति बदलने के बावजूद निरंतर रहा है। प्रस्ताव में कहा गया है, तीन दशकों से अधिक समय से, अमे. रिकी राष्ट्रपति क्लिंटन, बुश, ओबा. मा, ट्रम्प और बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका ने भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया है तथा क्षेत्रीय स्थिरता, लो. कतांत्रिक शासन एवं साझा वैश्विक प्राथमिकताओं के लिए इसके महत्व की पहचान की है।

# सऊदी अरब को एफ-35 की बिक्री को मंजूरी देंगे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि जब क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान मंगलवार को व्हाइट हाउस आएंगे तो वह सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को मंजूरी देंगे। यह सात वर्षों में क्राउन प्रिंस की पहली अमेरिका यात्रा है।

सीएनएन ने बताया कि ट्रम्प अमेरिका-सऊदी संबंधों को मज़बूत करने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही वे क्राउन प्रिंस से अब्राहम समझौते में शामिल होने का भी आग्रह कर रहे हैं। उन्नत युद्धक विमानों की बिक्री की दिशा में आगे बढ़ने संबंधी सवाल पर पत्रकारों के सवाल पर अमे. रिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसा करेंगे। ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि हम एफ-35 बेचेंगे और सऊदी अरब हमारा बहुत अच्छा सहयोगी हैं। क्राउन प्रिंस के स्वागत के लिए सैन्य बैंड, तोपों की सलामी और घोड़ों के साथ स्वागत समारोह तथा ब्लैक-टाई डिनर का आयोजन भी सूची में शामिल है। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता ओवल ऑफिस में होगी। इसे हालांकि औपचारिक राजकीय यात्रा नहीं कहा जा रहा है लेकिन इस कार्यक्रम में हरित प्रौद्योगिकी, डिजिटल अवसं. रचना, जैव प्रौद्योगिकी और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा के लिए एक प्रमुख निवेश मंच शामिल है।

### सऊदी को एफ-35 देने पर अमेरिकी एजेंसियां चिंतित

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने की तैयारी कर ली है, लेकिन अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां इस फैसले से चिंतित हैं। उनका कहना है कि अगर यह सौदा हुआ तो चीन को इन विमानों की एडवांस तकनीक तक पहुंच मिल सकती है। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अमेरिका दौरे के पर 48 एफ-35 विमानों की डील हो सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे सऊदी को यह विमान बेचेंगे, क्योंकि वह अमेरिका का मजबूत सहयोगी है।

# फलस्तीनी नेताओं को चुन-चुनकर मारना चाहिए

## इजरायली मंत्री इतामार बेन-ग्विर बोले: यूएन ने फलस्तीन को मान्यता दी, तो पीए अध्यक्ष को काल-कोठरी में डाल दिया जाए

**तेल अवीव।** इजरायल के सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने कहा कि फलस्तीन को मान्यता मिलने पर वहां के बड़े अधिकारियों को चुन-चुन कर मारा (टारगेट किलिंग) जाना चाहिए। संसद में बोलते हुए ग्विर ने कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने की हिम्मत करता है, तो नेतन्याहू फलस्तीनी अथॉरिटी (पीए) के अध्यक्ष महमूद अब्बास को गिरफ्तार करें और काल कोठरी (सॉलिटरी कन्फाइनमेंट) में डाल दिया जाए। उन्होंने नेतन्याहू से मांग की कि आपको यह घोषणा करनी होगी कि महमूद अब्बास को कोई छूट नहीं मिलेगी।

अगर संयुक्त राष्ट्र इसे मान्यता देता है, तो आपको दिखाना होगा कि आप महमूद अब्बास की गिरफ्तारी के लिए तैयार हैं। वहीं, आज ही यूएन सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा पीस प्लान प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव का मकसद गाजा में शांति बहाल करना है। फलस्तीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति कार्यालय ने अलग-अलग बयानों में इस टिप्पणी की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने टिप्पणियों को उकसाने वाला बताया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से बेन-ग्विर को जवाबदेह ठहराने के लिए ठोस उपाय करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह बेन-ग्विर के बयानों के लिए इजरायल सरकार को जिम्मेदार मानता है। इजरायली मंत्री बेन ग्विर पर अब तक 7 देश बैन लगा चुके हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ब्रिटेन, नीदरलैंड और स्लोवेनिया शामिल है। हालांकि अमेरिका ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी और इसे गैरजरूरी बताया था। इन देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा था कि मंत्री ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काई है। इसलिए उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी और उन पर इन देशों में यात्रा करने पर रोक लगाई जाएगी यह बयान ऐसे समय में आया है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 'गाजा शांति योजना' पर वोटिंग हुई। सुरक्षा परिषद ने अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा पीस प्लान प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव का मकसद गाजा में शांति बहाल करना, अंतर्राष्ट्रीय फोर्स की तैनाती करना और भविष्य में फलस्तीन देश की संभावना को आगे बढ़ाना है।



■ फलस्तीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति कार्यालय ने अलग-अलग बयानों में इस टिप्पणी की निंदा की

# ताइवान को लेकर चीन-जापान के बीच भारी तनाव

## जापानी पीएम बोलीं: हमला हुआ, तो सेना भेजेंगे, चीनी राजदूत बोले: दखल देने वालों की गर्दन काट देंगे

**बीजिंग/टोक्यो।** जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के ताइवान पर दिए बयान से चीन और जापान के बीच तनाव बढ़ गया है। दरअसल साने ताकाइची ने 7 नवम्बर को कहा था कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला करार दिया।

इसके अगले ही दिन विवाद और बढ़ गया जब ओसाका में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे। इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों को जापान न जाने के लिए आगाह किया है और चेतावनी दी है कि वहां जाने पर उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। पीएम साने ताक. इची ने जापानी संसद में 7 नवम्बर को दिए अपने पहले ही संबोधन में ताइवान का समर्थन किया था। बिगड़ते माहौल के बीच चीनी कोस्ट गार्ड के जहाज जापान के कंट्रोल वाले सेनकाकू आइलैंड के पास दिखाई दिए थे। इसके बाद जापान के कोस्ट गार्ड ने उन्हें इलाके से बाहर किया था। अमेरिका ने क्लियर किया कि जापान-अमेरिका सुरक्षा समझौते के तहत अगर इन द्वीपों पर हमला होता है, तो अमेरिका जापान की रक्षा करेगा। वहीं, चीन के फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स ने कुछ जापानी फिल्मों की रिलीज रोक दी है।

चीनी सरकारी टीवी सीसीटीवी ने कहा कि यह घरेलू माहौल को देखते हुए यह फैसला सावधानी से लिया गया है। चीन और जापान के बीच बढ़ते तनाव का सबसे बड़ा असर अब हवाई यात्राओं पर दिख रहा है। बीजिंग की ओर से नागरिकों को जापान न जाने की सलाह देने के बाद चीन से जापान की करीब 5 लाख फ्लाइट टिकटें रद्द हो गई हैं। यह संख्या कुल बुकिंग्स का लगभग 32 प्रतिशत है। एविएशन एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रविवार को टिकट कैंसिलेशन की संख्या नई बुकिंग्स से 27 गुना ज्यादा थी। 2020 में कोविड की शुरुआत के बाद पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में टिकटें रद्द हुई हैं।



■ बिगड़ते माहौल के बीच चीनी कोस्ट गार्ड के जहाज जापान के कंट्रोल वाले सेनकाकू आइलैंड के पास दिखाई दिए थे

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अमेरिका समर्थित गाजा योजना को दी मंजूरी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को अमेरिका द्वारा तैयार उस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है जो डोनाल्ड ट्रम्प के गाजा शांति योजना पर आधारित है। अब फलस्तीन में एक अंतर्राष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (आईएसएफ) जाएगा जो गाजा में शांति स्थापित करने के लिए उत्तरदाई होगा। हमास ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। इस प्रस्ताव का ब्रिटेन, फ्रांस और सोमालिया सहित 13 देशों ने समर्थन किया और विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा जबकि सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने इसे 'युद्धविराम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम' बताया हालांकि हमास ने इस प्रस्ताव को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि यह फलस्तीनी अधिकारों और मांगों को पूरा नहीं करता है। उल्लेखनीय है कि यह प्रस्ताव राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा 29 सितम्बर को घोषित व्यापक योजना का स्वागत करता है।

